डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

सेंसेक्स 81,183.93 −1,017.23

डॉलर 83.985 -0.009

रांची सर्राफा

10 ग्राम 71,820

01 किलो 89,500

भाद्रपद शुक्ल पक्ष 05, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 08 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक- 325, पृष्ठ-12 ₹3.00 रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई.61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 इसने मुझे मौन की खूबसूरती के...














अबुआ आभार हेमन्त सरकार

अधिवक्तागण के समृद्ध भविष्य के लिए सरकार का प्रयास

देश में पहली बार हेमन्त सरकार द्वारा अधिवक्ता कल्याण हेतु लिए गए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय

**₹5 लाख**
**तक का स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा**
झारखण्ड राज्यकृत एडवोकेट वेलफेयर फंड के सभी सदस्यों को राज्य सरकार एडवोकेट वेलफेयर फंड के माध्यम से ₹5 लाख तक का स्वास्थ्य एवं दुर्घटना बीमा प्रदान करेगी

**₹14,000**
**हुई पेंशन की राशि**
झारखण्ड राज्यकृत एडवोकेट वेलफेयर फंड के माध्यम से सदस्यों को ₹7,000 पेंशन दी जा रही थी। अब राज्य सरकार इस फंड में राज्यांश से अतिरिक्त ₹7,000 देगी, इस तरह अधिवक्ताओं के कल्याण हेतु पेंशन की राशि ₹7,000 से बढ़ कर ₹14,000 हुई

**₹5,000**
**हुई स्टाइपेंड राशि**
नए निबंधित अधिवक्ताओं के स्टाइपेंड राशि प्रतिमाह (पहले तीन वर्ष तक) मिलने वाली राशि ₹1,000 को बढ़ाकर ₹5,000 किया गया, इसमें 50% राशि राज्य सरकार वहन करेगी

अधिवक्ता हित को ध्यान में रखकर सभी अधिवक्ताओं से आग्रह है कि वे एडवोकेट वेलफेयर फंड के सदस्य बनें और लाभ उठाएं

PR No. 335102 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# बाबा गणिनाथ का जीवन सत्य व धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता हैं : डॉ. शशिभूषण

नवीन मेल संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर।** मध्यदेशीय वैश्य महासभा लेस्लीगंज के तत्वावधान में शनिवार को कुलगुरु श्रीश्री 108 बाबा गणिनाथ का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। लेस्लीगंज स्थित अटल स्मृति हाल में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे बतौर मुख्य अतिथि पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता को समाज के पदाधिकारियों द्वारा अंग वस्त्र एवं फूल माला देकर स्वागत किया गया। विधायक मेहता ने कहा कि बाबा गणिनाथ का जीवन हमें सत्य, तपस्या और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। उनका जीवन और उनकी शिक्षा हमें बताती है कि कैसे हम अपने समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते है। उन्होंने कहा कि लोगों ने कार्यक्रम द्वारा एकजुटता दिखाने और यहां भव्य उपस्थिति दर्ज करने का काम किया है। यह पूरे प्रमंडल के लिए गौरव व प्रेरणा की बात साबित होगी। यह उपस्थित बताता है कि समाज किसी मामले में किसी से कम नहीं है। वह राजनीतिक क्षेत्र हो या सामाजिक कार्यक्रम में हो सभी कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेता है। आज के समय में वही समाज आगे बढ़ेगा जो समाज के कार्यक्रम में आगे आएगा। साथ ही आप लोग अपने बच्चों को उच्च शिक्षा देने के लिए प्रेरित करें ताकि आपके बच्चे उच्च पद पर आसीन हो तथा शासन प्रशासन में जा सके। क्योंकि विकास की कुंजी खोलने के लिए शिक्षा बहुत ही जरूरी है एवं राजनीतिक रूप से भी आगे आने की जरूरत है ताकि सभी का समग्र विकास हो । वहीं उन्होंने कहा कि हम सभी लोगों को बाबा गणिनाथ के दिखाए मार्ग पर चलने की जरूरत है। वहीं अपने संबोधन में राष्ट्रीय सलाहकार एवं केंद्रीय कमेटी सदस्य प्रवीण शरण ने कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने एवं समाज को शिक्षित करने पर बल दिया। समाज की महिलाओं को आगे आने की बात कही। मौके पर बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया व जादूगर बीडी पासा द्वारा जादू का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। शशि म्यूजिकल ग्रुप द्वारा बाबा गणिनाथ का भजन प्रस्तुत किया गया। समारोह स्थल पर बाबा का पूजन व प्रसाद वितरण किया गया। समारोह को सफल बनाने में महासभा के विजय कुमार गुप्ता राजेश प्रसाद अनुज कुमार गुप्ता पप्पू कुमार गुप्ता संतोष कुमार गुप्ता सुनील प्रसाद अनिल गुप्ता सतीश गुप्ता नवीन गुप्ता आदि सैकड़ो लोग समारोह स्थल पर उपस्थित थे ।वही कार्यक्रम का संचालन सुमित कुमार गुप्ता ने किया।

## संविदा कर्मियों अनिश्चितकालीन धरना जारी, एक जुट रहने पर जोर

### हुसैनाबाद के सभी सड़कों पर लगा गंदगी का अंबार, रहना हुआ मुश्किल

**हुसैनाबाद।** शनिवार को भी झारखण्ड लोकल बॉडी इम्प्लाईज फेडरेशन की हुसैनाबाद इकाई ने राज्य महासंघ के आह्वान पर 15 वें दिन नगर पंचायत कर्मी व संविदा कर्मियों ने हुसैनाबाद नगर पंचायत कार्यालय के सामने छह सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चित कालीन धरना पर बैठे हैं। उक्त कर्मी विगत 23 अगस्त से अपनी छह सूत्री समस्याओं के निराकरण की मांग को लेकर अडिग हैं। उनकी मांगों में निकाय में कार्यरत दैनिक मानदेय कर्मी का सेवा नियमित करने,वेतन के लिए सरकार द्वारा शतप्रतिशत आवंटन निर्गत करने,सेवानिवृत्त होने पर अन्य सेवानिवृत्त कर्मियों की तरह लाभ देने,निकाय में पदोन्नति की सुविधा देने,आउटसोर्सिंग की मजदूरी का भुगतान सरकार द्वारा करने, निकाय कर्मियों को बीमा का लाभ देने की मांग शामिल है। उधर सफाई कर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के कारण शहर के सभी सड़कों में सफाई कार्य बाधित होने के कारण नगर पंचायत के लोगों को गंदगी व दुर्गंध से भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सभी जगहों पर कूड़े का अंबार लगा हुआ हैं। लोगों को अपने अपने मुंह पर रूमाल व गमछे से ढंग कर चलना पड़ रहा है। एक दिन अंबेडकर चौक से गांधी चौक तक नगर प्रशासन ने सफाई अभियान चलाया था। धरना स्थल पर मौजूद फेडरेशन के अध्यक्ष उमेन्द्र ठाकुर ने मांगे नहीं माने जाने तक हड़ताल को जारी रखने की बात कही है। इस मौके पर रविकांत कुमार,अवधेश कुमार, गुडू राम, सोनु, कृष्णा, विजय,प्रदीप कुमार पासवान,मंटू पटेल ,विकास कुमार, रामधनी राम, अर्जुन राम, प्रदीप राम, माला देवी, अंजू देवी,शीला देवी आदि का नाम शामिल हैं।

## जन शिकायत समाधान का प्रचार-प्रसार शुरू, लगाए गए पोस्टर

**नीलांबर पीतांबरपुर।** पलामू जिले में 10 सितंबर को एक साथ जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए लेस्लीगंज थाना प्रभारी राजू कुमार गुप्ता और उनके पुलिस बल द्वारा जोर-शोर से प्रचार-प्रसार शुरू कर दिया हैं। घर घर जाकर लोगों से बता रहें हैं कि आपके क्षेत्र में शिकायत केंद्र लगाया जा रहा है। चौक-चौराहों और अन्य प्रमुख स्थानों पर पोस्टर लगा रहे हैं एवं ध्वनि विस्तारक के यंत्र के माध्यम से लोगों को कार्यक्रम के बारे में बताया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को जन शिकायत समाधान कार्यक्रम की जानकारी प्राप्त कर सकें। साथ पोस्टरों के माध्यम से आमजन को जागरूक कर रहे है कि वे अपने नजदीकी शिकायत केंद्र पर पहुंचकर शिकायतें दर्ज कराएं। इसके तहत विभिन्न सरकारी विभागों से संबंधित समस्याओं को सुना जाएगा और उनका जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। पुलिस को उम्मीद है कि इस कार्यक्रम के माध्यम से सरकार और नागरिकों के बीच संवाद बेहतर होगा और जन समस्याओं का समाधान भी तेजी से किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पलामू पुलिस का यह कदम नागरिक सेवा की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

## आरोपी गिरफ्तार, कई राज खोले



नवीन मेल संवाददाता

**नावाबाजार पलामू।** लूट की घटना में संलिप्त नामजद प्राथमिकी अभियुक्त 24 वर्षीय धीरेंद्र सिंह उर्फ धीरन सिंह को नावाबाजार पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।अभियुक्त उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिला स्थित चेरवाडीह गांव निवासी राजकुमार चेरो का पुत्र हैं। वह लंबे दिनों से फरार चल रहा था। पुलिस द्वारा गिरफ्तारी को लेकर लगातार अभियान चलाए जा रहा था। नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि रेहला निवासी आशीष राम का सब्जी लोड पिकअप विश्रामपुर इटको रोड स्थित वनशक्ति होटल के पास से लूटा गया था। इस बावत उसके द्वारा पांच अज्ञात लोगों के विरुद्ध लिखित शिकायत की गई थी। उन्होंने बताया कि उक्त कांड में पूर्व में ही लूटा गया पिकअप बरामद करते हुए तीन अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया था। फरार चल रहे प्राथमिकी अभियुक्त धीरेंद्र सिंह उर्फ धीरन सिंह को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## समाज के लोगों ने लड़ते हुए कुर्बानियां दी है : बीडी प्रसाद

नवीन मेल संवाददाता



**उंटारी रोड।** विश्रामपुर कार्यालय में ओबीसी एकता अधिकार मंच द्वारा विश्रामपुर विधानसभा के जन समस्या के समाधान व एकजुटता को लेकर बैठक की गई। मुख्य अतिथि ब्रह्मदेव प्रसाद थे। मंच के केंद्रीय अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि आज नावा बाजार प्रखंड के प्रमुख लोगों का बैठक था और इस बैठक में ओबीसी समाज के साथ-साथ एससी और एसटी परिवार के लोग भी मौजूद थे। उन्होंने कहा कि हमारे समाज के लोगों ने समाज के लिए लड़ते हुए कुर्बानियां दी है। उन्होंने यह नारा दिया है कि 100 में से शोषित 90 है, 90 ने ललकार है, 90 भाग हमारा है। उसी के निमित यहां बताया गया है कि आप यहां से जाने के बाद प्रत्येक गांव, बस्ती, मोहल्ले में ओबीसी के हक अधिकार की बातों को रखें। एससी-एसटी परिवार के हक अधिकार की बातों को बताएं और उन्हें राजनैतिक रूप से जागरूक करें। राजनैतिक क्षेत्र में भागीदारी सुनिश्चित हो और हमलोग एससी-एसटी व ओबीसी परिवार के लोग 100 में से 90 विधानसभा, लोकसभा, मुखिया, पंचायत समिति, वार्ड सदस्य, जिला पार्षद, नगर परिषद सभी जगहों पर 100 में से 90 जाए। इसके लिए हमें मानसिक रूप से और हमें सभी तरह से जागरूक होना पड़ेगा तब ही हमलोग यह मुकाम प्राप्त कर सकते हैं। इसके निमित यह बैठक रखा गया था। यह एक प्रकार से प्रशिक्षण शिविर था। यहां से जाकर अपने समाज के बीच कौन सा संदेश देना है। हमारा संवैधानिक अधिकार क्या है। इन बातों को लेकर हम लोगों ने यह बैठक रखा था और पूरे विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में लगातार बैठक चल रही है। उसी के निमित आज नावा प्रखंड के लोगों को बुलाया गया था कि आप नावा प्रखंड के कमेटी का विस्तार, बूथ लेवल पर विस्तार कीजिए और जन-जन तक अपना हक अधिकार को बताइए कि हमारा संवैधानिक अधिकार क्या है। मौके पर सैकड़ो के संख्या में लोग उपस्थित थे।

## पचंबा में भूमि विवाद को लेकर मारपीट में महिला समेत चार घायल

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के पचंबा गांव में भूमि विवाद को लेकर शनिवार को चली लाठी गंड़ासा में महिला सहित चार लोग गंभीर रुप से घायल हो गये हैं। सभी घायलों को स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. ज्योतिष कुमार ने बताया कि घायलों में महिला सुनैना देवी (35 वर्ष) की हालत चिंताजनक है। इन्हें प्रारंभिक उपचार के बाद तत्काल एंबुलेंस से सदर अस्पताल मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया है। वहीं इनके पति लालदेव राम (41 वर्ष), राजेश राम (27 वर्ष), रामजी कुमार (26 वर्ष) के सिर व शरीर के कई भाग में आंतरिक चोटें लगी है। घायलों के इलाज में तत्पर फार्मासिस्ट नवीन किशोर, ड्रेसर अमरकांत व सिपाही राम ने बताया कि लालदेव के सिर में चार जबकि राजेश राम व रामजी कुमार के सिर में छह टांका लगाया गया है। इसके अलावे हाथ व बांह के कई स्थानों पर लाठी के गंभीर चोट के निशान मिले हैं। घायलों के अनुसार उन्होंने अपने गोतिया परिवार में मुन्ना रजवार, अखिलेश रजवार, भोला राम, संतोष रजवार को कुल 22 फीट जमीन उनके निजी उपयोग के लिये दी थी। किन्तु दूसरे पक्ष से 25 फीट जमीन पर जबरन निर्माण कार्य शुरू कराया। जिसका विरोध करने पर दूसरे पक्ष ने लाठी गंड़ासा से वार कर उन्हें घायल कर दिया है।

## सतबरवा का किया दौरा, लोगों से मिले नेता



नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** समाज सेवी बिनोद सिन्हा ने शनिवार को सतबरवा प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनता से मुलाकात की। सतबरवा की जनता ने सिन्हा का जोरदार स्वागत से यह बतलाया कि बदलाव की हवा अब पांकी में तेजी से बह चुकी है। श्री सिन्हा ने कहा कि बाबा साहब के सपनों को पांकी विधानसभा क्षेत्र में जल्द ही उतारेंगे। हर शोषित, पीड़ित, वंचितों को उनके अधिकार मिलेगा। बिनोद सिन्हा ने जनता की समस्याओं को ध्यान से सुना और उन्हें विश्वास दिलाया कि पांकी विधानसभा में बदलाव और विकास की दिशा में बड़े कदम उठाए जाएंगे।

### कोसीआरा व मोहम्मदगंज के पुल हो गए हैं काफी जर्जर

## खतरे की बनी रहती है आशंका, दुरुस्त कराने की मांग

### - नहर के रिमॉडलिंग के काम में देरी से लटका नवर्निर्माण

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** उत्तर कोयल मुख्य नहर में प्रखंड क्षेत्र के स्थानीय स्टेशन रोड, सोनबरसा, गाजीबिहरा और कोसीआरा के समीप के पुल अधिक जर्जर हालत में हैं। 4 दशक पहले ही उत्तर कोयल मुख्य नहर निर्माण के प्रारंभिक दौर में ही इनको बनाया गया था। इनमें स्थानीय स्टेशन रोड और कोसीआरा के पास के पुल सदा से अधिक व्यस्त रहते हैं। इन पर भारी वाहनों का भी आवागमन अधिक होता है। कोसीआरा के पास का पुल हैदरनगर-पंसा अंतर्राज्यीय मुख्य पथ में है। लोगों ने इनकी हालत को देखते हुए कभी भी हादसा होने की संभावना व्यक्त की है। बावजूद इसके इन जगहों के पुलों का नवनिर्माण नहीं किया जा रहा है। जबकि मुख्य नहर के रिमॉडलिंग के साथ ही इन पुलों का भी नवर्निर्माण किया जाना है। हालांकि मुख्य नहर की रिमॉडलिंग का काम ही कच्छप गति से चल रहा है, तो इन जर्जर पुलों का नवर्निर्माण कब तक हो सकेगा,यह लोगों का बड़ा सवाल बन गया है। बताया गया कि इन सभी 4 पुलों की गिनती आवागमन के मामले में व्यस्ततम और कई बड़े गांवों को जोड़ने में जाती है।स्टेशन रोड के पुल का रेलवे के कार्यों को लेकर भारी वाहनों के आवागमन के लिए किया जा रहा है। जिसके कभी भी धराशायी होने की स्थिति नजर आती है। बावजूद इसके इन पुलों की जर्जर हालत को गंभीरता से नहीं लिया जाता है। लोगों का कहना है कि इन पुलों का नवनिर्माण हो जाने से इनका उपयोग निर्भीकता पूर्वक निर्बाध गति के लिए किया जा सकता है। इनके नवनिर्माण में भी तो अधिक समय लगेगा। बरसात के बाद कार्यकारी मौसम शुरू होते ही इनके नवनिर्माण का काम शुरू हो जाता है, तो अगली बरसात से पहले पूरा किया जा सकता है। नहीं तो इनके टूटने से आकस्मिक हादसे की संभावना को लेकर लोगों की चिंता बनी रहेगी।

## ईदमिलादुन्नबी धूमधाम से निकलेगी जुलूस-ए-मोहम्मदी


नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** माहे रबी उल अव्वल का चांद दिखने के बाद मुस्लिम समाज की बैठक शनिवार को मदरसा खैरूल इस्लाम परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता हाजी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान ने की। संचालन हाजी अब्बास कादरी ने किया। बैठक में मौलान इफ्तिखार नूरी ने कहा कि इस्लामिक साल के तीसरे महीना यानी रबी उल अव्वल की 12 तारीख को हजरत मोहम्मद साहब इस दुनियां में तशरीफ लाए। अपने दुनिया में आकर लोगों को इंसानियत का पैगाम दिया। साथ ही आपने लोगों में फैली जहालत को मिटाने का काम किया। इस मुबारक माह के 12 तारीख व हिंदी पंचांग के अनुसार 16 सितंबर को हुसैनाबाद में शान शौकत से जुलूस-ए-मोहम्मदी निकाली जाएगी। जुलूस के दौरान डीजे पर पूरी तरह से प्रतिबंध रहेगा, साथ ही किसी तरह का गलत नारा नहीं लगाना है। जिससे किसी दूसरे धर्म के लोगों को ठेस पहुंचे। इसकी शुरूआत मदरसा खैरुल इस्लाम परिसर से सुबह आठ बजे से शूरू होगी, जो शहर के विभिन्न चौक चौराहा होते हुये मदरसा पहुंचेगा। जुलूस को नियंत्रण करने के लिऐ 21 सदस्य का चयन किया गया। मौके पर मदरसा खैरुल इस्लाम के अध्यक्ष फिरोज आलम, समाजसेवी शेर अली, डॉ. एजाज आलम, आरजू खान, नशीम खान, पूर्व वार्ड सदस्य सुहैल आलम, लड्डन खान, डॉ. यूसुफ, मो. इरफान, अफरोज आलम, अफजल खान, हीरू खान मो शमीम अंसारी, वकील सिद्धिकी, असद हुसैन, वारिश राईन समेत कई लोग मौजूद थे।

## एक नजर

### जेनरल स्टोर दुकान में चोरी



**सतबरवा।** थाना क्षेत्र एनएच 39 रांची-मेदिनीनगर मुख्य मार्ग स्थित दुलसुलमी में जेनरल स्टोर से चोरों ने दीवार में छेद कर करीब 5 हजार रुपए नकद व हजारों रुपए का सिगरेट के साथ खाने पीने का सामान चुरा लिया। इस संबंध में भुक्तभोगी दीनानाथ प्रसाद ने सतबरवा थाना को लिखित आवेदन दिया है। घटना शुक्रवार की रात की है। चोरों ने दुकान के पीछे से छेनी हथौड़ी से दीवार में छेद कर दुकान में घुसे और चोर चोरी कर भाग गया। हड़बड़ी में चोर एक छेनी भी छोड़ दिया है। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है। छापेमारी की जा रही है। चोरों को जल्दी ही पकड़ लिया जायेगा।

### वज्रपात से युवक की मौत

**मोहम्मदगंज।** अंचल क्षेत्र अंतर्गत लटपौरी पंचायत के बेगमपुरा गांव निवासी अनुज पासवान (25) की मौत शनिवार की दोपहर ठनका की चपेट में आने से हो गई। बताया गया कि बारिश के दौरान ही युवक अपने मवेशियों को चरा रहा था। उसी दौरान ठनका की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। युवक के अकस्मात मौत से गांव में मातम छा गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। मुखिया उमेश राम ने एंबुलेंस बुलाकर परिजनों के साथ हुसैनाबाद स्थित अनुमंडलीय अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कराया। उन्होंने बताया कि मृतक के आश्रित को आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधान के तहत मुआवजा दिलाने में उनकी मदद करेंगे। अन्य सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी।

### मौसमी बीमारियों से लोगों की परेशानी बढ़ी

**मोहम्मदगंज।** इन दिनों मौसमी बीमारियों से हर घर में मरीजों की संख्या बढ गई है। बताया गया कि कभी गर्मी कभी बरसात और सर्द हवाओं से मियादी बुखार की चपेट में हर उम्र के लोग आ रहे हैं। इसके साथ ही खांसी भी घर कर जाता है। अधिकांश मरीजों का इलाज निजी चिकित्सक कर रहे हैं। मौसमी बीमारियों ने प्रभावित परिवार की परेशानी बढ़ा दी है। हर गांव, गली, मुहल्ले में ऐसे चिकित्सक नहीं होते, तो मौसमी बीमारियों पर काबू पाना मुश्किल होता। ग्रामीणों ने सरकार के स्तर से गांव-गांव में कैंप लगाकर इलाज कराने की व्यवस्था करने की जरूरत बताया है।

## न्यूज | बॉक्स

### सतबरवा में गणेश उत्सव की धूम



**सतबरवा।** गणेश चतुर्दशी सतबरवा में पूरे धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रखंड के तीन स्थानों पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजन किया जा रहा है। मेला टांड़ में मेदिनीनगर के प्रथम मेयर अरुणा शंकर ने भगवान गणेश की प्रतिमा का उद्घाटन किया तथा लक्ष्मण घाट में भगवान गणेश की प्रतिमा के पूजन थाना प्रभारी अंचित कुमार ने फीता काट कर व दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर प्रथम मेयर अरुण शंकर ने कहा कि गणपति बप्पा सभी के दुःख को हरते हैं। उनकी भक्ति करने से हर मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। थाना प्रभारी अंचित कुमार ने कहा कि भगवान गणेश की पूजा अर्चना करने से सुख शांति मिलती है। इसके अलावे पुराना बस पड़ाव राधाकृष्णन मंदिर में भी पूरे धूमधाम से भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गई। श्रीराम सेना के प्रखंड अध्यक्ष सोनू गुप्ता, उपाध्यक्ष बिकू गुप्ता, सदस्य टिंकू विश्वकर्मा, आंनद गुप्ता, रितिक, दिनेश विश्वकर्मा, अमृत कुमार, मोनू, मनी द्वारा मेला टांड़ में भव्य पंडाल बनाया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिंहा समेत दर्जनों लोग मौजूद थे।

### वैज्ञानिक तरीके से दी गई मडुआ फसल की जानकारी



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड क्षेत्र के राजहरा पंचायत में शनिवार को आत्मा पलामू द्वारा कृषक पाठशाला का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रजेश पाल के खेत में मडुवा फसल का रोपाई वैज्ञानिक तरीके से किया गया। 20-25 सेमी की दूरी पर मडुवा के बिचड़ा को लगाया गया। पाठशाला में उपस्थित सभी महिला पुरुष किसान को मिलेट मिशन योजना के तहत मोटे अनाज को लगाने पर बल दिया गया। साथ ही केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना के बारे में चर्चा की गई। मौके पर प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, एनएमएसएम योजना के तहत कृषि यंत्र आदि के बारे में बताया गया। किसान समृद्धि योजना के तहत सोलर पंप के बारे में बताया गया। पाठशाला में उपस्थित पांकी प्रखंड के एटीएम शशि रंजन, नीलांबर पीतांबरपुर एटीएम प्रकाश रंजन सिंह,संचालक ब्रजेश पाल सहित दर्जनों महिला पुरुष किसान उपस्थित थे।

### केंद्र सरकार की गलत रवैया के खिलाफ है रैली : बीएन सिंह



**नीलांबर पीतांबरपुर।** भाकपा माले ने एकता रैली की तैयारी को लेकर नीलांबर पितांबरपुर प्रखंड के कुंदरी मे शनिवार को ग्रामीणों के साथ बैठक की। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कमेटी सदस्य छोटू कुमार मेहता ने की। बैठक में अखिल भारतीय किसान महासभा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बीएन सिंह लेस्लीगंज सतबरवा प्रखंड सचिव कमेश सिंह चेरो मुख्य रूप से उपस्थित थे। बैठक में कुंदरी के कई निर्दोष लोगों को फर्जी मुकदमे में फंसाये जाने के विरुद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। बीएन सिंह ने कहा कि धनबाद में मासस और माले की एकता रैली गरीब मजदूर किसानों की एकता की रैली है। जौ केंद्र सरकार की गलत रवैया के खिलाफ लाखों लोगों की एकता रैली होगी। उन्होंने भाजपा हटाओ लूट मिटावो की नारा दिया। कहा कि पांकी विधानसभा में मजदूर और किसान की जबरदस्त एकता बन रही। कई नेता टिकट की होड़ में बरसाती मेंढ़क की तरह लगे हुए हैं। कौन कब किसका झंडा थामेगा, ऐसे लोगों से सतर्क रहने की जरूरत है। कमेश सिंह चेरो ने कहा कि आगामी 9 सितंबर को धनबाद रैली से लौटने के बाद जोरदार आंदोलन किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से शिवनाथ महतो, रीना देवी, कालो देवी, धोपेश्वर मेहता, हुदा देवी, कबूतरी देवी, राम जी साहू सहित कई लोग उपस्थित थे।

### खेल से शारीरिक व मानसिक विकास होता : अरुणा शंकर

**सतबरवा।** प्रखंड के हलुमाड़ गांव में शनिवार को मां दुर्गा फुटबॉल क्लब द्वारा फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। उद्घाटन मेदिनीनगर के प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने फुटबॉल ने कीक मार कर व फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच केचकी बनाम हलुमाड के बीच खेला गया। मौके पर अरूणा शंकर ने कहा कि खेल से शारीरिक, मानसिक विकास के साथ करियर बनता है। वह इस जगह पर आकर बहुत खुश हैं। गांव में भी इतना बड़ा फील्ड है यह खिलाड़ियों के अच्छी बात। उन्होंने कहा कि इस इस खेल मैदान को हम लोग मिल कर और भी बेहतर तरीके से बनाएंगे। उन्होंने ने दोनों टीम के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उन्हें बेहतर खेल खेलने के लिए शुभकामनाएं दी। मौके पर सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार, समाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा,सतीश सिंह चेरो, अध्यक्ष संदीप कुमार सिंह, उपाध्यक्ष अविनाश कुमार सिंह, सचिव पंकज कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

### रजौंधा में सार्वजनिक जमीन पर कब्जा करने का आरोप

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के रजौंधा गांव में सार्वजनिक जमीन पर कब्जा किये जाने की लिखित शिकायत ग्रामीणों ने थाना में दी है। कामेश्वर राम, राजकेश राम, बीरबल कुमार, जीतू कुमार सहित दर्जनों ग्रामीणों ने हस्ताक्षरयुक्त दिये गये शिकायत में कहा है कि रजौंधा गांव में खाता संख्या 264 व प्लॉट संख्या 596 पर वर्षों से दुर्गा पूजा व छठ महापर्व होता आया है। जिस पर कतिपय लोग पूर्वजों के स्मारक स्थापित कराने के प्रयास में जुटे हैं। ग्रामीणों ने पुलिस को दिये गये आवेदन में उक्त सार्वजनिक जमीन को गांव के ही विनोद यादव, सुरेन्द्र यादव, छोटन यादव, विवेक यादव, कृष्णा यादव, अखिलेश यादव पर कब्जा करने का आरोप लगाया गया है। इधर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह ने बताया कि उनके संज्ञान में यह मामला आया है। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर एक ही समुदाय के दो गुटों में सार्वजनिक भूमि को लेकर तनाव कायम है। जिसका पुलिस व प्रशासनिक स्तर पर अविलंब समाधान किया जाना अत्यंत आवश्यक है। ग्रामीणों के आवेदन पुलिस इस मामले की जांच पड़ताल शुरू की है।

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

भाद्रपद शुक्ल पक्ष 05, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 08 सितंबर 2024, वर्ष-30, अंक-325, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नंः आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

संसेक्स
81,183.93 -1,017.23

डॉलर
83.985 -0.009

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 71,600
01 किलो 82,610

पेज 10



इसने मुझे मौन की खूबसूरती के बारे में सिखाया...

# हुसैनाबाद क्षेत्र और जिले का विकास ही मेरे जीवन का लक्ष्य : प्रफुल्ल

युवा और बहुमुखी प्रतिभा के धनी प्रफुल्ल कुमार सिंह आज किसी परिचय के मोहताज नहीं है। अपने पिता पूर्व मंत्री स्वर्गीय अवधेश कुमार सिंह के पदचिन्हों पर चलते हुए लगातार हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे जिले के सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहते हैं। बिहार-झारखंड हाउसिंग को-आपरेटिव के निदेशक पद पर रहते हुए कई उल्लेखनीय कार्य किए हैं। इसके अलावा भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ झारखंड के अध्यक्ष के साथ-साथ सहकार भारती के प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य हैं। कई अन्य संस्थाओं में भी विभिन्न पदों को सुशोभित कर रहे हैं। प्रफुल कुमार सिंह पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ा रहे प्रफुल्ल कुमार सिंह से विभिन्न मुद्दों पर बातचीत हुई। प्रस्तुत है बातचीत के प्रमुख अंश...

## किसानों को ₹6000 की बजाय ₹10000 की सालाना सम्मान निधि मिले

**Q. पत्रकारिता से राजनीति के क्षेत्र में आए हैं, कैसा महसूस कर रहे है?**

पत्रकारिता मेरा पेशा और राजनीति मेरी विरासत है। जब तक पिताजी राजनीति में सक्रिय रहे तब तक मैं अपना पेशेगत काम कर रहा था। अब पिताजी नहीं रहे तो मेरा फर्ज बनता है कि मैं उनकी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाने का काम करुं। इसलिए राजनीति मेरे लिए कोई नया क्षेत्र नहीं है। पत्रकारिता करते हुए मेरा राजनीतिक लोगों के साथ-उठना बैठना, खबरें लिखने आदि का काम होता रहा है। इसलिए महसूस जैसी कोई बात नहीं है। बल्कि खुशी इस बात की है कि आज मैं अपने लोगों के बीच में हूं।

**Q. हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में किन मुद्दों को लेकर अब तक मुखर रहे हैं?**

हुसैनाबाद विधानसभा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, महिला सशक्तिकरण, हुसैनाबाद को जिला बनाने, मोहम्मदगंज से दंगवार तक नदी तटबंध का निर्माण कराने, लिफ्ट ऐरिगेसन की व्यवस्था, हुसैनाबाद में इंजीनियरिंग कॉलेज की स्थापना, देवरी सोन नदी पर पुल का निर्माण, सुखाड़ राहत चलाने एवं जल संरक्षण को बढ़ावा देने यह प्रमुख मुद्दे हैं जिनको लेकर मैं लगातार काम कर रहा हूं। स्कूल से लेकर कॉलेज तक की पढ़ाई करने वाले 100 आर्थिक रुप से कमजोर बच्चों की शिक्षा का खर्च उठा रहा हूं। इसके अलावा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करवाता हूं। स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी लोगों को जागरुक करने का काम कर रहा हूं साथ ही रोजगार के लिए सहकारिता के माध्यम से काम कर रहा हूं।

**Q. इस क्षेत्र का विकास हो, इसके लिए आपके पास क्या विजन है?**

विजन बहुत ही साफ है, मैं 30 से अधिक देशों की यात्रा कर चुका हूं। इन यात्राओं के जरिए यह जानने की कोशिश की कि किसी क्षेत्र का कैसे विकास किया जा सकता है। जनता एक चापाकल, राशन कार्ड, अस्पताल जैसी मूलभूत सुविधाओं से भी वंचित है. इसके लिए उन्हें खुद सोचना होगा कि आखिर क्यों आज तक उन्हें मूलभूत सुविधा भी नहीं मिली है जबकि अन्य राज्य विकसित हो रहे हैं. हुसैनाबाद की जनता प्रफुल्ल को विधानसभा भेजें क्योंकि उनके पास क्षेत्र के विकास का विजन है और यही उनका मिशन भी है. यहां की जनता हमें अवसर देगी हमारा विजन उनको दिखाई पड़ने लगेगा।

**Q. राजनीति में नए हैं! ऐसे में आपके दल में भी आपके नाम का विरोध हो सकता है? जैसा कि पिछली चुनाव 2019 में देखा गया?**

मैंने पहले भी कहा राजनीति में नया नहीं हूं, राजनीति मेरी विरासत है। जब तक पिताजी थे तब तक वे सक्रिय रहे आज वह नहीं हैं तो मेरा दायित्व है कि मैं उनके काम को आगे बढ़ाऊ। जहां तक विरोध का सवाल है तो मैं अपने काम पर ध्यान दे रहा हूं। टिकट किसको मिलेगा यह केंद्रीय नेतृत्व को तय करना है। 2019 के चुनाव का जो सवाल है वह मेरे लिए मायने नहीं रखता है। मैं तो अब 2024 की बात कर रहा हूं।

**Q. क्षेत्र में किन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएंगे?**

मेरे पास केवल विकास का मुद्दा है इसके अलावा मेरे पास कोई मुद्दा नहीं है।

**Q. आपके पिता पूर्व मंत्री रहे हैं जिले में उनकी पकड़ मजबूत रही है, आपको इसका लाभ मिलेगा। इसको आप कैसे देख रहे हैं?**

निश्चित तौर पर मैं पिताजी के काम को आगे बढ़ा रहा हूं। यहां की जनता ने उन्हें बहुत मान-सम्मान दिया है। इसलिए यहां की जनता का सम्मान मुझे भी मिलेगा यह मेरा पूर्ण विश्वास है।

**Q. आप राष्ट्रीय स्तर पर पत्रकार के रूप में ख्याति अर्जित किए हैं? यहां स्थानीय राजनीति में किस तरह स्वयं को ढाल पाएंगे?**

राष्ट्रीय और स्थानीय कुछ नहीं होता है। मैं पहले बता चुका हूं कि पत्रकारिता मेरा पेशेगत काम रहा है। इसके लिए मुझे दिल्ली जाना पड़ा। अगर दिल्ली नहीं गया तो दूसरे देश भी नहीं जा पाता। आज मेरा जो अनुभव है वह यहां की जनता को मिले इसलिए मैं यहां आया हूं। जहां स्थानीय राजनीति में ढालने की बात है तो मैं लगातार यहां सक्रिय रहा हूं और सब कुछ भली भांति जानता हूं कि कौन क्या कर रहा है। यहां की राजनीति मेरे लिए नया विषय बिल्कुल भी नहीं है।



**आपकी मुलाकात बीजेपी के राष्ट्रीय और केंद्रीय नेताओं से बराबर होते रहती है। आपने उनसे झारखंड के किसानों के लिए क्या मांग रखी?**

- हमने केंद्रीय नेतृत्व से यह मांग किया कि किसान सम्मन निधि जो की **₹6000** सालाना अभी सभी किसानों को मिलता है। उसे बढ़ाकर **₹10000** सालाना कर दिया जाए।
- **झारखण्ड के पांचो प्रमण्डलो की भौगोलिक स्थिति के अनुरूप स्पष्ट कृषि नीति का निर्माण हो एवं लंबित झारखण्ड कृषि बिल में संशोधन कर इसे किसान हित मे अविलंब लागू किया जाय एवं KCC लोन की सीमा 10 लाख तक किया जाए।**
- जंगली जानवरो के द्वारा जान-माल के नुकसान के लिये उचित मुआवाजा का भुगतान जल्द से जल्द किया जाए।
- **मोटे अनाजों की खेती को लेकर मिलेट अथॉरिटी ऑफ झारखण्ड का गठन किया जाए।**







## एक नजर

**एचईसी के सबसे पुराने मजदूर नेता राणा संग्राम सिंह का निधन**

रांची। एचईसी के सबसे पुराने मजदूर नेता और इंटक के जाने माने राष्ट्रीय वरीय सचिव राणा संग्राम सिंह का शनिवार को निधन हो गया। वह 96 वर्ष के थे। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे। राणा संग्राम सिंह के पार्थिव शरीर को पारस अस्पताल के मोर्चरी में रखा गया है। उनका अंतिम संस्कार रविवार को धुर्वा स्थित सिठियो मुक्तिधाम में सुबह 11 बजे होगा। यूनियन लीडर के धुर्वा स्थित आवास से मुक्तिधाम तक सुबह 10 बजे शव यात्रा निकाली जायेगी। हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के संयुक्त महामंत्री लीलाधर सिंह ने राणा संग्राम सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया। राणा संग्राम सिंह की राजनीति में अच्छी पकड़ थी।

# देश का पहला राज्य जहां अधिवक्ताओं को भी पेंशन : हेमंत सोरेन

- **सहायक पुलिस कर्मियों ने मुख्यमंत्री से मिलकर जताया आभार**
- **सेवा अवधि विस्तार व अन्य लाभों को स्वीकृति देने को सराहा**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय परिसर में राज्य के विभिन्न जिलों से आए सहायक पुलिस कर्मियों ने मुलाकात कर मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा हमारी सरकार सभी वर्ग के लिए सोचती है। उसी सोच के तहत अधिवक्ताओं को भी पेंशन देने की व्यवस्था की गई है। ऐसी योजना लाने वाला झारखंड देश का पहला राज्य बन गया है। वहीं सहायक पुलिसकर्मियों ने कहा कि छह सितंबर को कैबिनेट बैठक में कार्यरत सहायक पुलिसकर्मियों के सेवा अवधि विस्तार एवं अन्य लाभों को स्वीकृति दिए जाने का निर्णय बेहद सराहनीय है।



**सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ रही राज्य सरकार :** इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सहायक पुलिस कर्मियों से कहा कि आने वाले दिनों में सहायक पुलिस कर्मियों के लिए उनकी सरकार सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ेगी। राज्य सरकार पूरी ईमानदारी, निष्ठा और संवेदनशीलता के साथ आमजनों की परेशानियों का समाधान करने में जुटी है। आमजनों के लिए सरकार के दरवाजे हमेशा खुले हैं। आज राज्य के विभिन्न जिलों से लगातार लोगों का हुजूम ढ़ोल-नगाड़ा शेष पृष्ठ 09 पर

# सरयू राय पर करोड़ों की हेराफेरी का आरोप, मामला दर्ज

**रांची।** विधायक सरयू राय के खिलाफ रांची के अरगोड़ा थाना में बीते छह सितंबर को मनोज सिंह ने मामला दर्ज कराया है। मनोज सिंह हरमू हाउसिंग कॉलोनी के रहने वाले हैं। आहार पत्रिका के प्रकाशन को लेकर मनोज ने केस दर्ज कराया है। इसमें 3.38 करोड़ से अधिक की राशि के हेरफेर का आरोप है। इस मामले में बीएनएसएस की धारा 403, 406, 408, 409, और 420 के तहत केस दर्ज हुआ है। आवेदन में मनोज सिंह ने आरोप लगाया है कि पत्रिका के प्रकाशन के लिए कोई टेंडर भी नहीं निकाला गया। पूरे मामले में पैसे के गबन को दबाने के लिए पूर्व मंत्री ने अपने जान-पहचान के लोगों को प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी के पद पर नियुक्त कर विभागीय निदेशकों के दिशा-निर्देशों की अवहेलना कर मामले को रफा-दफा करवाने का भी प्रयास किया। आवेदन में यह भी लिखा गया है कि साल 2015 में सरयू राय ने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली थी। सरयू राय खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के विभागीय मंत्री के रूप में नियुक्त हुए थे। मनोज सिंह का आरोप है कि एक सोची समझी साजिश के तहत लोगों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक करने के नाम पर खाद्य सुरक्षा, केरोसिन तेल वितरण, शिकायत, समाधान आदि के संबंध में आहार के प्रकाशन की सिफारिश की गई थी। इसे मंत्री के रूप में सरयू राय ने अनुमोदन के लिए प्रशाखा पदाधिकारी अपर सचिव और विभागीय सचिव को अनुशंसा भी की थी। साथ ही दावा किया कि तत्कालीन विभागीय मंत्री सरयू राय उनके निजी सहायक आहार पत्रिका के कार्यकारी संपादक आनंद कुमार, सुनील शंकर एवं अन्य पर गंभीर आरोप हैं। मामले से संबंधित सभी कागजात उन्होंने थाने को उपलब्ध भी कराया है। भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 के अंतर्गत पूर्व कैबिनेट मंत्री खाद्य सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री सरयू राय, सरयू राय के अपर सचिव (निजी सचिव) आनन्द कुमार, सुनिल शंकर, बाबा कम्प्यूटर्स के मालिक रितेश गुप्ता और जेपीपीएल के मैनेजिंग डाईरेक्टर निर्देशक का नाम अंकित किया एवं अन्य के विरुद्ध कांड दर्ज हुआ है। अरगोड़ा पुलिस इसकी जांच कर रही है। प्राथमिकी के संबंध में विधायक सरयू राय का पक्ष लेने के लिए फोन किया गया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।



## आज | कल

तीसरी आंख




# सीएमी का गिरिडीह-धनबाद में 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम कल

**रांची।** गिरिडीह के गांडेय में नौ सितंबर को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का आगमन होगा। यहां गिरिडीह और धनबाद जिला का 'आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके मद्देनजर डीसी नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधिक्षक डॉ विमल कुमार ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थल फुटबॉल मैदान ताराटांड़ का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। मौके पर मौजूद सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। कार्यक्रम स्थल की साफ सफाई, स्टेज निर्माण, हेलीपैड, वाहनों के आवगमण, वाहन पार्किंग आदि के संबंध में चर्चा कर संबंधित पदधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभाग अपनी तैयारी पहले से पूर्ण कर लें। सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यों को गति के साथ करें, ताकि कार्यक्रम का सफल संचालन सुनिश्चित कराया जाए।

## जीएसटी काउंसिल की बैठक कल

# 18 से 5 हो सकता है स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर जीएसटी

- **फिटमेंट कमेटी सोमवार को जीएसटी परिषद की बैठक में सौंप सकती है रिपोर्ट**

**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक 9 सितंबर, सोमवार को राजधानी नई दिल्ली में 54वीं होने वाली है। इस बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा कराने वाले लोगों को महंगे प्रीमियम (बीमा किस्त) से निजात मिलने की संभावना है। बताया गया कि 9 सितंबर को राजधानी नई दिल्ली में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में जीएसटी परिषद की 54वीं बैठक में दोनों तरह के बीमा (स्वास्थ्य और जीवन बीमा) पर लगने वाली जीएसटी की दर को 18 फीसदी से घटाकर 5 फीसदी किया जा सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर लगने वाले जीएसटी की दर से सरकारी खजाने पर बोझ पड़ सकता है। स्वास्थ्य और जीवन बीमा के प्रीमियम पर लगने वाली 18 फीसदी जीएसटी दर को हटाने का मुद्दा अब राजनीतिक मोड़ ले चुका है। इसकी शुरूआत केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी के वित्त मंत्री सीतारमण को एक पत्र लिखने से हुई। इसके बाद पश्चिम बंगाल और अब कनार्टक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र शेष पृष्ठ 09 पर

## इंडिया

# शरिया कानून अपनाने वाले पहले देश की पीएम मोदी की यात्रा के मायने



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

दक्षिण पूर्व एशिया के एक छोटे से देश ब्रुनेई की प्रधान मंत्री मोदी की यात्रा ऐतिहासिक इसलिए हो गई क्योंकि यह लिसी भारतीय शासनाध्यक्ष की पहली यात्रा थी। ब्रुनेई 2014 में शरिया कानून अपनाने वाला पूर्वी एशिया का पहला देश बन था, जिसमें व्यभिचार के लिए पत्थर मारने और चोरी के लिए अंग काटने का प्रावधान है। 2019 में ब्रुनेई ने समलैंगिक यौन संबंध के लिए लोगों को मौत की सजा देने का कानून पेश किया था ।ब्रुनेई दारुस्सलाम के भारत के साथ ऐतिहासिक संबंध हैं जो प्राचीन काल से हैं। इस देश में ऐसी सह-परंपराएं हैं। जहां नमस्कार और प्रणाम करने का भारतीय तरीका महामहिम को बधाई देने का आधिकारिक तरीका है। दोनों देशों ने 1984 में राजनयिक संबंध स्थापित किए, जबकि भारतीय प्रवासियों ने 1930 की शुरूआत में ही ब्रुनेई में कारोबार शुरू किया था अभी ब्रुनेई में लगभग 15000 भारतीय रहते हैं। आधे से अधिक भारतीय तेल और गैस उद्योग, निर्माण और खुदरा व्यवसायों में अर्द्धकुशल और अकुशल श्रमिक से लेकर डॉक्टर तक में हैं। भारतीय शिक्षक, इंजीनियर और आईटी पेशेवर के अलावा कपड़ा बाजार में भारतीय व्यापारियों की भी अच्छी उपस्थिति है जिन्हें अच्छी नजरों से देखा जाता है ।ब्रुनेई भारत की 'एक्ट ईस्ट' नीति और भारत-प्रशांत के दृष्टिकोण से भी एक महत्वपूर्ण भागीदार है। भौगोलिक रूप से ब्रुनेई बोर्नियो द्वीप के उत्तरी तट पर स्थित है जिसके उत्तर में दक्षिण चीन सागर है और मलेशियाई राज्य सारावाक इसके पूर्व, पश्चिम और दक्षिण में है। ब्रुनेई 1888 से ब्रिटिश संरक्षित राज्य था और 1963 में यह एकमात्र मलय राज्य था जो मलेशिया में शामिल नहीं हुआ। ब्रुनेई को 1984 में स्वतंत्रता मिली। यह राष्ट्रमंडल और दक्षिण पूर्व एशियाई देशों के संगठन (आसियान) का सदस्य है देश की जनसंख्या लगभग 4,60,000 है। ब्रिटानिका के अनुसार, ब्रुनेई की लगभग दो-तिहाई आबादी को मलय के रूप में वर्गीकृत किया गया है। इस श्रेणी में दुसुन, बेलैत, केदयान, मुरुट और बिसाया (बिसायाह) सहित कई स्वदेशी समूह शामिल हैं। जनसंख्या का दसवां हिस्सा चीनी है। बाकी इबान (या सी दयाक) जैसे गैर-मलय स्वदेशी लोग हैं, दक्षिण एशियाई मूल के हैं और एशिया और यूरोप से आए अस्थायी कर्मचारी हैं।




हालाँकि मलय ब्रुनेई की आधिकारिक भाषा है, अंग्रेजी दूसरी प्रमुख भाषा है। कई चीनी नागरिक स्थानीय बोलियां बोलते हैं और स्कूल में मंदारिन(चीनी) सीखते हैं। जनसंख्या मुख्य रूप से सुन्नी मुस्लिम है, हालांकि चीनी बौद्ध धर्म, दाओवाद, कन्फ्यूशीवाद या ईसाई धर्म का पालन करते हैं। कुछ मूलनिवासी ईसाई हैं, जबकि अन्य के धर्म अलग हैं । ब्रुनेई भी एक युवा देश है। जनसंख्या का पांचवा हिस्सा 15 वर्ष से कम आयु का है। लगभग आधे की उम्र 30 वर्ष से कम है ।यह देश अपने नेता और उनके परिवार के अत्यधिक धनवान होने के लिए भी प्रसिद्ध है। ब्रुनेई के सुल्तान एक समय दुनिया के सबसे अमीर आदमी थे। फिलहाल भी वो सबसे अमीर व्यक्तियों की सूची में बने हुए हैं। उनकी अनुमानित कुल संपत्ति लगभग 30 बिलियन डॉलर है। एससीएमपी के अनुसार, सुल्तान बोल्किया के पास लगभग 7,000 कारें हैं। वह लंदन के डोरचेस्टर होटल से अपने लिए बार्बर बुलाते हैं। ब्रुनेई के सुल्तान दुनिया के सबसे बड़े महल में रहते हैं। सुल्तान बोलकिया अपने पिता सर हाजी उमर अली सैफुद्दीन के त्याग के बाद 1968 में गद्दी पर बैठे। सुल्तान बोलकिया दुनिया के सबसे लंबे समय तक शासन करने वाले राजाओं में से एक हैं। अपने राष्ट्र पर पूर्ण शक्ति रखने वाले कुछ राजाओं में से एक है। 1984 में सुल्तान बोलकिया ने खुद को प्रधान मंत्री नियुक्त किया। 1991 में उन्होंने मलय मुस्लिम राजशाही की शुरूआत की जो राजा को विश्वास के रक्षक के रूप में संदर्भित करती है। हालाँकि सुल्तान बोलकिया अपने देश में लोकप्रिय हैं, लेकिन शरिया कानून लागू करने के लिए उन्हें आलोचना का भी सामना करना पड़ा है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि 2012 से 2015 तक भारत के लिए देश समन्वयक के रूप में ब्रुनेई ने भारत को आसियान के करीब लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023 में 195.2 मिलियन डॉलर, 2022 में 382.8 मिलियन डॉलर और 2021 में 522.7 मिलियन डॉलर रहा। नवंबर 2014 में मोदी ने म्यांमार में 25वें आसियान शिखर सम्मेलन के मौके पर सुल्तान बोल्किया से मुलाकात की। मोदी और सुल्तान बोल्किया की मुलाकात 2017 में फिलीपींस में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के दौरान भी हुई थी। विदेश मंत्रालय का मानना है कि यह यात्रा ब्रुनेई के साथ रक्षा सहयोग, व्यापार और निवेश, ऊर्जा, अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सहयोग, क्षमता निर्माण, संस्कृति के साथ-साथ लोगों के बीच आदान-प्रदान सहित सभी मौजूदा क्षेत्रों में हमारे सहयोग को और मजबूत करेगी और इसके लिए रास्ते तलाशेगी।

# पूजा खेडकर को तत्काल प्रभाव से आईएएस से बर्खास्त



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने पूर्व प्रशिक्षु अधिकारी पूजा खेडकर को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) से बर्खास्त कर दिया है। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग ने बताया कि केंद्र सरकार ने आईएएस (प्रोबेशन) नियम, 1954 के नियम 12 के तहत पूजा मनोरमा दिलीप खेडकर, आईएएस प्रोबेशनर (एमएचः 2023) को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) से तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। फर्जी पहचान बताकर सिविल सेवा परीक्षा में निर्धारित सीमा से अधिक बार प्रयास करने का आरोप सामने आने के बाद यूपीएससी ने 31 जुलाई को सीएसई-2022 के लिए खेडकर की उम्मीदवारी को अनंतिम उम्मीदवारी को रद्द कर दिया था। जांच में पता चला कि उसने अपना नाम, अपने पिता और माता का नाम, अपनी तस्वीर व हस्ताक्षर, अपनी ईमेल आईडी, मोबाइल नंबर और पता बदलकर अपनी पहचान बदलकर परीक्षा नियमों के तहत स्वीकार्य सीमा से अधिक प्रयास किए।

## दुर्गा पूजा को लेकर कमेटी गठित

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जय जवान संघ पूर्वडीहा द्वारा आगामी दुर्गा पूजा को लेकर बैठक हुई।इस बैठक की अध्यक्षता चित्तरंजन दुबे ने की। बैठक में दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए नई कमेटी का गठन किया गया। साथ ही सर्वसम्मति से दुर्गा पूजा को दिव्य और भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया गया।जय जवान संघ पूर्वडीहा विगत कई वर्षों से दुर्गा पूजा महोत्सव मनाते आ रहा है। बैठक के बाद सर्वसम्मति से सुभाष दुबे अध्यक्ष,संजम दुबे सचिव, कुणाल दुबे तथा शोभित दुबे, उपाध्यक्ष रतन दुबे और उपसचिव गोलू कुमार दुबे चुने गए।उक्त पूजा कमेटी हेतु सदस्य के रूप में निशांत दुबे, प्रियांशु दुबे, विकास दुबे,अनीश दुबे, मनीष दुबे, राजा दुबे ,अनिमेष दुबे, संकेत दुबे, अमित दुबे, राहुल रंजन दुबे, गोविंद दुबे, प्रेम, साकेत, हिमांशु, रोशन ,कुन्नू, तनु, धनु, अभिमन्यु, रिशु, प्रिंस, अमित, भीम दुबे, सुमित दुबे , जीतू, गोल्डेन एवं जयंत दुबे के नाम पर सहमति बनाई गई।उक्त पूजा कमेटी विमल दुबे (बाबा जी) राहुल रंजन दुबे, सतीश दुबे, अविनाश दुबे (फोटू दुबे),संकेत दुबे, चितरंजन दुबे, राहुल दुबे,जयंत दुबे अजीत दुबे, अभिमन्यु दुबे, विकास दुबे (छूनी दुबे)सुधाकर दुबे, विकास दुबे, बृजेश दुबे, रविंद्र दुबे(फुलू)राहुल दुबे,सत्येंद्र दुबे,उज्जवल दुबे,एवं भारत दुबे के संरक्षण में काम करेगी

## ध्वजारोहण के साथ पर्युषण पर्व शुरू

### विश्व शांति के लिए मंगल पाठ किया गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** दिगंबर जैन मंदिर में शनिवार से पर्वाधिराज पर्युषण पर्व शुरू हुआ। जबलपुर से कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे बाल ब्रह्मचारी नरेश भैया व सुनील शास्त्री के सानिध्य में प्रातःकाल ध्वजारोहण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसके बाद मंगल पाठ का वाचन के माध्यम से पूरे विश्व का मंगल हो की कामना की गई। रविवार से पर्युषण पर्व का नियमित कार्यक्रम प्रातः अभिषेक, शांतिधारा, सामूहिक पूजन, दोपहर में पाठ, संध्या आरती, रात्रि भैया जी द्वारा मंगल प्रवचन के बाद सांस्कृतिक



कार्यक्रम होगा। इस दौरान उत्तम आर्जव, सत्य, शौच, संयम, तप, त्याग, आकिंचन, ब्रह्मचर्य सहित 10 धर्मों के माध्यम से आगमन में बताया गया है कि इन्हें ही आत्मसात कर मनुष्य अपने जीवन यात्रा को सुदृढ़, सुव्यवस्थित, सुसंस्कारीत, सुयोग्य बनाकर मोक्ष मार्ग को प्राप्त कर सकता है। प्रत्येक धर्म सीढ़ी का आकार लेकर बताता है कि एक-एक सोपान पर चढ़कर ही हमें मोक्ष प्राप्त हो सकता है। अशोक पांड्या व आशीष रारा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जैन समाज के अध्यक्ष सरस जैन, सचिव सागर रारा, अनिल काला, प्रकाश पहाड़िया, आदित्य जैन, सुनील जैन, महेंद्र पाटनी, ज्ञान चंद काला, विशाल जैन, अंकित जैन, सुनील शास्त्री, अमित जैन, महिला मण्डल सचिव बबीता काला, स्त्रें विनायका, पिंकी जैन, प्राची जैन, किरण जैन, जुली पांड्या, मीना जैन, सुलोचना जैन, सुशीला जैन, सारिका जैन, शांति छाबड़ा, चंदा जैन, मैना पाटनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### परशुराम मंदिर निर्माण में लोग कर रहे सहयोग



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव द्वारा रेड़मा में चिरंजीवी भगवान परशुराम मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है, जो कि अब अपने अंतिम रूप में है। इस मंदिर से लोगों की आस्था देश ही नहीं विदेशों से भी जुड़ी है। समाज की परिभाषा और मापदंड दोनों की अनन्त है। हर किसी के लिए विविध मापदंड हैं, तो हर किसी के लिए अलग परिभाषा। इन सब को चरितार्थ करते हुए राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के संरक्षक व मार्गदर्शक उपेंद्रनाथ तिवारी रीजनल टेक्निकल मैनेजर साउथ जोन भगवान परशुराम मंदिर में जिस तरह सहयोग किया है और सहयोग से बड़ी बात तो यह होती है कि 2000 किलोमीटर दूर होकर भी इस पर नजर बनाए हुए हैं। बीच-बीच में यह जानने के लिए उत्सुक रहते हैं कि मंदिर में आज क्या हुआ, कल क्या होगा। किसी चीज की अभाव तो नहीं है। 99 हजार की बड़ी रकम भेज कर हम लोगों की भक्ति को और बढ़ा दिए हैं। इससे पहले भी आपके द्वारा लगभग डेढ़ लाख रुपये का सहयोग रूपी आशीर्वाद राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के खाते में मंदिर निर्माण हेतु दिया गया है। आपके इस सहयोग की शुरूआत से मंदिर के गर्भ गृह की सजावट बहुत अच्छे ढंग से हो जाएगी और बहुत लोग इसमें मदद करेंगे। आपने तो फोन पर यहां तक कह दिया कि जो भी घटेगा हम लोग मिलकर पूरा कर देंगे। एक छोटे भाई का पीठ पर इस तरह खड़ा रहना बहुत बड़ी बात है। भगवान की सबसे बड़ी कृपा मनुष्य पर उसकी भक्ति को बनाए रखना होता है। भक्ति और शक्ति दोनों अलग-अलग चीज है। शक्ति हो सकती है मगर भक्ति हो या ना हो यह कहा नहीं जा सकता। जिस पर ईश्वर की बहुत बड़ी कृपा होती है उसी के पास शक्ति के साथ-साथ भक्ति होती है, जो आपके पास उपलब्ध है। राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव आपके प्रति आभार प्रकट करती है।

### जन शिकायत समाधान शिविर का आयोजन 10 सितंबर को



**हुसैनाबाद।** नागरिकों के शिकायतों का त्वरित एवम प्रभावी निवारण हेतु झारखंड पुलिस अनूठी पहल की शुरूआत की है। जिसके तहत पूरे झारखंड में अलग अलग जगहों पर आगामी 10 सितंबर को 11 बजे शिविर आयोजित की जाएगी।हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के निवासीयों के लिए हुसैनाबाद टाउन हॉल में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम के तहत आगामी 10 सितंबर को शिविर आयोजित की जाएगी।इसकी जानकारी हुसैनाबाद थाना प्रभारी संजय कुमार यादव ने दी। उन्होंने बताया कि पलामू पुलिस अधीक्षक रेशमा रमेशन के निदेर्शानुसार जन शिकायत/समस्या निवारण के लिए झारखंड पुलिस ने आगामी 10 सितंबर को दिन में 11 बजे स्थानीय टाउन हॉल के सभागार में शिविर आयोजित की जाएगी। जिसमें जनहित की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जाएगा। शिविर में थाना प्रभारी, अंचलाधिकारी, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित कई वरीय प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहेंगे।इसके लिए आवेदन शिविर में दिया जा सकता है, या अपनी समस्या को व्हाट्स ऐप, फेसबुक, ट्विटर, ईमेल आदि माध्यम से अवगत कराया जा सकता है। जिसका त्वरित समाधान किया जाएगा। उन्होंने तमाम नागरिकों से अपील की है कि अगर उनके पास कोई जन समस्या है तो वे शिविर में ससमय निर्धारित स्थल पर अवश्य पहुंचे तथा लिखित या मौखिक शिकायत करें ताकि उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा सके। आपकी समस्याओं का समाधान करना हमारी पहली प्राथमिकता है।

### गणपति बप्पा मोरया से गूंजा क्षेत्र



**हरिहरगंज।** मेन बाजार हरिहरगंज नवयुवक गणपति सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित पूजा पंडाल का उद्घाटन शनिवार को एनसीपी के जिला प्रवक्ता योगेंद्र कुमार सिंह उर्फ गुड्डु सिंह ने फीता काटकर किया। इस दौरान विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन किया। उन्होंने कहा कि गणपति भगवान सबसे श्रेष्ठ हैं। गणपति की पूजा हर अवसर पर की जाती है। उन्होंने गणपति की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना करने पर नवयुवक गणपति सेवा समिति का आभार जताया। वहीं गणपति बप्पा मोरया से पूरा क्षेत्र गूंजायमान रहा। कार्यक्रम में नवयुवक गणपति सेवा समिति के व्यवस्थापक बंटी गुप्ता, अध्यक्ष पंकज पासवान, सचिव कमलदीप विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष प्रियांशु जायसवाल, सांस्कृतिक मंत्री हिमांशु गुप्ता ,सतेंद्र साह, तुसार गुप्ता, उपाध्यक्ष कन्हाई विश्वकर्मा, उपसचिव सौरभ पाठक, एनसीपी के प्रदेश महासचिव अखिलेश मेहता, प्रखंड अध्यक्ष मनीष सिंह, अजय सिंह, अभिषेक आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### ट्रैफिक प्रभारी ने 19 वाहन किए जब्त

**मेदिनीनगर।** ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद के नेतृत्व में लगातार दो पहिया तथा तीन पहिया वाहनों की जांच की जा रही है। शनिवार को भी छः मुहान चौक पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जिनमें कई दो पहिया चालकों ने हेलमेट नहीं पहन रखा था वहीं कई पर तीन लोग सवार थे। इसके साथ पांच ऑटो चालक बिना लाइसेंस के ही ऑटो चला रहे थे। कई ऑटो चालकों ने वाहन को नो पार्किंग जोन में खड़ा किया था। 14 मोटरसाइकिल और पांच ऑटो समेत कुल 19 वाहन को सीजीएम कार्यालय डाल्टनगंज चालान फाइन हेतु भेजा गया है।कुल फाइन के रूप में 43,150 रुपया चालान आया हैं ।

### बाइक दुर्घटना में युवक घायल

**गढ़वा।** बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के भोजपुर में बाइक दुर्घटना में एक युवक घायल हो गया। घायल का पहचान अधौरा गांव निवासी सुनील पाल का 22 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार पाल के रूप में हुई है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संबंध में परिजनो ने बताया कि नीरज पिपरी गांव से बाइक से घर लौट रहा था। उस दौरान भोजपुर में बाइक से नियंत्रित होकर गिर गया।

### जिल प्रशासन व लायंस क्लब द्वारा सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

# एक लाख लोगों को सीपीआर ट्रेनिंग देंगे: डॉ प्रवीण




**समय-समय पर खून,ब्लड शुगर व बीपी की जांच करायें : उपायुक्त**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर उपायुक्त शशि रंजन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि सीपीआर तकनीक इमरजेंसी में किसी व्यक्ति की जान बचाने के लिए काफी उपयोगी साबित होगी। कोरोना महामारी के बाद इस प्रकार के मामले में इजाफा हुआ है। हम सभी को समय-समय पर अपने खून, ब्लड शुगर, बीपी के जांच करते रहना चाहिए जो हार्ट अटैक का एक प्रमुख कारण है। जल्द ही सीपीआर तकनीक से जुड़ी जागरूकता पूरे जिले में फैलाई जाएगी। इसका लाभ हरेक स्कूलों, स्वास्थ्य केंद्रों और सरकारी विभागों के माध्यम से लोगों को मिले इसके लिए प्रयास होना चाहिए।

**सीपीआर की जरूरत तब होती है, जब स्वस्थ आदमी अचानक हृदयघात से पीड़ित हो**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला प्रशासन व लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के संयुक्त तत्वावधान में स्थानीय टाउन हॉल में शनिवार को सीपीआर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पलामू उपायुक्त शशि रंजन, भू-अर्जन भू-अभिलेख एवं परिमाप विभाग के निदेशक भोर सिंह यादव, हॉर्टिकल्चर निदेशक फैज अहमद, सिविल सर्जन अनिल कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इसके बाद मासूम आर्ट द्वारा सीपीआर तकनीक एवं जागरूकता से जुड़े नाटक का मंचन किया गया। सिविल सर्जन ने उपस्थित लोगों को सीपीआर तकनीक की जानकारी देते हुए कहा कि सीपीआर की जरूरत तब होती है, जब स्वस्थ आदमी अचानक हृदयघात से पीड़ित हो जाता है। ऐसी घटना किसी के डूबने या एक्सीडेंट होने के दौरान भी होती है। इस स्थिति सबसे पहले मरीज को पीठ के बल लिटाना होता है। उसके बाद उसकी नाड़ी जांच करनी चाहिए। चुकी यह पूरी प्रक्रिया अत्यंत जटिल होती है और आधे घंटे तक जा समय लग सकता है। इस कारण अकेले कभी भी इसे करने का प्रयास न करें। कार्यक्रम का संचालन करते हुए लायंस क्लब के अध्यक्ष डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने सिविल सर्जन डॉ. अनिल सिंह के साथ मिलकर गोल्डन आवर इन ट्रामा में व्यस्कों हेतु सीपीआर की तकनीक के बारे में विस्तार से बताया। बच्चों को सीपीआर देने की प्रक्रिया का प्रदर्शन बाल रोग विशेषज्ञ अभय कुमार के द्वारा किया गया। बच्चों में अलग तरीके से सीपीआर दी जाती है। इसके बारे में भी विस्तार से समझाया गया। किसी व्यक्ति को हार्ट अटैक आने पर सीपीआर देने से उसके बचने की संभावना काफी हद तक बढ़ जाती है। सीपीआर को लेकर अगर जागरूकता बढ़ाई जाए तो इससे हार्ट अटैक के मामले में कम से कम 25 से 30 प्रतिशत तक लोगों को बचाया जा सकता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भू अर्जन, भू अभिलेख तथा परिमाप विभाग के निदेशक भोर सिंह यादव ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से लोगों में कॉन्फिडेंस की बढ़ोतरी होगी तथा सभी लोग इस तकनीक को सीख कर तत्काल राहत पहुंचा पाएंगे। लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर के इस सीपीआर कैंप को आयोजित करने के पीछे उद्देश्य है कि ज्यादा से ज्यादा लोग खास करके पुलिस बल के जवान, स्कूली बच्चे और शिक्षक इस विधि को सीख सकें ताकि किसी इमरजेंसी में प्रभावित व्यक्ति की जान बचाई जा सके। कार्यक्रम के समापन से पूर्व सफल आयोजन में अपनी भूमिका निभाने वाले डॉक्टर गौरव विशाल, डॉक्टर गौरव सिंह, डॉ. रवीश कुमार, डॉक्टर प्रवीण सिद्धार्थ, डॉक्टर निशांत कुमार, डॉक्टर अमित कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर जिला प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया। डॉ. विजय कुमार सिंह, डॉ. उदय सिंह, डॉ. अमित डॉ. भास्कर, डॉ. निशांत कुमार, डॉ. विनीत कुमार, डॉ. अभिनव ,डॉ. सृष्टि गुंजन ,लायंस लिली मिश्रा ,अनुराधा मिश्रा ,पुष्पा चंद्र ,प्रियंका आनंद साहू ,राघवेंद्र सिंह, अमुक प्रियदर्शी, नवीन पांडे ,परिमल प्रसून ,ऋषिकेश दुबे, फिरोज अंसारी ,रंजन अग्रवाल, अनूप कुमार, मनोज सोनी, गुरवीर सिंह ,मुकेश अग्रवाल, रोहित जैन, सुमित पाठक, नीलेश चंद्र, संतोष नारायण, आनंद वर्धन व रणजीत मिश्रा आदि शामिल थे।

### सीपीआर जीवन रक्षक प्रणाली : डॉ. फैज

हॉर्टिकल्चर निदेशक फैज अहमद ने कहा कि इस तरीके का नाटक मंचन के माध्यम तथा तकनीक को विस्तार में बताते हुए लोगों में जागरूकता फैलाने हेतु लायंस क्लब ऑफ मेदिनीनगर की पूरी टीम बधाई की पात्र है। गोल्डन ऑवर ट्रॉमा के दौरान कई बार सीपीआर के जरिए कृत्रिम सांस दे कर या दिल की धड़कन को दुबारा हाथ से धक्का दे कर चालू किया जा सकता है। मेडिकल साइंस में इस प्रक्रिया को जीवन रक्षक प्रणाली के रूप में मान्यता प्राप्त है।

### किन्नरों का दो समूह आपस में भिड़ा

## तीन घंटे तक चला हाईवोल्टेज ड्रामा

### पुलिस ने एक किन्नर को हिरासत में लिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलवाटिका के राईन मुहल्ला कुंजड़ा पट्टी में शनिवार की शाम लगभग तीन घंटे तक हाई वोल्टेज ड्रामा चला। किन्नरों का दो गुटों आपस में भीड़ गई। किन्नरों का मामला होने के कारण मुहल्ले के लोग तमाशबीन बन नजारा देख रहे थे। मामला बढ़ता देख मुहल्ले के कुछ लोगों ने पुलिस को जानकारी दी। शहर थाना की टीओपी टू पुलिस के पहुंचने के बाद भी किन्नरों का आपसी मामला नहीं सुलझने पर शहर थान प्रभारी देवब्रत पोद्दार घटना स्थल पर पहुंच कर एक किन्नर को हिरासत में लेने के बाद मामला शांत हुआ। बता दें कि शुक्रवार को शहर थाना क्षेत्र के राईन मुहल्ला कुंजरा पट्टी में एक व्यक्ति के घर पर किन्नरों के एक समूह ने मारपीट की थी। इस दौरान किन्नरों ने अभद्र व्यवहार



भी किया था। मामले में पीड़ित परिवार ने किन्नर के खिलाफ मारपीट का मामला शहर थाना में दर्ज कराई थी। इस घटना के बाद शनिवार की शाम गढ़वा जिला से तीन गाड़ियों में पहुंची किन्नारों का एक बड़ा समूह राईन मुहल्ला पहुंच कर मारपीट करने वाले किन्नर को अपने साथ ले जाने की जिद पर अड़ा था। गढ़वा के किन्नरों का कहना था कि समाज के नाम को बदनाम किया जा रहा है। बख्शिश के नाम पर रंगदारी ली जा रही है। किसी भी व्यक्ति के साथ मारपीट करना गलत है। गढ़वा से पहुंची किन्नरों का समूह मारपीट करने वाली किन्नर जिस घर में रहती थी उसका ग्रिल तोड़ने की कोशिश करते हुए किन्नर को बाहर निकालने का प्रयास कर रही थी।


### पांकी विधायक ने किया उप- स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास

पांकी। प्रखंड के नुरु पंचायत के टाटीदिरी गांव मे शनिवार को प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण का शिलान्यास पांकी विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने पूजा अर्चना कर नारियल फोड़कर शिलापट्ट का अनावरण कर किया। मौके पर विधायक कुशवाहा डॉ शशि भूषण मेहता ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, पानी, बिजली व स्वास्थ्य बहुत जरूरी है। क्षेत्र के विकास के लिए उसी कड़ी में एक कदम बढ़ाते हुए आज टाटीदिरी गांव में प्राथमिक उप स्वास्थ्य केंद्र का शिलान्यास किया गया है। इसके तहत नुरू पंचायत ही नहीं अगल बगल के गांव के लोग भी स्वास्थ्य केंद्र के बन जाने से लोगों को लाभ मिलेगा। डॉ. मेहता ने यह भी कहा कि उनका मकसद क्षेत्र का विकास करना है जिसके लिए दिन रात लगे हुए हैं।

## अधिवक्ताओं के पेंशन राशि में वृद्धि व स्वास्थ्य बीमा का लाभ देने के लिए मुख्यमंत्री का जताया अभार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अधिवक्ता संघ के महासचिव अजय कुमार पांडेय ने मुख्यमंत्री को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि कम समय में सरकार बहुत बढ़िया काम कर रही है। पलामू जिला अधिवक्ता संघ मुख्यमंत्री के इस निर्णय के प्रति आभार जताता है। उल्लेखनीय है कि राज्य मंत्रिपरिषद द्वारा अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए पेंशन की राशि में वृद्धि, स्वास्थ्य बीमा का लाभ, अधिवक्ता के निधन के बाद उनके आश्रितों को सहायता राशि प्रदान करने तथा नए निबंधित अधिवक्ताओं के स्टाइपेंड राशि में बढ़ोतरी करने समेत कई निर्णय लिए हैं। इससे झारखंड राज्य के अधिवक्ता मुख्यमंत्री का आभार जता रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार राज्य की जनता के प्रति समर्पित है। सभी का मान-सम्मान और कल्याण तथा उनके



हितों का संरक्षण सरकार की प्रतिबद्धता है। इस बात को ध्यान में रखकर सरकार ऐसी नीतियां और निर्णय लेने पर विशेष जोर देती है, जिससे समाज का हर वर्ग और तबका लाभान्वित हो व सरकार की योजनाओं से कोई वंचित न रहे। मुख्यमंत्री ने अपने विकास कार्यों तथा योजनाओं में सभी वर्ग व सम्प्रदाय का ध्यान रखा है। उन्होंने यह साबित किया है कि यह सरकार आम आवाम की सरकार है।

### गौ सेवा

### प्रथम महापौर ने किया दो कमरे का शिलान्यास

## शहर में एक गौ-मुक्ति धाम का भी निर्माण हो: अरुणा शंकर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने शनिवार को मेदनीनगर के एकमात्र गौशाला में गाय रखने के लिए गौशाला परिसर में दो कमरे के का निर्माण के लिए आधारशीला रखी। प्रथम महापौर ने कहा कि हिंदू गौ को माता का दर्जा देते हैं। उनकी पूजा करते हैं, लेकिन जब माता दूध देना बंद कर देती तो उन्हें निकाल कर सड़क पर छोड़ देते जो दुःखद है। उन्हें खुशी है कि कम से कम गौशाला कमेटी के लोग इतने संवेदनशील हैं, जो शहर के रोड पर घूमते भूखे-प्यासे गायों को लाकर यथासंभव सेवा देते हैं। उन्होंने कहा कि आज जब कमेटी के लोगों ने आस्था जताई है तो



निश्चित रूप से वह, मेरा परिवार और शहर के लोगों के सहयोग से गौशाला का दिन बहुरेंगे। एक चीज का बहुत दुःख है जब वह निगम में थी तब भी देखती थीं गौ माता के मरने के बाद लोग यहां-वहां गाड़ दिया करते थे, आज भी वही दशा है। आज हम सभी लोग मिलकर गौ माता को अच्छे से रहने के लिए कमरा बनाने का शिलान्यास कर रहें हैं, तो गौ माता के अंतिम संस्कार के लिए प्रशासन से बात कर भूमि आवंटन कराकर जिस तरह मैने अपनी देखरेख में राजा हरिश्चंद्र घाट बनाया है। उसी तरह शहर के किसी एक किनारे गौ मुक्तिधाम का भी निर्माण सभी हिंदू मिलकर करें। वह हेमशा गौशाला कमेटी के लोगों के साथ खड़ी हैं। इसके बेहतर के लिए जो भी करना होगा करने से पीछे नहीं हटेंगी। मौके पर गौशाला कमेटी के अध्यक्ष अनिल पांडेय, सत्येंद्र पांडेय, नरेंद्र मेहता ,उदय शुक्ला, विकास तिवारी, भोला पांडेय, प्रिया रंजन सिंह, अमेरिका विश्वकर्मा, नवल तुलस्यान, सुनील गुप्ता, उपेंद्र प्रसाद, संजय गुप्ता, अनिल गुप्ता सहित काफी संख्या में लोगउपस्थित थे।

## झूठ संस्कृति को हेमंत सरकार ने स्थापित किया: अभिषेक राज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आजसू के नेतृत्व में युवा रांची के प्रभात तारा मैदान में लाखों की संख्या में नियुक्ति व रोजगार की मांग को लेकर पहुंचेंगे। युवा आजसू व अखिल झारखण्ड छात्र संघ ने शाहपुर डाउन-टाउन कैफे में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में कहा था कि हमारी सरकार बनेगी तो हर बर्ष 5 लाख युवा को नौकरी देंगे व शिक्षित बेरोजगारों को 5 से 10 हजार तक बेरोजगारी भत्ता देंगे। मगर हेमंत सोरेन ने मुंगेरीलाल का हसीन सपना दिखा कर युवाओं को गुमराह किया। सरकार अंतिम सांस गिन रही है। राहुल मिश्रा प्रभारी युवा आजसू ने कहा कि लूट और झूठ



संस्कृति को हेमंत सोरेन सरकार ने स्थापित किया। प्रभात तारा मैदान में कल लाखों छात्र नौजवान जुट कर सरकार के अन्तिम संस्कार का शंखनाद करेंगे। संवाददाता सम्मेलन में विपिन शुक्ला, जिला संयोजक छात्र आजसू हिमांशु रंजन, विश्वविद्यालय प्रभारी अभिषेक तिवारी, विश्वविद्यालय सचिव विकास उपाध्याय, विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष निलांबर-पितांबर विश्वविद्यालय मौजूद थे।

## एक नजर

### वज्रपात से महिला की मौत

**भवनाथपुर।** थाना क्षेत्र के बुका गांव निवासी सह कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष प्रयाग राउत की माता कमला देवी की मौत शनिवार के अहले सुबह वज्रपात से हो गई। उन्हे ईलाज हेतु तत्काल स्थानीय सीएचसी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे थाना के एएसआई उदय शर्मा ने शव का पंचनामा के उपरांत अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेजवाया। उनकी मौत की खबर सुनकर मुखिया बेबी देवी, बुचूल राम, अनुमंडल विधायक प्रतिनिधि दयानंद सोनी, भाजपा नेता रवि पाल, जेएलकेएस के जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता, पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष सह झामुमो नेता ब्रजेश सिंह, प्रखंड अध्यक्ष मनोज यादव आदि ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया।

### सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**भवनाथपुर।** शनिवार की सुबह थाना क्षेत्र के कवलदाग गांव के समीप अनियंत्रित होकर मोटर साइकिल सवार युवक गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों द्वारा 108 एंबुलेंस से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजा गया। वहा चिकित्सक शैलेन्द्र कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गढ़वा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार नगर उंटारी थाना क्षेत्र के हुल्हूला खुर्द निवासी मौलाना तौसिर्फ रजा अपने घर से सुबह कांडी थाना क्षेत्र के ढबरिया गांव में मदरसा में पढ़ाने जा रहे थे। कवलदाग गांव के पास मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पलट जाने से गंभीर रूप से घायल हो गए।जहाँ ग्रामीणों ने घायल को 108 एंबुलेंस से भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए भेजा गया।

आतिशबाजी कर अधिवक्ताओं ने किया खुशी का इजहार

# राज्य गठन के बाद हेमंत सबसे बेहतर मुख्यमंत्री साबित हुए: परेश कुमार



### राज्य की सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किया है

सरकारी अधिवक्ता परेश कुमार तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के विकास के साथ-साथ सभी वर्गों के हित में ऐतिहासिक कार्य किया है। यह कह सकते हैं कि झारखंड राज्य गठन के 23 वर्षों में हेमंत सोरेन सबसे बेहतर मुख्यमंत्री साबित हुए हैं। मुख्यमंत्री ने सात जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री अधिवक्ता संवाद कार्यक्रम में किए सभी वादों को छह सितंबर को पूरा करने का काम किया है। साथ ही उन्होंने छह सितंबर को शिक्षक दिवस की तरह अधिवक्ता कल्याण दिवस घोषित करने की भी मांग किया है।

**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिवक्ताओं के लिए पेंशन, स्वास्थ्य बीमा व पांच वर्ष तक स्टाईपन देने की स्वीकृति के बाद व्यवहार न्यायालय गढ़वा के सरकारी अधिवक्ता (जीपी) परेश कुमार तिवारी ने शनिवार को अपने कार्यालय में अधिवक्ताओं के साथ पत्रकार वार्ता आयोजित कर मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया है। इससे पहले अधिवक्ताओं ने कचहरी परिसर में आतिशबाजी कर खुशी का इजहार किया है। उन्होंने कहा कि 65 वर्ष से अधिक उम्र के इकच्छुक अधिवक्ता को लाईसेंश सरेण्डर करने पर 14 हजार रुपए प्रति माह झारखण्ड सरकार पेंशन उपलब्ध कराएगी, झारखण्ड में कार्यरत सभी 30 हजार अधिवक्ताओं को पांच लाख रुपए का मेडिकल एंश्योरेंस और नये अधिवक्ताओं को निबंधन के साथ पांच हजार रुपए प्रतिमाह स्टाईपन देने की स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि सात जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री अधिवक्ता संवाद कार्यक्रम में किए सभी वादों को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूरा करने का काम किया है। इनमें से सात सूत्री मांगों में से नोटरी पब्लिक के चयन के लिए पूर्व में ही झारखंड के लोकप्रिय सरकार द्वारा विज्ञापन प्रकाशित कर दिया गया है। वहीं कोर्ट फी की बढ़ोत्तरी को नवंबर 2023 से ही झारखंड सरकार ने घटाकर आम जनमानस को राहत देने का काम किया है। मौके पर गढ़वा जिला अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष परशुराम तिवारी, नरेंद्र पाण्डेय, वर्तमान जिला अधिवक्ता संघ के कार्यकारणी सदस्य अमरेंद्र कुमार, राजीव पांडेय, वरिष्ठ अधिवक्ता लालजी नाथ पाठक, अनिल पाठक, ललित कुमार पाण्डेय, विजय पाण्डेय, जयप्रकाश नारायण सिन्हा, परवेज शाहिद, कासिम खान, प्रेमचंद तिवारी, रविशंकर दुबे, संजीव कुमार पांडेय, शशिभूषण तिवारी, करुणा निधि तिवारी, मृणालमंजुल पाण्डेय, अवध किशोर चौबे, दिग्विजय सिंह, मुकेश सिंह, तृप्ति, अनूप ठाकुर, देवेन्द्र ठाकुर, मो. अफजल, रामचंद्र भगत, गोपेश कृष्ण सिन्हा, प्रणव कुमार, सत्यम पाल, दिलीप कुमार, अभय तिवारी, महेश रंजन श्रीवास्तव, जितेन्द्र यादव, प्रत्युष प्रतिक आदि अधिवक्ता मौजूद थे।

## गणेश उत्सव पूजा की धूम रही जिले में



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** सिद्धि विनायक भगवान गणेश की पूजा-अर्चना पूरे जिले में धूमधाम से की गई। गणेश चतुर्थी के मौके पर जिले भर में कई स्थानों पर पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। गणपति का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बाजार और घरों में भी चहल-पहल बनी रही। मंदिरों और पंडालों में भगवान गणेश की पूजा-पाठ पूरे विधि-विधान के साथ की गई। शहर के टंडवा स्थित पूजा पंडालों में स्थापित भगवान गणेश की प्रतिमा श्रद्धालुओं के दर्शन और पूजन के लिए खोल दिया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पंडालों में पहुंचकर उनका दर्शन कर पूजा की। पहले दिन वैदिक मंत्रोच्चारण से से भगवान गणेश की पूजा-अर्चना से शहर का वातावरण भक्तिमय बना रहा है। गणेश महोत?सव को लेकर लोगो के बीच विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जिले में गणेश उत्सव के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी गणेश पूजनोत्सव धूम-धाम के साथ मनाया गया। कई स्थानों पर इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

## लेन-देन के मामले में हुई थी महिला की हत्या

### पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** पिछले 4 सितंबर को भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बनसानी पंचायत के ललहकी दामर टोला में एक खेत में मिले महिला के शव के मामले में भवनाथपुर पुलिस ने खुलासा किया है। महिला के हत्या करने के आरोपी मृतिका के भसुर बुधन भुइयां और उसकी पत्नी तारा देवी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसडीपीओ कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया की महिला का पहचान राजेंद्र भुइयां की पत्नी लीलावती देवी के रूप में किया गया था। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुसंधान को लेकर एक टीम गठित किया गया। गठित टीम जब मृतिका के घर पहुंचकर पूछताछ किया जिसके बाद मृतिका के भसुर बुधन भुइयां ने स्वीकार किया की लीलावती देवी का हत्या किए है। उन्होंने बताया कि बुधन भुइयां और उसकी पत्नी तारा देवी ने लीलावती देवी को पूर्व में लेनदेन के मामले पर गर्म पानी शरीर पर डालकर गला दबाकर हत्या किया और शव को खेत में फेंक दिया था। आयोजित प्रेस वार्ता में भवनाथपुर पुलिस इंस्पेक्टर गुलाब सिंह, थाना प्रभारी कृष्णा कुमार, अनुसंधानकर्ता दिनेश कुमार, प्रदीप उराव सहित पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

## विस चुनाव को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी ने की बैठक, दिए निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**श्री बंशीधर नगर।** विधानसभा चुनाव के आलोक में शनिवार को अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सत्येंद्र नारायण सिंह की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में झारखंड व उत्तर प्रदेश के सीमावर्ती पुलिस पदाधिकारियों की अंतरराज्यीय बैठक हुई। इसमें विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसकी जानकारी देते हुए एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बताया कि झारखंड के सीमावर्ती राज्य के जो अपराधकर्मी, नक्सली व असामाजिक तत्व चुनाव के दौरान गड़बड़ी पैदा कर सकते हैं, उनकी सूची, अंतरराज्यीय सीमा चेक पोस्ट कहां-कहां स्थापित करना है, अवैध शराब, मादक पदार्थ व हथियार तस्करों की सूची, अंतरराज्यीय अपराधी गिरोह की सूची एवं चुनाव के दौरान कहां-कहां पेट्रोलिंग करना है। आदि बिंदुओं पर विचार-विमर्श कर रणनीति तैयार किया गया। इस दौरान एक दूसरे का भरपूर सहयोग कर शांतिपूर्ण, भयमुक्त व निष्पक्ष चुनाव संपन्न करने को लेकर आपसी सहमति बनी। मौके पर सीमावर्ती सोनभद्र जिले के दुद्धी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रदीप सिंह चंदेल, ओबरा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हर्ष पांडेय, कोन थाना प्रभारी गोपालजी गुप्ता, विंढमगंज थाना प्रभारी प्रमोद कुमार यादव, श्री बंशीधर नगर के पुलिस निरीक्षक रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, भवनाथपुर के पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह, धुरकी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार, खरौंधी थाना प्रभारी रवि कुमार केशरी आदि उपस्थित थे।

### सात शिक्षकों को सम्मानित किया जायेगा

**गढ़वा।** जिला पब्लिक स्कूल समन्वय समिति गढ़वा द्वारा प्रत्येक वर्ष शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में समर्पित और कर्मठ शिक्षकों को सम्मानित किया जाता है। इसी कड़ी में रविवार को जिले भर से विभिन्न विद्यालयों के कुल सात शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें अरविंद कुमार चंद्रवंशी (सरस्वती ज्ञान मंदिर बिशनपुरा), सजाउल हक शाह (ज्ञान भारती पब्लिक स्कूल बेलचंपा), स्वीटी वर्षा बाखला (शांति निवास उच्च विद्यालय गढ़वा), नेहा कुमारी (गुरुकुल पब्लिक स्कूल नगर उंटारी) राजेश कुमार पांडेय (आर के पब्लिक पब्लिक स्कूल ऊंचरी मझिआंव), रीना कुमारी (बीएसकेडी पब्लिक स्कूल गढ़वा) को सम्मानित किया जाएगा।

## अबुआ आवास के लिए मिले 684 आवेदन



**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार प्रखंड के मुकुन्दपुर पंचायत के सूर्य नारायण वन में शनिवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुखिया मुखिया मुंगा साह, उप प्रमुख शम्भू सिंह,बीस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह,बीपीओ निरज पाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उक्त कार्यक्रम में मुखिया मुंगा साह ने ग्रामीणों को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए संबंधित विभाग के लगे स्टॉल में आवेदन देने का अपील की। जेएसएलपीएस के द्वारा महिलाओं कोअपना रोजगार खोल कर आत्मनिर्भर बनने के लिए 6 महिला समूहों के विकास सिंह और प्रमुख चंद्रावती देवी ने 27 लाख रुपये चेक वितरण किया गया। वहीं पांच वृद्धों को सर्वजन पेंशन योजना का स्वीकृती कर आन द स्पॉट प्रमाण पत्र दिया गया। बीडीओ विकास सिंह ने शिविर में लगे विभिन्न स्टालों पर प्राप्त आवेदनों का रजिस्ट्रेशन करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा कि शिविर का उद्देश्य अंतिम व्यक्ति तक सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। शिविर में सबसे ज्यादा अबुआ आवास के लिए 684 आवेदन प्राप्त हुआ। वहीं मनरेगा में 8, राशन कार्ड 9, मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना 51, पशुधन योजना 64 , सर्वजन पेंशन 78 ,पीएम किसान सहित कुल 951 आवेदन प्राप्त हुए। जिसमें इस 3 लोगों को आन द स्पॉट योजना का लाभ दिया गया। मौके पर नोडल पदाधिकारी राकेश कुमार, सीआई नागेंद्र पाठक, कर्मचारी प्रकाश कुमार, बीटीएम राकेश कुमार, कम्प्यूटर आपरेटर सिराज अंसारी, अनुप कुमार, जयरात अंसारी, रघुनाथ पाल सहित ब्लॉक और अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## सांप काटने से तीन बच्चों के बाद पीड़ित परिवार से मिले भाजपा नेता

**गढ़वा।** चिनियां के चपकली गांव स्थित नावानगर टोला में विषैला सांप काटने से आदिम जन जाति परिवार के तीन बच्चों की मौत की खबर सुनकर भाजपा नेता सूरज गुप्ता ने पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार से मिलकर दुःख व्यक्त करते हुए कि छोटे छोटे बच्चों का दुनिया से असमय चले जाना असहनीय पीड़ा है। यह प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवार पर दुःख का पहाड़ टूट गया है। उन्होंने कहा कि सरकार अविलंब मृत बच्चों के अभिभावकों को 10-10 लाख रुपए मुआवजा और अन्य सरकारी लाभ देने की मांग की है। भाजपा नेता ने कहा कि मृतक के घर पहुंचने में डेढ़ किलोमीटर लगभग पैदल पगडंडी से जाना पड़ा।आदिम जन जाति से भरा हुआ नावानगर टोले में विकास की कोई भी योजनाएं नहीं दिखा। यह टोला स्थानीय विधायक सह पेयजल स्वच्छता मंत्री के दावे का पोल खोलता है। उन्होंने ने कहा कि लंबे-लंबे पोस्टर में सड़क निर्माण का प्रचार करने वाले स्थानीय मंत्री को एक बार चपकली गांव का नावानगर आकर आईने में विकास का चेहरा देखना चाहिए।

## महोत्सव

### पूर्व विधायक ने गणेश महोत्सव पूजा का उद्घाटन किया

## गणपति बप्पा की कृपा से सभी के जीवन में सकारात्मकता का संचार हो : अनंत



**नवीन मेल संवाददाता**

**खरौंधी।** गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के अरंगी पंचायत के ग्राम गटियरवा (चौपाल) में युवा शक्ति संगठन द्वारा श्री गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के वरिष्ठ नेता और भवनाथपुर के पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव एवं जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी शामिल हुए। उन्होंने अपने हाथों से दीप प्रज्वलित कर इस एकदिवसीय महोत्सव का शुभारंभ किया। श्री गणेश महोत्सव का आयोजन भक्ति और उत्साह के साथ किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों और भक्तों ने भाग लिया। गणेश चतुर्थी के इस पावन अवसर पर अनंत प्रताप देव ने भगवान श्री गणेश से सभी भक्तों के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि गणपति बप्पा की कृपा से सभी के जीवन में सकारात्मकता और खुशहाली का संचार हो। इस अवसर पर गणेश भगवान के भजन-कीर्तन का आयोजन भी हुआ, जिसमें स्थानीय कलाकारों और भक्तों ने अपनी प्रस्तुति दी।अनंत प्रताप देव ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज में एकता और समृद्धि को बढ़ावा देते हैं। साथ ही, उन्होंने आयोजन समिति और युवा शक्ति संगठन के सदस्यों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। पूरे माहौल में भक्तों के बीच भक्ति और आनंद की लहर देखने को मिली।मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, झामुमों नेता सह जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान,उपप्रमुख देवदत प्रसाद आर्य, झामुमो युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष विजय मेहता झामुमों नेता श्यामसुंदर राम, विनोद यादव, समाजसेवी डॉ रामनाथ मेहता, सहित आयोजनकर्ता, भक्तगण सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### गणेश पूजा पर श्रद्धालुओं में उत्साह

**मेराल।** प्रखंड क्षेत्र के हासनदाग गांव में शनिवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर बजरंगबली मंदिर के पास गणेश भगवान की मूर्ति पूजा पंडाल में रखी गई। गणेश भगवान का पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। काशी से आए विद्वान आचार्य पंडित श्री श्री 1008 विश्वाकांत पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण कर गणेश भगवान के प्राण प्रतिष्ठा कराया गया। पूजा अर्चना में मुख्य यजमान दिलीप चंद्रवंशी तथा अनेक श्रद्धालुओं ने गणेश भगवान का पूजा अर्चना में शामिल हुए। पूजा के दौरान स्टूडेंट क्लब के श्रद्धालु सदस्यों द्वारा गणपति बप्पा मोरया मंगल मूर्ति मोरया का जय घोष किया गया। गणेश भगवान के प्राण प्रतिष्ठा एवं पूजा के बाद पूरा गांव भक्ति मय हो गया।

## न्यूज बॉक्स

### योजनाएं ग्रामीण के जीवन में आर्थिक, सामाजिक सुधार लाने में सहायकः प्रमुख

**खरौंधी।** शनिवार को खरौंधी प्रखंड के चन्दनी पंचायत में आयोजित ₹सरकार आपके द्वार₹ कार्यक्रम ने ग्रामीण समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान किया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना और सरकारी योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचाना था। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख आभा रानी, जिला परिषद सदस्य धर्मराज पासवान और मुखिया रामगहन मेहता ने संयुक्त रूप से किया, जो इस बात का प्रतीक था कि सरकार की सभी इकाइयां मिलकर काम कर रही हैं। इस कार्यक्रम के दौरान सैकड़ों ग्रामीणों ने विभिन्न योजनाओं और समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन किए। इनमें अबुवा आवास, प्रधानमंत्री आवास योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) ऋण, भूमि हस्तांतरण (मोटेशन), जॉब कार्ड जारी करने, सावित्रीबाई फुले योजना, प्रधानमंत्री किसान योजना, मनरेगा, शिक्षा, और स्वास्थ्य से संबंधित सहित अन्य मुद्दों पर आवेदन शामिल थे। प्रमुख आभा रानी ने कहा कि योजनाएं ग्रामीण जनता के जीवन में आर्थिक और सामाजिक सुधार लाने में सहायक हैं।कार्यक्रम की सफलता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि कुल 583 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें 122 आवेदन का मौके पर ही समाधान किया गया। यह न केवल ग्रामीणों को त्वरित सहायता प्रदान करने का प्रमाण है, बल्कि सरकारी प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता भी दशार्ता है। इसके अलावा, विभिन्न सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों की शिकायतें और समस्याओं को सुनकर उनका त्वरित निराकरण किया। इस प्रकार के कार्यक्रम ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी सेवाओं की पहुंच को सुनिश्चित करने और लोगों के जीवन में सुधार लाने का सशक्त माध्यम बन रहे हैं।झारखंड सरकार का यह महत्वपूर्ण कार्यक्रम सरकार आपके द्वार जैसे कार्यक्रम ग्रामीणों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर लगाने से बचाते हैं और उन्हें उनकी समस्याओं का समाधान अपने गांव में ही मिल जाता है। इस प्रकार की पहल से सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी होता है और लोगों का सरकार पर विश्वास भी बढ़ता है।मौके पर बीपीओ अंकित कुमार प्रधान सहायक संजय सक्सेना अंचल निरीक्षक मोजिब खान,जीपीएस उमेश कुमार,प्रभारी कल्याण पदाधिकारी विनोद पासवान, प्रखंड समन्वयक रवि रंजन कुमार,जेई अविनाश कुमार,कर्मचारी अजमेरी अंसारी,अमरेंद्र कुमार ऑपरेटर मनीष कुमार,सचेत कुमार,मुसाफिर साह सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### पूरे विधानसभा में परिवर्तन की लहर चल रहीः अलख पांडेय

**गढ़वा।** वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह गढ़वा रंका विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अलखनाथ पाण्डेय ने मेराल थाना क्षेत्र के बंका बाजार में वरिष्ठ भाजपा नेता गण एवं कार्यकर्ता गण के साथ जाकर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के बाद अलखनाथ पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान सरकार में आम जनता भ्रष्टाचार लूटपाट से त्रस्त है।साथ ही साथ बेरोजगारी चरम पर है। जनता का विश्वास झामुमो सरकार से उठ चुका है। क्योंकि वर्तमान सरकार अपने अनगिनत किए हुए वादों में से एक भी वादा पूरा नहीं कर पाई है, बजाय जनता को ठगने के। उन्होंने कहा कि गढ़वा विधानसभा सहित पूरे झारखंड की जनता इस बार परिवर्तन करने के लिए पूरा मन बना चुकी है। बस समय का इंतजार है।इस बार विधानसभा चुनाव में भाजपा की सरकार अच्छे बहुमत के साथ बनने जा रही है। मौके पर गढ़वा जिला सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, गढ़वा जिला मंत्री चंदन जायसवाल, गढ़वा जिला मंत्री महेंद्र सिंह, भाजपा नेता धनंजय तिवारी, मंटू गुप्ता, रोशन दुबे, अनुज मेहता, सरवन राम, प्रकाश महतो, राजीव राम सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### ओबीसी मोर्चा के युवा जिला अध्यक्ष ने सांसद को सौंपा मांग पत्र

**गढ़वा।** राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के युवा जिला अध्यक्ष शुभम कुमार ने पलामू संसदीय क्षेत्र के सांसद बीडी राम को ओबीसी के आरक्षण बढ़ाकर नवी सूची में दर्ज कराने, जातीय जनगणना कराने आरक्षण की 50 प्रतिशत सीमा और क्रीमी लेयर को हटाने के लिए मांग पत्र सौंपा है। ओबीसी मोर्चा के युवा महासचिव अखिलेश पाल ने कहा कि देश में एससी एसटी और ईडब्ल्यूएस की आबादी के अनुसार क्रमशः 15 प्रतिशत से 7 प्रतिशत और 10 प्रतिशत दी जा रही है। वहीं ओबीसी समुदाय जिनकी आबादी 1931 के जनगणना के अनुसार 52 प्रतिशत है। उसे मात्र 14 प्रतिशत दी जारी है। उन्हें उनकी जनसंख्या के अनुपात में 52 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। यादव महासभा के युवा जिला अध्यक्ष सोनू यादव ने कहा की देश में जाती जनगणना करवाना चाहिए। और जिसका जितना आबादी उसको उतना हक और अधिकार मिलना चाहिए। मौके पर ओबीसी समाज के संतोष निषाद, अमरेश यादव, अखिलेश पाल, संतोष निषाद, प्रिंस ठाकुर आदि लोग उपस्थित थे।

### करंट की चपेट में आने से युवती घायल

**गढ़वा।** रंका थाना क्षेत्र शिशवा गांव में शनिवार को नागेंद्र सिंह की पुत्री रानी कुमारी ने विद्युत करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। सदर अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है। बताया गया कि शिशवा गांव के समीप 11 केवीए विद्युत लाइन का तार लटका हुआ है। रानी कुमारी ने बकरी चराने के लिए गई थी। बकरियों को वहां से हटाने के क्रम में वह करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आ गई। इससे उसका शरीर झुलस गया। इसकी जानकारी मिलने पर स्वजनों ने उसे सदर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया।

### सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 515 आवेदन आये



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के हुलहुला खुर्द पंचायत सचिवालय में शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अदिति गुप्ता, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष शैलेश कुमार चौबे, मुखिया सुशीला देवी, प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में कुल 515 आवेदन प्राप्त हुये,जिसमे 56 आवेदनों का त्वरित निष्पादन किया गया,जब कि 459 आवेदन लंबित रहे। प्राप्त आवेदनों में अबुआ आवास योजना के 330 आवेदन,दाखिल खारिज से संबंधित 1 आवेदन,15वें वित्त के लिए 1 आवेदन, गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना के लिए 2 आवेदन,मनरेगा के तहत नये कार्य के लिए 16 आवेदन,नये जॉब कार्ड के लिये 29 आवेदन,नया राशन कार्ड व संशोधन के लिये 67 आवेदन,सर्वजन पेंशन योजना का 44 आवेदन,मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिये 5 आवेदन,पेयजल के लिये 7 आवेदन,कल्याण विभाग से संबंधित 1 आवेदन प्राप्त हुये जबकि 12 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोसलिस्ट राम, प्रभारी पंचायत सचिव विकास कुमार, प्रभारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्ञान चंद्र केशरी, प्रखंड समन्वयक रामकिशुन राम, ग्राम सेविका उषा देवी, लालती देवी, लघु कुटीर उद्योग समन्वयक सुमित कुमार, लिपिक मनोज कुमार , वेद प्रकाश,जेएसएलपीएस एसआरपी वाजदा खातुन, जाकिर हुसैन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रखंड पंचायती राज समन्वयक कौशल कुमार ने किया।

# विद्यालय के समक्ष मुहल्लेवासी जमा कर रहे अपने घर का कूड़ा



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
थाना टोली स्थित राजकीय हिन्दी मध्य विद्यालय के गेट के समीप मुहल्ले वासी अपने घरों से निकला कूड़ा डंप कर रहे हैं, जिससे विद्यालय का द्वार सदा ही कचरे से पटा रहता है। नगर क्षेत्र का प्रतिष्ठित विद्यालय आज अपनी गरिमा खोता जा रहा है वहीं रही सही कसर मुहलेवासी पूरा किये दे रहे हैं। ऐसी स्थिति में बच्चों को पढ़ाई के लिए स्वच्छ वातवरण मिले तो मिले कैसे। स्थिति से अजीज आकर विद्यालय प्रबंधन ने मुहलेवासियो से अपील किया है कि विद्यालय परिसर के सफाई में सहयोग के बदले सौगात के रूप में विद्यालय को दिया जाने वाला कचड़े का ढेर से विद्यालय को बख्शा जाय। नगर के सभ्रांत लोग सरकारी विद्यालय के प्रति अपनी सोच बदलें और शहर के पुराने एवं गौरवशाली विद्यालय के विकास में सहभागी बने। अपने -अपने घरों के साथ-साथ अपने शहर को भी स्वच्छ रखने पर ध्यान दें। विद्यालय के शिक्षक अजय कुमार सिंह ने मुहल्ले वासियो के इस असहयोगात्मक रवैये से व्यथित होकर शोशल मीडिया से सहयोग मांगा है। उन्होंने कहा कि छात्र और विद्यालय हित में सहयोग के लिए आभार, परन्तु नगरपालिका लोहरदगा की अबतक अनदेखी का परिणाम है ये विद्यालय गेट के सामने कचरा का ढेर। जबकि इसके निमित्त मैं विगत 02 अगस्त सोमवार को नगर पर्षद प्रशासक से भी मिलकर विद्यालय एवं छात्र हित में स्थायी समाधान की मांग किए हैं, फिर भी रोज मुहल्ले का कचरा विद्यालय के सामने ही डंप किया जा रहा है। नगरपालिका द्वारा कोई स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है, बल्कि विद्यालय परिवार को स्वयं इसके लिए मुहिम चलाना पड़ रहा है। जिसके तहत आज पैनी नजर रखते हुए जब कचड़ा फेंकने वाले लोगों को पकड़ा गया तो मुहल्ले के लोगों द्वारा जो मजबुरीयां बतायी गयी उसे सुनकर साफ पता चलता है कि मुहल्ले वासियों के साथ नगरपालिका भी कहीं अधिक जिम्मेवार और विद्यालय के स्वच्छता के प्रति लापरवाह है।

# सोशल पुलिसिंग : मौखिक जागरूकता कार्यक्रम में ग्रामीणों को दिये गए सुझाव

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा-लोहरदगा**
शोसल पुलिसिंग के तहत डांडू पंचायत ग्राम में सेन्हा पुलिस द्वारा जागरूकता आयोजित किया गया. विदित हो कि पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना क्षेत्र के डांडू पंचायत ग्राम में अखरा के समीप थाना प्रभारी अजित कुमार के नेतृत्व में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्या सुनी गई।तथा मौखिक रूप से निष्पादन करते हुए ग्रामीणों को विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी साझा करते हुए जागरूक किया गया।शोसल पुलिसिंग के तहत आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी अजित कुमार ने ग्रामीणों को कानून की जानकारी विस्तार पूर्वक देते हुए जमीनी विवाद,अंधविश्वास दुष्कर्म घरेलू विवाद,सहित अन्य बिंदुओं पर संविधान के अनुसार गलत कार्य के परिणाम पर जानकारी एवं धारा के बारे में बताया गया।और ग्रामीणों से अपील किया गया कि किसी प्रकार विवाद में खून खराबा होने की संभावना हो तो कानून को अपने हाथ मे न लें और इसकी सूचना संबंधित पदाधिकारी को देते हुए कानूनी मदद ले शोसल पुलिसिंग के तहत हर सम्भव मदद किया जाएगा। मौके पर एस आई मनोज कुमार एवं सुरक्षा बल शामिल थे।

# रात जंगली हाथी ने गांव में घुसकर घंटों उत्पात मचाया

**नवीन मेल संवाददाता। जारी**
जारी थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव में शुक्रवार की देर रात जंगली हाथी ने गांव में घुसकर घंटा उत्पात मचाया। उत्पात मचाते हुए गांव के सिकंदर नायक,लेंजेनुस टोप्पो,ब्याजुस कुजूर के घरों को जंगली हाथी ने ध्वस्त कर दिया। वही पीड़ित ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार के लगभग 1:00 बजे जंगली हाथी गांव में प्रवेश कर चिंग्घड़ना शुरू किया। इसके बाद एक-एक कर के घरों को तोड़ना शुरू किया।किसी तरह घर से निकल कर जान बचाते हुए भागना पड़ा।जिसके बाद पूरे ग्रामीण एकजुट होकर घंटो भर हाथी को भगाने के लिए मशक्कत करना पड़ा। जिसके बाद 5 बजे सुबह जंगली हाथी श्रीनगर जंगल की ओर चला गया।वही गांव के संजय प्रसाद, राजकुमार



टोप्पो,फिरोज टोप्पो,मुन्ना साहू,जेकब टोप्पो शैलेश कुजूर सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि आये दिन जंगली हाथी गांव में घुसकर आत है।

### खिलाड़ी अनुशासन और नियम से खेलें, सफलता मिलेगी : धीरज प्रसाद साहू

# फुटबॉल प्रतियोगिता में युवा अपने अंदर की प्रतिभा को निखारें : रोहित उरांव



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
भंडरा प्रखंड अंतर्गत ग्राम बैमारी में 5 दिवसीय स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू मेमोरियल फुटबॉल प्रतियोगिता के समापन समारोह में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू एवं मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव के पुत्र युवा नेता रोहित उरांव शामिल हुए। समापन समारोह के फाइनल मैच में खखपरता बनाम अकासी की बीच मुकाबला खेला गया। जिसमें 12-0 से अकासी की टीम जीतकर चैंपियन बनी। सभी विजेता एवं उपविजेता टीम को कमिटी एवं मुख्य अतिथि के द्वारा नगद पुरस्कार के साथ खस्सी देकर सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में खेल और खिलाड़ियों को कमी नही है। हमारे खिलाड़ियों में प्रतिभा कूट-कूट कर भरा हुवा है। बस उन्हें खेल के नियम के साथ अनुशासन के साथ खेल खेलना है सफलता अवश्य प्राप्त होगी। इसके साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में खेल को बढ़ावा देना एवं युवाओं के प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए काफी कार्य किए जा रहे हैं। खिलाड़ी खेल को रोजगार के माध्यम से भी अपना सकते हैं शिक्षा के साथ खेल युवाओं के लिए रोजगार लेकर आती है जिसे युवा नशा पान से दूर होकर एक अनुशासन के साथ अगर मैच खेले और अपनी प्रतिभा को दिखाएं तो निश्चित तौर पर उन्हें रोजगार और अपने शारीरिक मानसिक क्षमता बढ़ा सकते हैं।

### आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम

# शिविर में आएं और योजनाओं का लाभ उठायें



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
श्री चंद्रशेखर, सचिव राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखंड सरकार आज भंडरा प्रखंड के गडरपो पंचायत के धनामुन्जी खेल मैदान में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार द्वारा यह बहुत ही बेहतर कार्यक्रम आमजनों के लिए चलाया जा रहा है जिसमें आम नागरिक आकर अपनी समस्याएं रख सकते हैं अपने जरूरत की योजना के लिए आवेदन कर सकते हैं। इन आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई की जा रही है उसका निष्पादन किया जा रहा है। आप शिविर में आएं और अपना आवेदन समर्पित करें, सरकार उसका समाधान करेगी। सचिव ने कहा कि प्रकृति की बेहतरी के लिए हम सभी को पेड़ जरूर लगाना चाहिए। सचिव ने पदाधिकारियों को निदेश दिया कि आगे आयोजित होने शिविरों में आम जनों के बीच भी पौधा वितरण किया जाय ताकि वे अपने आस-पास की खाली जमीन पर पौधा लगा कर क्षेत्र को हरा भरा कर सकें।

**अब तक 1153 आवेदन निष्पादित : दिलीप प्रताप सिंह शेखावत**
कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने कहा कि लोहरदगा जिला के सात प्रखंडों व नगर परिषद क्षेत्र में 30 अगस्त 2024 से अब तक कुल 16188 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 1153 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है।

## टाउन हॉल में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम 10 सितंबर को

**लोहरदगा।** लोहरदगा पुलिस की ओर से शहरी क्षेत्र में राज्य स्तर पर जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन 10 सितंबर 2024 को टाउन हॉल, लोहरदगा में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में आम नागरिकों की समस्या / शिकायत का त्वरित निष्पादन किया जायेगा। इस कार्यक्रम के दौरान आम नागरिकों से प्राप्त लिखित एवं मौखिक शिकायत/समस्या पर लोहरदगा जिला के प्रखण्ड कार्यालय एवं थाना/ओ० पी० / शाखा के पदाधिकारी से संपर्क स्थापित कर आम नागरिकों के शिकायत / समस्या का त्वरित निष्पादन किया जाएगा।

# मासिक अपराध गोष्ठी में सुरक्षा व अपराध नियंत्रण पर दिए गए दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**
आज शंभू कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक गुमला की अध्यक्षता में पुलिस केन्द्र, गुमला में मासिक अपराध गोष्ठी का आयोजन हुआ। बैठक में जिले के सभी पुलिस अधिकारी, थाना प्रभारी और शाखा प्रमुख उपस्थित रहे। पुलिस अधीक्षक ने मुख्यमंत्री के हालिया भ्रमण कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी अधिकारियों को बधाई दी और भविष्य में भी जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु निर्देश दिए। इसके अलावा डायन प्रथा, सड़क सुरक्षा, महिला उत्पीड़न, नशा उन्मूलन, ब्राउन सुगर तस्करी, मानव तस्करी और पलायन जैसे गंभीर मुद्दों पर जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए यातायात नियमों के सख्त पालन और मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की चर्चा भी बैठक में की गई। पुलिस अधीक्षक ने हत्या, बलात्कार, अप्राकृतिक मृत्यु, गृहभेदन, मोटर साइकिल चोरी जैसे मामलों में त्वरित कार्रवाई और अनुसंधान करने पर बल दिया। साथ ही अपराधियों के संबंध में समीक्षा कर अपराध नियंत्रण के लिए कठोर कदम उठाने के निर्देश दिए।

# सशक्त बूथ रणनीति से ही भाजपा की होगी जीत : मनीर उरांव



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में विशुनपुर विधानसभा क्षेत्र में पड़ने सेन्हा, भंडरा एवम पेसरार प्रखंड के कुल 104 बूथ के अध्यक्ष की बैठक शनिवार को जिला अध्यक्ष मनीर उराँव की अध्यक्षता में की गई।बैठक में बूथ अध्यक्ष को अपने अपने बूथों में बैठक कर बूथ कमिटी की समीक्षा करने ,बूथ को मजबूत बनाने,बूथ कमिटी के अलावा 10 -10 महिला एवम पुरुष सदस्यों को जोड़ने,बूथ में पड़ने वाले सभी घरों में पार्टी झंडा लगाने,दीवारों पर स्लोगन लिखने समेत मतदाताओं को अपने समर्थन में करने , बूथ वाट्सप ग्रुप बनाने ऑनलाइन सदस्यता अभियान चलाने,केंद्र सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओ को जन -जन पहुचाने का निर्देश प्राथमिकता पर करने करने को कहा गया। वर्तमान हेमन्त सरकार की वादा खिलाफी एवम नाकामियो को लोगो को बतलाने की जरूरत है।

# गणेश चतुर्थी पर भगवान गणेश की हुई पूजा-आराधना

## दस दिवसीय गणेशोत्सव को लेकर शहर में बना धार्मिक माहौल





**लोहरदगा।** रिद्धि सिद्धि के दाता श्री गणेश चतुर्थी उत्सव शनिवार से शुरू हो गई है जो अगले दस दिनों तक चलेगा। भाद्रपद शुक्लपक्ष चतुर्थी को विघ्नविनायक भगवान गणेश का जन्मदिन मनाया जाता है। इस दिन को भक्त गणेशोत्सव के रूप में मनाते हैं। गणेश चतुर्थी के अवसर पर लोहरदगा शहरी क्षेत्र में लगभग एक दर्जन व पूरे जिले में लगभग चार दर्जन स्थानों पर भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई। पूरा लोहरदगा भगवान श्री गणेश की आराधना में डूबा गया है। लोहरदगा के पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। राणा चौक, बड़ा तालाब, किस्को मोड़, पतराटोली, सेन्हा, कुडू, भंडरा, किस्को पूजा पंडाल में विद्युत सज्जा देखने लायक है। दस दिवसीय गणेशोत्सव को लेकर शहर में धार्मिक माहौल है। जिस तरह बंगाल में दुर्गा पूजा का प्रचलन है। उसी तरह महाराष्ट्र में गणेशोत्सव घर-घर मनाया जाता है। दुर्गा पूजा और गणेशोत्सव अब भारत के सभी शहरों में आयोजित हो रहा है। इससे हमारी संस्कृति और परम्परा प्रबल हो रही है। अगले दस दिनों में विघ्नविनायक भगवान गणेश की पूजा- अर्चना इन्ही दस नामों की होगी। ऐसी मान्यता है कि भगवान गणेश की इन दस नामों का रोजाना स्तुति करते है। उनका समस्त विघ्न और बाधा दूर हो जाता है। किस्को मोड़ शांति नगर में आकर्षक विद्युत सज्जा और भव्य पंडाल सबको आकर्षित कर रहा है। शहर का पूरा माहौल धार्मिक हो गया है। देर रात तक गणेश प्रतिमा पण्डालों में भक्तों की भीड़ जुटी रही।

### देवस्थल में पांच दिवसीय गणेश उत्सव प्रारम्भ



**लोहरदगा।** देवस्थल शांति नगर किस्को मोड लोहरदगा पाँच दिवसीय गणेशोत्सव पूरे विधि विधान से प्रारम्भ किया गया। पुरोहित सूरज कुमार मिश्रा के द्वारा पूजन अर्चन की गई। पूजन के पश्चात दोपहर में श्रद्धालु संजय तिवारी के द्वारा भक्तो के लिए भंडारे का आयोजन किया। जिसमें श्रद्धालुओं ने आकर भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। लगातार पांच दिनों तक चलने वाले पूजन कार्यक्रम में प्रत्येक दिन संध्या आरती का आयोजन किया जाएगा। जिसमें आम लोगों के साथ साथ जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के भी शामिल होकर संध्या आरती का आनंद लेते हैं। इस क्षेत्र में गणेश पूजा आकर्षण का केंद्र होती है।

### गणेश चतुर्थी पर सरस्वती विद्या मंदिर में पारंपरिक पोशाक का हुआ प्रदर्शन




**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा के सभागार में विभिन्न राज्यों का पारंपरिक पोशाकों का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में समाजसेविका सुमन राय ,रेनू अग्रवाल ,कनकलता, विद्यालय के प्रभारी आचार्या मधुमिता शर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती , ऊं एवं भारत माता के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

# गणिनाथ जयंती समारोह में संगठन मजबूती पर हुई चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
मध्यदेशिये वैश्य समाज के तत्वावधान में चट्टी में सात सितंबर को बाबा गणिनाथ गोविंद की 25 वीं जयंती मनाई गई। स्थानीय गणिनाथ मंदिर प्रांगण में आयोजित इस जयंती समारोह में लोहरदगा, रांची, गुमला, लातेहार जिले के काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए और बाबा के बताऐ चार मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसमें वचन वेदों का अध्ययन करना, काम क्रोध और मोह का त्याग करना, सच्चाई और धर्म का पालन और नारी का सम्मान करना शामिल है। इससे पूर्व महिलाओं द्वारा बाबा गणिनाथ के पूजन हवन के पश्चात लोगों ने मंदिर प्रांगण में भगवा झंडोत्तोलन किया गया। बच्चों के प्रतियोगी कार्यक्रमों में डांस, घड़ा फोड़ बैलून फोड़, क्विज और कुर्सी रेस में सफल परिधि गुप्ता, मिशु गुप्ता, बबली गुप्ता, निभा गुप्ता, निदया गुप्ता, धैर्य कुमार और कुर्सी रेस में रामाशीष गुप्ता, द्वारिका प्रसाद आदि को पुरस्कृत किया गया। मौके पर घाघरा के सतीश प्रसाद ने संगठन के मजबूती के लिये जिलावार संगठन की बात की। वहीं ओपा निवासी गोविंद साहू ने कहा कि समाज के उत्थान के लिये शिक्षा के साथ संस्कार आवश्यक है। युवाओं को समाज के गरिमा को बनाये रखने का आह्वान करते हुए कहा कि येसा काम करें कि समाज के साथ पूर्वजों का भी नाम रोशन हो। कार्यक्रम में मथुरा साहू, रामकुमार साहू, गोविंद साहू, रामसेवक साहू, लखन साहू, राजकिशोर साहू, रामकिशोर साहू, मनोज प्रसाद, रामगति गुप्ता, लखिनारायण साहू आदि विभिन्न जिलों के अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शंभु प्रसाद, रामजी गुप्ता, केदार प्रसाद, विनीत गुप्ता, बबन, दीपक, दिलीप, देवानंद गुप्ता, बृजमोहन प्रसाद, रणबीर, विनय, पवन, विनीत गुप्ता, सुबोध गुप्ता, आकाश, किशोर, पप्पु आदि समाज के लोगों का सहयोग रहा।

## न्यूज बॉक्स

### भंडरा में अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर जब्त मामला दर्ज



**लोहरदगा।** बालू के अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद के निर्देश पर शनिवार को जिला खान निरीक्षक अजय कुमार महतो एवं भंडरा थाना की पुलिस ने औचक छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान भंडरा के उदरंगी कुंबा टोली रोड में अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर तेजी से गुजरता हुआ देखा गया। जांच टीम को देखते ही, बालू लोडेड ट्रैक्टर भागने लगा। पीछा करने पर ट्रैक्टर चालक कुंबटोली सरना स्थल के पास ट्रैक्टर छोड़कर फरार हो गया। मौके पर जिला खान निरीक्षक अजय कुमार महतो और पुलिस टीम ने ट्रैक्टर को जप्त कर लिया। अवैध बालू की फोटोग्राफी कर जप्ती सूची बनाई ।ट्रैक्टर में लगभग 100 सीएफटी अवैध बालू लोड था। भंडरा थाना में जप्त ट्रैक्टर के चालक और मालिक के विरुद्ध जिला खान निरीक्षक अजय कुमार महतो ने मामला दर्ज किया।इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि, वर्तमान में एनजीटी लागू है। बावजूद, बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन की लगातार शिकायत मिल रही थी। इसको लेकर अभियान चलाया जा रहा है। मौके से बरामद अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जप्त कर थाना में रखा गया। इस मामले पर अवैध खनन और परिवहन को लेकर विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

### शोकाकुल परिवार से मिले भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष अजातशत्रु



**कैरो / लोहरदगा।** भारतीय जनता पार्टी के गजनी शक्ति केंद्र के संजोजक जगनारायण प्रजापति के पिताजी की आकस्मिक निधन विगत शुक्रवार को हो गया था। जिसकी जानकारी मिलने के बाद भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अजात शत्रु उनके परिवार से मिलने गजनी गांव पहुँचे। शोकाकुल परिवार को सांत्वना दिया। मौके पर उन्होंने कहा हर समय भारतीय जनता पार्टी आपके परिवार के साथ हैं किसी प्रकार का कोई दिक्कत या परेशानी हो हमें सुचना दे। हर समय मदत करने का प्रयास करेंगे।इस मौके पर लखन उराव के साथ कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अली नगर कूटमु में तीन लोगों के विरुद्ध विद्युत चोरी का मामला दर्ज



**लोहरदगा।** विद्युत विभाग द्वारा शनिवार को बिजली चोरी के विरुद्ध सघन छापामारी अभियान चलाया गया। सदर थाने में तीन लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। सदर थाना क्षेत्र के अली नगर कूटमु निवासी रुस्तम अंसारी का पुत्र शमशाद अंसारी पर 12137 रुपए फाइन, अब्दुल हामिद अंसारी का पुत्र मिक्यास अहमद पर 12137, और कासिम अंसारी का पुत्र मिनहाज अंसारी पर भी 12137 फाइन लगाते हुए सदर थाना में मामला दर्ज कराया गया है। छापामारी के क्रम में उपरोक्त बिजली उपभोक्ताओं द्वारा मीटर बाईपास कर, टोका फंसाकर, बिजली का उपयोग करते पाया गया। मौके पर छापामारी दल में सहायक विधुत अभियन्ता अज्जू कच्छप, मो. आसिफ प्रखंड समन्वयक जिला उद्योग केंद्र लोहरदगा , फिरोज अख्तर सारणी पुरुष जफर अंसारी, मो. शहरु अंसारी मानव दिवस कुर्मी एवं पुलिस बल आदि मौजूद थे।

### सिद्धू कान्हु युवा क्लब को जल्द मिलेगा 25-25 हजार का अनुदान

**गुमला।** गुमला जिले के सभी राजस्व गांवों में खेल को बढ़ावा देने के लिए गठित सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लबों का सोसाइटी एक्ट के तहत रजिस्ट्रेशन किया जा रहा है। इस रजिस्ट्रेशन के बाद क्लबों को खेल सामग्री और आयोजनों के लिए ?25,000 का अनुदान दिया जाएगा। इससे ग्राम स्तर पर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जो खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारने में सहायक होंगी। अब तक 942 गांवों में क्लब गठित हो चुके हैं, जिसमें से 16 क्लबों को रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट जारी कर दिए गए हैं।रजिस्ट्रेशन में आने वाला खर्च जिला खेल कार्यालय द्वारा वहन किया जाएगा। खेल अधिकारी मनोज कुमार ने बताया कि इस अनुदान से क्लब फुटबॉल, हॉकी स्टिक, जर्सी, बूट, और गोल पोस्ट जैसी सामग्री खरीद सकते हैं। सभी क्लबों को जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन कराने का आग्रह किया गया है ताकि अगले सप्ताह से उनके खातों में ?25,000 की राशि भेजी जा सके।सहायता के लिए प्रखंड और जिला स्तर पर प्रशिक्षकों और डीएससी मनीष हेंब्रम से संपर्क किया जा सकता है।

### चैनपुर में तेज बारिश से दो घर गिरा, बाल बाल बचे लोग



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के शिशु मंदिर रोड निवासी जागीर बड़ाइक,एवं रूकमणि देवी का मिट्टी का घर शुक्रवार को आए तेज बारिश के कारण पूरी तरह ध्वस्त हो गया जिसमें घर में सो रहे लोगों को हल्की चोटे भी लगी है प्राप्त जानकारी के अनुसार जागीर बड़ाइक एवं रूकमणि देवी का परिवार रात में खाना खाकर सो रहे थे वहीं रात में जोरदार बारिश भी हो रही थी जिसके कारण दोनों का मिट्टी वाला घर अचानक ध्वस्त हो गया घर के अंदर फंसे लोग किसी प्रकार अपनी जान बचाई वहीं घर ध्वस्त होने से घरेलू समान भी नष्ट हो गया इधर घटना की सूचना पर चैनपुर जिप सदस्य मेरी लकड़ा मुखिया शोभा देवी ने घटनास्थल पर पंहुच कर मामले की जानकारी ली और दोनों पिड़ित परिवारों को 1000 रू नगद और एक एक बोरा चावल देकर सहायता की वहीं जिप सदस्य मेरी लकड़ा ने कहा कि जल्द ही अधिकारियों से बात कर दोनों परिवारों को आवास दिलाने का प्रयास करूंगी ताकि इनको बरसात में दिक्कत न हो।

### घाघरा थाना चौक में गणेश पूजा पंडाल का हुआ उद्घाटन

**घाघरा।** घाघरा में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी घाघरा थाना चौक में गणेश पुजा को लेकर शनिवार को पंडाल का उद्घाटन जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी थाना प्रभारी तरुण कुमार घाघरा मुखिया योगेंद्र भगत ने संयुक्त रूप से फिताकाट कर पंडाल का किया उद्घाटन तीन दिवसीय गणेश चतुर्थी की आयोजन गणेश पूजा समिति थाना चौक के सदस्यों ने बताया कि स्थानीय पंडित नीरज कुमार के द्वारा सारे अनुष्ठान को विधिवत कराई जा रही है। शनिवार रविवार एवं सोमवार को भव्य भंडारा का आयोजन होगा। और मंगलवार को ग्राम भ्रमण के बाद स्थानीय जलासय में मूर्ती विसर्जन का कार्य कराया जायेगा। मौके पर प्रशांत गुप्ता सत्यम गुप्ता दीपक गुप्ता संतोष गुप्ता टिंकू गुप्ता टोनी गुप्ता राजा गुप्ता समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## एक नजर

### जामाडोबा में डॉक्टर के घर से 25 लाख के गहने चोरी

**जोड़ापोखर।** जोड़ापोखर थाना क्षेत्र के जामाडोबा 6/7 पिट कोलियरी के समीप रहनेवाले टाटा जामाडोबा अस्पताल के डॉ. संदीप भट्टाचार्य के आवास का ताला तोड़कर 25 लाख के जेवरात की चोरी की गई है। शुक्रवार की शाम डॉ भट्टाचार्य ने घटना की शिकायत जोड़ापोखर थाने में की है। पुलिस मामला दर्ज कर छानबीन में जुट गई है। डॉ भट्टाचार्य ने बताया कि 31 अगस्त को निजी कार्य से वे बंगला में ताला लगाकर गए हुए थे। शुक्रवार को जब बंगला पर आए तो चोरी का पता चला। आशंका है कि दीवार फांदकर चोर घर के अंदर घुसे और अलमीरा में रखे सोना, चांदी, चांदी के मेडल सहित अन्य सामान करीब 25 लाख की संपत्ति

### बीएसएल में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

**बोकारो।** बीएसएल के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन व विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में गैस सुरक्षा पर शुक्रवार को जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाप्रबंधक डी आर टोप्पो, शुकदेव महतो, एजीएम आशीष बघेल, उप प्रबंधक शामिल रहे। संयंत्र के विभिन्न विभागो के लगभग 80 से अधिक अधिकारीगण, कार्मिक व ठेका मजदूर प्रतिभागी के रूप में सम्मिलित हुए। एजीएम विराट चौधरी ने सभी प्रतिभागियों व मुख्य अतिथि का स्वागत किया व सभी प्रतिभागियो को सुरक्षा शपथ दिलाई। एजीएम शुकदेव महतो ने गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी व इस कार्यक्रम की आवश्यकता व उपयोगिता से अवगत कराया।

### पति की दीघार्यु की कामना कर महिलाओं ने किया हरितालिका तीज का त्योहार

**चास।** बोकारो के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं ने अपने पति के दीघार्यू को लेकर हरितालिका तीज व्रत किया। इस बार हरितालिका तीज विशेष योग में मनाया गया। हरितालिका तीज व्रत सौभाग्यवती स्त्रियों के अखंड सौभाग्य व भावी सुयोग्य पति के प्राप्ति को लेकर यह व्रत किय। इस व्रत को लेकर सुबह से ही शुद्धता से रह कर संध्या समय में स्नान आदि कर बालू अथवा मिट्टी का भगवान शिव, मां पार्वती और गणेश जी की प्रतिमा बनाकर विधि विधान से पूजा किया। पूजा के समय विभिन्न प्रकार के फल और फूल भगवान शिव, मां पार्वती और गणेश जी को अर्पित किया। इस व्रत में महिलाओं ने पूरे दिन निर्जला व्रत किया ' हरितालिका तीज को लेकर महिलाओं ने अपने नजदीक के मंदिरों में जाकर भगवान शि० व पार्वती की प्रतिमा का विधिवत पूजा अर्चना किया व फल समेत अन्य प्रसाद का चढ़ाया।

# अहीर रेजीमेंट की मांग को लेकर भारत यात्रा पर निकले दो युवक पहुंचे गिरिडीह



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** भारतीय सेना में अहीर रेजिमेंट की गठन के लिए भारत यात्रा पर निकले दो युवक हरेश अहीर और उत्तम अहीर गिरिडीह पहुंचें। यात्रा के क्रम में आज यह दोनों हजारीबाग होते हुए गिरिडीह पहुंचे,जहां पर राष्ट्रीय यादव सेना के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र यादव के नेतृत्व में पदाधिकारिओं के द्वारा दोनों को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि जब भी देश के लिए कुबार्नी देने की नौबत आई है तो यादव समाज के नौजवानों ने मां भारती के लिए झोलियां भर भर कर कुर्बानी दी है। इसलिए हम लोग अहीर रेजिमेंट के गठन की मांग के लिए पूरे भारत देश के यात्रा पर निकले हैं और स्थानीय सांसद से मांग कर रहे हैं कि सदन में रेजिमेंट के गठन का पहल किया जाए। सेना के नगर अध्यक्ष रणवीर यादव, जिला कोषाध्यक्ष राजेश यादव, नगर सचिव अक्षय कुमार, कार्यसमिति सदस्य गणेश यादव, सुनील यादव, जिला उपाध्यक्ष अरुण यादव आदि ने अहीर रेजीमेंट के मांग के लिए भारत यात्रा कार्यक्रम का सराहना किया और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं मौके पर उपस्थित प्रदेश संगठन मंत्री धर्मेंद्र यादव ने कहा कि 60 वर्षों से पूरे देश में यदुवंशियों के द्वारा भारतीय सेना में अहीर रेजीमेंट के गठन की मांग की जा रही है।

### पाकुड़ में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का होगा आयोजन

# पुलिस से जुड़ी समस्याओं का ऑन स्पॉट निष्पादन होगा : एसपी

**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड़** जिले के तीन स्थानों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा. आयोजित कार्यक्रम में पुलिस एवं सिविल प्रशासन से जुड़े समस्याओं का ऑनस्पॉट निष्पादन किया जायेगा. जिसकी जानकारी एसपी प्रभात कुमार ने पत्रकार सम्मेलन में की है. पाकुड़ एसपी प्रभात कुमार ने बताया कि पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर कार्यक्रम किया जा रहा है. जिसके तहत राज्य के सभी जिलों में जन शिकायत समाधान कार्यक्रम आयोजन किया जाएगा. इस कार्यक्रम में पुलिस एवं सिविल प्रशासन से जुड़े पदाधिकारी मौजूद रहेंगे. कार्यक्रम का उद्देश्य पीड़ित पक्ष को इंसाफ दिलाना होगा. इस आयोजन में कोई भी पीड़ित यहां अपनी शिकायत दे सकते हैं. एसपी ने बताया कि यह जन समस्या कार्यक्रम का शुरूआत है और यह आगे



भी जारी रहेगा. उन्होंने आगे कहा कि जन शिकायत समाधान का शिकायतों की हर संभव ऑनस्पॉट समाधान करने का प्रयास किया जायेगा. यह कार्यक्रम समस्याओं की जांच से संबंधित है, जिसके बाद उसका निदान किया जाएगा. एसपी ने बताया कि कुछ ऐसी समस्याएं हैं जिसके लिए पीड़ित पक्ष थाना जाना पसंद नहीं करते हैं. इसलिए इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है. ताकि लोग

*कार्यक्रम का उद्देश्य पीड़ित पक्ष को इंसाफ दिलाना होगा. इस आयोजन में कोई भी पीड़ित यहां अपनी शिकायत दे सकते हैं*

केंद्र में पहुंचे और उनकी समस्या का समाधान किया जाए. इसके साथ ही प्रथम चरण में पीड़ित पक्ष द्वारा दिए गए शिकायतों का रिसिविंग दिया जायेगा. पुलिस द्वारा दी गयी शिकायतों पर कार्रवाई हुई या नहीं इसकी ट्रैकिंग भी की जाएगी. एसपी ने बताया कि आगामी 10 सितंबर को जिला मुख्यालय के हरिणडांगा उच्च विद्यालय, लिट्टीपाड़ा पंचायत भवन एवं महेशपुर प्रखंड मुख्यालय में इस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# रैयतों की सहमति के बाद ही टासरा प्रोजेक्ट के लिए जमीन दिया जाएगा : सांसद

**सिंदरी।** ग्रामीण रैयतों की सहमति के बाद ही सेल प्रबंधन को टासरा प्रोजेक्ट के लिए जमीन दिया जाएगा। उक्त बातें शुक्रवार को कमल खड़िया मैदान में टासरा रोहड़ाबांध रैयत ग्रामीण संघर्ष मोर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने कही। उन्होंने टासरा रोहडाबांध के ग्रामीण रैयतों को आश्वासन दिया कि उनके बिना सहमति के एक इंच भूमि नहीं दी जायेगी। कहा कि सेल हो, बीसीसीएल हो, हर्ल हो ग्रामीणों के सहमति और परस्पर बातचीत के बाद ही जमीन दी जाएगी। अन्यथा एक इंच भूमि नही दी जाएगी। सांसद ने कहा कि बीते दिनों क्या हुआ। इससे सरोकार नहीं है। परंतु ढुल्लू महतो के सांसद बनने के बाद ग्रामीणों के साथ अन्याय नहीं होगा। उन्होंने विधायक इंद्रजीत महतो की पत्नी तारा देवी को सजग प्रहरी बताते हुए कहा कि किसी भी मूल्य पर रैयतों के साथ अन्याय नहीं होगा।


**Office of The Civil Surgeon –Cum-Chief Medical Officer, Garhwa.**
Email ID- cs.garhwa@gmail.com,
Short e-Tender Notice
(E-Procurement Notice)
Tender No. :- CS/GRH/05/24-25 Date: 06/09/2024

Civil Surgeon, Garhwa, Jharkhand Invites e-Tender from eligible bidders for entering into rate contract for supply of Medicine and Consumables Under Maternal Health. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website http://jharkhandtenders.gov.in and bid should be submitted through e-procurement systems only. Hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before declared due date. Tender fee & Ernest money deposit (EMD) separately to the concerned office.

| Sl.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate Contract for Supply of Medicine and Consumables Under Maternal Health |
| 2 | Date of Publication of the Tender on Website | 07/09/2024 |
| 3 | Pre-Bid Conference Last date of receipt of pre bid queries (if any) from intended bidders. | 10.09.2024 latest by 3.00 P.M. The bidders may visit the department concerned and submit their queries / Suggestions to the Civil Surgeon Cum CMO, Garhwa for which the intended bidders want any amendment or alteration in the tender terms of specifications. |
| 4 | Date & Time Online submission of BID | 11.09.2024 to 25.09.2024 |
| 5 | Bid submission closing date | 25.09.2024 by 2.00PM |
| 6 | Bid Opening date | 26/09/2024 by 03.00PM |
| 7 | Opening date online Financial proposal | After completion of Technical BID |
| 8 | Tender Document Fee (Non - refundable) | **1000/- (One Thousand Only)** Non-Refundable should be deposited through online mode www.jharkhandtenders.gov.in before uploading the bid in the e -Procurment portal of the tender inviting authority |
| 9 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 2,00,000/- (Rs. Two Lakh only) should be deposited through online mode www.jharkhandtenders.gov.in before uploading the bid in the e -Procurment portal of the tender inviting authority |
| 10 | Contact No. of Procurement Cell | 9934725715 |

Note : The specified dates and time may change due declaration of holidays or any other unforeseen circumstance. The same shall be informed through web-portal as and when required.

Civil Surgeon-Cum-
Chief Medical Officer, Garhwa

PR 334991 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)D


### एनएच 33 स्थित बरही पुल के पास कूड़े के डंप से लोग परेशान



बरही। आए दिन कचड़ा और गंदगी को लेकर सफाई अभियान का दौर देखने को मिलते रहता है. पीएम के सफाई अभियान के दौरान कई जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों सहित सामाजिक कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाकर सफाई का संदेश दिया. पर कूड़ा के निदान का कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला गया. इसी का नतीजा है कि सफाई अभियान पूर्ण रूपेण सफल नहीं हुआ. आज बरही के चौक चौराहा सहित विभिन्न स्थानों पर गंदगी के अंबार देखने को मिल रहे है. इतना ही नहीं सफाई कर उठाए जाने वाले कूड़ा को बरही नदी के किनारे डंप कर क्षेत्र को प्रदूषित किया जा रहा है. जिससे आस पास का क्षेत्र दुर्गंध से भरा पड़ा है. स्थिति यह है कि आने जाने वाले को उस मार्ग से गुजरते समय नाक बंद करने पड़ते है. जो भविष्य के लिए घातक होता जा रहा है

### सवालों के घेरे में समाहरणालय के ठीक पीछे बन रही सड़क

# कार्य से ग्रामीण नाराज, कार्रवाई की मांग

## सड़क का करेंगे निरीक्षण : कार्यपालक अभियंता

***ग्रामीणों की शिकायत पर आरईओ के कार्यपालक अभियंता सुबोध कुमार दास ने कहा कि सड़क निर्माण की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा. ग्रामीण यदि कार्य की गुणवत्ता को लेकर शिकायत कर रहे हैं तो इसकी जांच होगी. वे खुद ही सड़क का निरीक्षण करेंगे.***



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह** चिराग तले अंधेरा ही होता है. वर्तमान में यह उक्ति समाहरणालय के ठीक पीछे महेशलुंडी पथ निर्माण के दौरान चरितार्थ हो रही है. इस पंचायत में सड़क बन रही है लेकिन सड़क की गुणवत्ता सवालों के घेरे में आ गई है. यहां के लोगों ने अधिकारियों से इसकी शिकायत भी की है. यहां के ग्रामीणों ने डीसी को दिए शिकायत में कहा है कि संवेदक जैसे-तैसे काम करने पर तुला हुआ है और काफी काम कर चुका है. संवेदक द्वारा सड़क पर पहले से जमा मिट्टी को हटाए बगैर पीसीसी ढाल दिया गया है. पीसीसी की मोटाई भी कई स्थानों पर कम है. इतना ही नहीं ढलाई के पश्चात पीसीसी पर पानी भी नहीं दिया जा रहा है. जिस सड़क की तीन-चार दिन पहले ढलाई हुई है उसकी कंक्रीट बाहर उभर आया है. कई स्थानों पर किनारा भी टूट गया है. महेशलुंडी के ग्रामीणों में सड़क की गुणवत्ता को लेकर नाराजगी देखी जा रही है. यहां के रहनेवाले अधिवक्ता विशाल राय का कहना है कि सड़क निर्माण में सीधी गड़बड़ी तब की जा रही है जब चंद मीटर की दूरी पर विभाग के अधिकारी बैठ रहे हैं. उन्होंने बताया कि पपरवाटांड से खरियोडीह डैम तक बन रही इस सड़क की गुणवत्ता से जिस तरह समझौता किया गया है, उससे लगता है कि चंद माह में ही सड़क टूट जाएगी. उन्होंने कहा कि इससे बढ़िया था कि इस सड़क को बनाया ही नहीं जाता. यहां के लखन साव का कहना है कि सड़क की मोटाई कम है, अभी बनते ही सड़क टूटने लगी है.

### रिंकू देवी हत्याकांड के आरोपी पति अनिल यादव हैदराबाद से गिरफ्तार

**गिरिडीह।** बीते 28 अगस्त को हिरोडीह थाना क्षेत्र के बैरिया निवासी 23 वर्षीय रिंकू देवी हत्याकांड मामले में पुलिस ने आरोपी पति अनिल यादव को हैदराबाद से गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इसकी जानकारी दी है. जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि टंगपजवा निवासी अनिल यादव 27 अगस्त को हवाई जहाज से अपने ससुराल बैरिया के दीवानटोला आया था.अपनी पत्नी रिंकू देवी को अपने साथ हैदराबाद चलने के बहाने से घर से लेकर निकला और कुछ ही दुरी पर मुरली पहाड़ी के पास अपनी पत्नी की गला रेतकर निर्मम हत्या कर दी.जिसके बाद वह 28 अगस्त को हवाई जहाज से ही वापस हैदराबाद लौट गया.


**OFFICE OF THE CIVIL SURGEON-CUM-CHIEF MEDICAL OFFICER DISTRICT GARHWA (JHARKHAND).**

**VERY SHORT-TERMNOTICE INVITING EXPRESSION OF INTEREST (EOI)**
**No. CS/GRH/07/2024-25 Date:-06.09.2024.**

For easy access to reporting of samples received at in-house laboratory at District Hospital, Garhwa (Jharkhand) the district administration is looking to implement cloud-based Laboratory Management Software with Electronic Reporting covering DH along with necessary hardware for accessing the software.

The administrative body invites Expression of Interest (EOI) for supply of Sample Reporting Software along with Hardware from manufacturer or authorized dealer. Interested manufacturer, authorized dealer & organizations are requested to submit the EOI by post (Registered / Speed Post) or by hand at the office of The Civil surgeon-Cum-Chief medical officer, Garhwa at Civil Surgeon office, Garhwa (Jharkhand) latest by 21.09.2024 **up to 05:00 PM and Opening Date & Time would be 23.09.2024, 03:00 PM.** Further details can be download EOI document on website https://garhwa.nic.in.

CIVIL SURGEON-CUM-
CHIEF MEDICAL OFFICER
GARHWA(JHARKHAND)

PR 334995 Health Med Edu and Family Welfare(24-25).D


# रामगढ़ में सांसद व विधायक ने किया विकास योजनाओं का शिलान्यास



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** गणेश चतुर्थी के अवसर पर शनिवार को रामगढ़ शहर में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल और रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने संयुक्त रूप से डीएमएफटी योजना के तहत कल 1 करोड़ 18 लख रुपए की लागत की विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। सांसद मनीष जायसवाल और विधायक सुनीता चौधरी ने शिलापट्ट का अनावरण कर और नारियल फोड़कर पहले रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र के नेहरू रोड़, छावनी वर्क शॉप से राजस्थान कलेवालय तक पेवर पथ निर्माण (लंबाई 850 मीटर) और फिर रामगढ़ के कुम्हारटोली रोड़ नेशनल स्टोर से वैष्णव देवी मंदिर तक पेवर पथ का निर्माण कार्य ( लंबाई 650 मीटर) का शुभ शिलान्यास किया। इस दौरान स्थानीय भाजपा और आजसू कार्यकर्ताओं के साथ मोहल्ले वासियों ने नेताद्वय का फूल माला पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंटकर गर्मजोशी से भव्य स्वागत किया। मौके पर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की क्षेत्र क्षेत्र का विकास हमारी प्राथमिकता है।

# भाकपा माले के मिलन समारोह का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। गावां गिरिडीह** गावां प्रखंड स्थित पिहरा पूर्वी पंचायत के मानपुर में भाकपा माले द्वारा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरुप से पूर्व विधायक राजकुमार यादव उपस्थित थे। मौके पर राजकुमार यादव ने कहा कि क्षेत्र में भ्ष्टाचार्र हावी है। गरीबों के राशन को लगातार लुटा जा रहा है। लेकिन यहां के सांसद विधायक चुप्पी साधे हुए है। क्षेत्र में ढिबरा बन्द है। गरीबों के पास राशन कार्ड नही है। भाजपा आरक्षण को समाप्त करने व संविधान को बदलने की साजिश रच रही हैं। कार्यक्रम में दर्जनों लोगों ने भाकपा माले में शामिल होने की घोषणा की। पार्टी में शामिल होने वालों में नागेश्वर रविदास, अजय तुरी, राजेश विश्वकर्मा, शंकर विश्वकर्मा, नरेश राय, राजन भुइयां, फुलवा देवी, शांति देवी, संगीता देवी, रिंकी देवी आदि के नाम प्रमुख है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सकलदेव यादव व संचालन सुधीर भुइयां ने किया। मौके पर संजय दास, लालो भुइयां, इश्तेहार आलम, गांधी यादव व सुखदेव यादव आदि उपस्थित थे।


**Office of The Civil Surgeon –Cum-Chief Medical Officer, Garhwa.**
Email ID- cs.garhwa@gmail.com,

**Short e-Tender Notice, (E-Procurement Notice)**
Tender No. :- CS/GRH/05/24-25 Date: 06/09/2024

Civil Surgeon, Garhwa, Jharkhand Invites e-Tender from eligible bidders for entering into rate contract for supply of Medicine and Consumables Under Maternal Health. Blank tender documents with detailed conditions can be obtained through website http://jharkhandtenders.gov.in and bid should be submitted through e-procurement systems only. Hard copies of technical bid and financial bid should be submitted to the department on and before declared due date. Tender fee & Ernest money deposit (EMD) separately to the concerned office.

| Sl.No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Rate Contract for Supply of Medicine and Consumables Under Maternal Health |
| 2 | Date of Publication of the Tender on Website | 07/09/2024 |
| 3 | Pre-Bid Conference Last date of receipt of pre bid queries (if any) from intended bidders. | 10.09.2024 latest by 3.00 P.M. The bidders may visit the department concerned and submit their queries / Suggestions to the Civil Surgeon Cum CMO, Garhwa for which the intended bidders want any amendment or alteration in the tender terms of specifications. |
| 4 | Date & Time Online submission of BID | 11.09.2024 to 25.09.2024 |
| 5 | Bid submission closing date | 25.09.2024 by 2.00PM |
| 6 | Bid Opening date | 26/09/2024 by 03.00PM |
| 7 | Opening date online Financial proposal | After completion of Technical BID |
| 8 | Tender Document Fee (Non-refundable) | **1000/- (One Thousand Only)** Non-Refundable should be deposited through online mode www.jharkhandtenders.gov.in before uploading the bid in the e-Procurment portal of the tender inviting authority |
| 9 | Earnest Money Deposit (EMD) | Rs. 2,00,000/- (Rs. Two Lakh only) should be deposited through online mode www.jharkhandtenders.gov.in before uploading the bid in the e-Procurment portal of the tender inviting authority |
| 10 | Contact No. of Procurement Cell | 9934725715 |

Note : The specified dates and time may change due declaration of holidays or any other unforeseen circumstance. The same shall be informed through web-portal as and when required.

PR 335032 Health Med Edu and Family Welfare(24-25)#D

Civil Surgeon-Cum-
Chief Medical Officer, Garhwa



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, डालटनगंज**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना संख्या –
**11 / 2024–25/EE/RWD/DALTONGANJ**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पथों का निविदा आमंत्रित की जाती है ।

1. कार्य का नाम : दिनांक–06.09.2024

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) अंक में | प्राक्कलित राशि (लाख में) अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | EE/RWD/ DALTONGANJ /46/2024-25 | कुहकुह पुलिस पिकेट से लिलाडीह होते हुए रिसियापा मुख्य पथ तक पथ निर्माण कार्य । 1.83कि0मी0 | 184.098 | एक करोड़ चौरासी लाख नौ हजार आठ सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 2 | EE/RWD/ DALTONGANJ /47/2024-25 | चिरू यादव टोला से धंगरडीहा शिव स्थान तक पथ निर्माण कार्य। 1.88कि0मी0 | 279.351 | दो करोड़ उन्नासी लाख पैंतीस हजार एक सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 3 | EE/RWD/ DALTONGANJ /48/2024-25 | मेन रोड (एन0एच0–75) से पड़वा प्रखंड कार्यालय तक पथ निर्माण कार्य। 1.25कि0मी0 | 114.521 | एक करोड़ चौदह लाख बावन हजार एक सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 4 | EE/RWD/ DALTONGANJ /49/2024-25 | हिसरा बरवाडीह से शोले तक पथ निर्माण कार्य। 3.00कि0मी0 | 290.441 | दो करोड़ नब्बे लाख चौवालीस हजार एक सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 5 | EE/RWD/ DALTONGANJ /50/2024-25 | बीजरा आर0ई0ओ0 रोड से पाल्हेखूर्द तक पथ निर्माण कार्य। 1.30कि0मी0 | 144.867 | एक करोड़ चौवालीस लाख छियासी हजार सात सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 6 | EE/RWD/ DALTONGANJ /51/2024-25 | हदना से सादाबीघा होते हुए बैजली तक पथ निर्माण कार्य।1.70कि0मी0 | 189.123 | एक करोड़ नवासी लाख बारह हजार तीन सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 7 | EE/RWD/ DALTONGANJ /52/2024-25 | मिडिल स्कूल बडपुर से पंचायत भवन होते हुए पुराना बड़ेपुर तक पथ निर्माण कार्य। 2.00कि0मी0 | 219.056 | दो करोड़ उन्नीस लाख पांच हजार छः सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 8 | EE/RWD/ DALTONGANJ /53/2024-25 | महुअरी पंचायत मिरडीयाडीह गांव से झरहा मुख्य पथ तक पथ निर्माण । 2.20कि0मी0 | 214.593 | दो करोड़ चौदह लाख उन्नसठ हजार तीन सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 9 | EE/RWD/ DALTONGANJ /54/2024-25 | लोहरदगा मुख्य पथ से खंटीसोत पुल होते हुए भलही तक पथ निर्माण कार्य। 1.40कि0मी0 | 153.599 | एक करोड़ तिरपन लाख उन्नसठ हजार नौ सौ रू0 मात्र | 09 माह | प्रथम |
| 10 | EE/RWD/ DALTONGANJ /55/2024-25 | जोगा फाटक से कल्याणपुर तक पथ निर्माण कार्य। 3.60कि0मी0 | 385.96 | तीन करोड़ पच्चासी लाख छियांबे हजार रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |
| 11 | EE/RWD/ DALTONGANJ /56/2024-25 | कुंमीकला पंचायत भवन से सोहदागखूर्द तक पथ निर्माण कार्य। 2.85कि0मी0 | 313.846 | तीन करोड़ तेरह लाख चौरासी हजार छः सौ रू0 मात्र | 12 माह | प्रथम |

2. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि : 12.09.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : 26.09.2024 up to 5.00 PM
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय 28.09.2024 पूर्वाह्न 3.30 बजे
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज ।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 –06562357595
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट Jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है ।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, डालटनगंज

PR 335064 Rural Development(24-25).D


# कोल इंडिया को सीपीआरएमएस एनई फंड में देना होगा 13 सौ करोड़



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद** सेवानिवृत्ति के बाद कोयला कर्मियों (नन एग्जीक्यूटिव) के इलाज के लिए चल रही सीपीआरएमएस (कंट्रीब्यूट्री पोस्ट रिटायरमेंट मेडिकल स्कीम) फंड में कोल इंडिया को लगभग 13 सौ करोड़ रुपए जमा करने होंगे। सैद्धांतिक तौर पर कोल इंडिया इस मेडिक्लेम स्कीम की घाटे की भरपाई करने पर सहमत भी है। यह जानकारी कोल इंडिया के एक वरिष्ठ आधिकारिक सूत्रों ने दी। कहा कि सेवानिवृत्त कोयला कर्मियों को पेंशन एवं इलाज कोल इंडिया की बड़ी चुनौती है। समय-समय पर कोल इंडिया को पेंशन फंड और सीपीआरएमएस में सहयोग करते रहना पड़ेगा। सीपीआरएमएस-एनई को लेकर गठित सबकमेटी की इसी सप्ताह बिलासपुर में बैठक हुई थी। इस बैठक में ही एक्च्यूरी रिपोर्ट पर चर्चा के बाद सबकमेटी में शामिल कोल इंडिया के वरिष्ठ अधिकारियों ने कोल इंडिया प्रबंधन की ओर से एकमुश्त सहयोग का आश्वासन दिया है। मालूम हो कि एक्च्यूरी की ओर से फंड का अध्ययन करने के बाद बताया गया था कि बिना अंशदान बढ़ाए एवं एकमुश्त आर्थिक सहयोग के सीपीआरएमएस-एनई से सेवानिवृत्त कोयला कर्मियों का इलाज नहीं हो पाएगा। मामला सिर्फ सीपीआरएमएस-एनई फंड का ही नहीं है। इससे बड़ी समस्या रिटायर कोयला कर्मियों को निर्बाध पेंशन का भी है। प्रतिटन 10 रुपए कोल कंपनियों की ओर से पेंशन मद में दिए जाने के कारण फिलहाल स्थिति नियंत्रण में है। वैसे 2025-26 के बाद पेंशन फंड फिर घाटे में जाने के संकेत हैं। वर्तमान में प्रतिमाह लगभग 300 करोड़ रुपए पेंशन भुगतान किया जा रहा है। कुछ वर्षों से प्रतिटन 10 रुपए सेस दिए जाने के कारण पेंशन फंड में भुगतान से कुछ ज्यादा रकम जमा हो रही है। यह स्थिति 2025-26 तक ही रहने वाली है। हर साल लगभग 15-17 हजार रिटायर कोयला कर्मियों की संख्या बढ़ रही है। साढ़े पांच लाख से अधिक रिटायर कोयला कर्मी हैं। वहीं ठेका मजदूरों को मिलाकर लगभग तीन लाख कर्मी ही हैं, जिनके वेतन से पेंशन मद में पैसा जमा हो रहा है।

# स्वर्णरेखा नदी

## झारखंड प्रदेश में बहने वाली एक पहाड़ी नदी, स्वर्णरेखा, जो सोना उगलती है।


गीता सिन्हा
गीतांजलि

यह रांची नगर से सोलह किलोमीटर दक्षिण पश्चिम में स्थित ,नगड़ी गाँव में रानी चुआँ नामक स्थान से निकलती है । उत्तर पूर्व की ओर बढ़ती हुई मुख्य पठार को छोड़कर प्रपात के रूप में गिरती है। इस प्रपात को हुंडरू जलप्रपातकहते हैं। प्रपात के रूप में गिरने के बाद नदी का बहाव पूर्व की ओर हो जाता है। मानभूम जिले के तीन संगम बिंदुओं के आगे यह दक्षिण पूर्व की ओर मुड़कर सिंहभूम में बहती हुई उत्तर पश्चिम से मिदनापुर जिले में प्रवेश करती है । इस जिले के पश्चिम भू -भाग के जंगलों में बहती हुई बालेश्वर नामक जिले में पहुंचती है ।यह पूर्व पश्चिम की ओर टेढ़ी-मेढ़ी बहती हुई बालेश्वर नामक स्थान पर बंगाल की खाड़ी में गिरती है। इस नदी की लंबाई चार सौ चौहत्तर किलोमीटर है ।लगभग अठाइस हजार नौ सौ अठाइस वर्ग किलोमीटर जल निकास इस नदी के द्वारा होता है। इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ कांची और कर्करी है । भारत का प्रसिद्ध एवं पहला लोहे का कारखाना इस नदी के किनारे स्थापित हुआ ।संस्थापक जमशेदजी टाटा के नाम पर शहर बसा है । इस नदी के तट पर बसे लोगों का कहना है कि इस नदी के बालू में सोने के कण मिलते हैं। कई परिवार वर्षों से बालू से सोने के कण बिनते आए हैं ।बाजार में बेचकर परिवार का पेट पालते आए हैं।

बालू से छनक छनककर सोना निकालने का कार्य बहुत धीमी गति से होता है ।दिनभर एक आदमी इतना ही सोना निकाल पाता है जिसका दाम बाजार में सिर्फ चार सौ रुपए है ।इसलिए कई मजदूर इस काम से पलायन कर दूसरे कार्य में लग गए हैं। आखिर नदी में सोना आता कहाँ से है ?भारत की एकमात्र ऐसी नदी जिसमें सोना पाया जाता है। बुजुर्गों का कहना है कि यह नदी पृथ्वी तल से जिधर से आती है, अवश्य कहीं सोने का खान रहा होगा । कई वैज्ञानिक पता लगाने के कार्य में लगे पर सफलता नहीं मिली। सोने के कण स्वर्ण रेखा की सहायक नदी कर्करी से बहकर आते हैं । कुछ लोगों का कहना है कि दोनों हाथ में साफ बालू उठा लो । सूरज की किरणों में चमकती हुई कोई चीज नजर आती है ।यही चमकते हुए कण सोने के हैं जो काफी मेहनत मशक्कत के बाद बालू से अलग किए जाते हैं । अतः सोना उगलती नदी के किनारे रहते हुए भी लोग गरीब हैं ।



### स्वर्ण रेखा नदी 'हुंडरू झरना' में परिवर्तित कैसे हो गई ?

मैं यहाँ एक बार घूमने गई थी ,देखी -- अल्हड़ स्वर्ण रेखा ठीक यहाँ की कर्मठ स्त्रियों की तरह पहाड़ पर चढ़ने की चेष्टा करती है। इस क्रम में इसकी धाराएँ कई भाग में बंट जाती है। स्वर्ण रेखा कई धाराओं में बंट कर भी पहाड़ पर आरूढ़ होकर दम लेती है । जैसे नदी थोड़ी सी सुस्ताने लगी हो .........फिर पूरी शक्ति के साथ पत्थरों से टकराती है। इसकी बिखरी हुई धाराएँ आपस में मिलकर इसे शक्तिशाली कर जाती है। तब इसकी मोटी ,चौड़ी ,सुफेद धारा पत्थरों से नीचे की ओर दौड़ती है। यहीं हुंडरू जलप्रपात में यह नजारा देखने को मिलता है । यहाँ इस जलधारा का नाम 'स्वर्णरेखा' है । झरने की तलहटी तक पहुंचने के लिए 750 सीढ़ियाँ चढ़नी पड़ती है। विशाल काले चट्टानों के बीच दूध की धारा सी बहती स्वर्णरेखा। झर झर की संगीत लिए .......होठों पर अगणित प्रीत लिए...... कहीं भरमाती, कहीं ठहरती तो कहीं ऊपर से नीचे की ओर गिरती धाराएँ।


कहते हैं महाभारत काल में अज्ञातवास के दौरान पांचो पांडव द्रोपदी के साथ जंगल में घूम रहे थे । तभी द्रोपदी को प्यास लगी। पानी की खोज में वे इधर-उधर भटके । तब अर्जुन ने एक बाण पृथ्वी पर छोड़े । फव्वारा जैसा पानी वहाँ से निकला।... फिर हजारों वर्ष बाद भी वहीं से पानी निकल रहा है । यह स्थान अब *रानी चुआँ* कहलाता है। यही स्वर्ण रेखा का उद्गम स्थल है। चारों तरफ हरियाली से भरी है, इसके बीच एक छोटा सा मिट्टी, बालू से भरा है यह कुआँ । यहाँ से बढ़ते हुए स्वर्ण रेखा खेतों में जाती है । फिर यह नदी का रूप ले लेती है । नामकुम के पास पहुँचकर बिल्कुल नदी की तरह लगती है । आश्चर्य होता है छोटा सा कुआँ का मटमैला पानी अपनी धीरे-धीरे एक विशाल नदी कैसे बन जातीहै ? जिसकी लंबाई चार सौ चौहत्तर किलोमीटर हो। इसी छोटे से चुआँ से लगभग अठाइस हजार नौ सौ अठाइस वर्ग किलोमीटर जल निकास होता है। तब धीरे-धीरे महाभारत कालीन कथा सत्य सिद्ध होने लगती है । जंगल घूमते पांच पांडवों में अर्जुन का बाण छोड़ा जाना ........पाताल से जल निकल आना.... द्रोपदी की प्यास बुझ जाना... ठीक वैसे ही जैसे रामायण काल में श्री राम लंका जाते हुए ,पत्नी से बिछड़े हुए ,पत्नी वियोग में रोते हुए, रास्ता छोड़ने के लिए समुद्र से प्रार्थना करते हुए .........नहीं सुनने पर क्रोधित होकर तीर धनुष उठाते हुए ,तिलमिलाते समुद्र को सूखा देने की बात करते हैं । समुद्र दौड़ा-दौड़ा आकर प्रभु के चरणों में गिर जाता है .........यह सब इसलिए कि रावण राज्य का अंत हो और प्रियतमा सीता को छुड़ा सकें ।यहाँ रांची में नगड़ी बस्ती घूमते हुए, रानी चुआँ देखते हुए,उसी बहते जल के पीछे भागते हुए अर्जुन की धनवा की टंकार सुनाई पड़ती है । प्यासी द्रोपदी को जल के लिए तड़पते हुए वे देख नहीं पाते हैं । वह मंत्र का संधानकर धरती माता से प्रार्थना करते हैं। धरती माता पाताल लोक से जल लेकर प्रकट हो जाती है....... तब से आज तक वहाँ से जल निकल रहा है । एक धारा जो अनवरत फुटकर बहती चली जा रही...... सदियों से बहती जा रही है ........स्त्री के सुखते कंठ , भूख प्यास से व्याकुल तन- मन ,निरंतर चलते रहने से पैरों की थकान की कथा कहती है ।..........आज भी स्त्री यहाँ की निरंतर काम करते रहने के बाद भी भूखी है ,प्यासी है । ........पैरों के नीचे कंटकाकीर्ण मार्ग है ........प्यास से गला जल रहा है ,भूख के मारे आसपास फले खट्टे मीठे बेरों की आस है......... क्या आज स्त्री ........पूरे परिवार के लिए दोना सजाती है....... मड़ूआ ,मकई की रोटियां बनाती है ..........भले स्वयं भूखी है, प्यासी है ......लगातार चल रही है, भटक रही है....... आज भी पांचो पांडव वन -वन घूम रहे हैं, अपने अधिकार के लिए दर-दर भटक रहे हैं । अधिकार से वंचित रहकर पीढ़ी दर पीढ़ी बिता रहे हैं समय । उनमें आज भी डर व्याप्त है ,कहीं हमारा जल ,जमीन और जंगल छिन न जाए । जीविका का एकमात्र सहारा हमसे दूर न हो जाए । भय है इन आदिवासियों को कि सत्ता में बैठे लोग कानून बनाकर हमें हमारी धरती, खेत, खलिहान, पानी जंगल से विहीन न कर दें । ये भी पांडवों के अज्ञातवास की तरह, छुपते छुपाते रहते हैं । भले कंधे पर तीर धनुष लटकता हो, कपड़े तन पर उतने ही हों जितना अंतअंग छिपाए जा सकते हों

स्वर्ण रेखा की कल- कल धारा धूमिल होती जा रही है। भय है कहीं ये नदी कचरा ढ़ोने वाली काली नदी न रह जाए । इसकी चमकदार धाराओं की श्वेत बाँहें कचरे में फंसकर अपनी सुंदरता न खो दे । शहर पर आबादी का दबाव बढ़ता जा रहा है । जंगल की नैसर्गिक हवा फैक्ट्री के धुएं से खांस रही है। लोग बाग पर्यावरण के खतरे से अनभिज्ञ हैं । लगातार नदियों में कचरा डाल रहे हैं। न जाने यह प्रदूषण कब जल की सुंदरता को, धाराओं की ऊंची नीची चाल को बाधित कर दे।

स्वर्ण रेखा आगे बढ़ती चली जा रही है। जानती है कोई दूसरी नदी नहीं है जिसमें मिल जाना है। एकमात्र समुद्र ही उसका स्थान है।

स्वर्णरेखा नदी फूट फूट कर बहती है ।अपने अल्हड़ चाल में चलती, संगीत की सृष्टि करती ,उछलती, कुदती ,ऊंचाई से गिरती है झरने के रूप में। हुंडरू जलप्रपात के रूप में स्वर्ण रेखा तब प्रकट होती है जब ऊंचाई से ( ३२०फीट की ऊंचाई )गिरने लगती है । अब इसकी टेढ़ी मेढ़ी चाल जोर आवाज में बदल जाती है। इसके इस रूप का उपयोग झारखंड राज्य पनबिजली के रूप में करीब चालीस वर्षों से करती आ रही है ।

## गंतव्य की खोज



जग प्लावित है अविरल धारा में
मन उड़ता है मुक्त गगन में
ओर न छोर न ठौर-ठिकाना
गंतव्य की खोज प्रबल है।

वायु का आभास सरल है
बंधन मुक्त पवन का झोंका
कभी इधर से कभी उधर से
दसो दिशाओं का है चक्र।

जीवन की धारा अविरल है
मनपाँखी झोंका सा डोले
उड़ने की सीमा अपरिमित
गंतव्य की खोज प्रबल है।

नाग मणि

## टीस



**मै** सब्जी खरीदने सब्जी बाजार पहुँची थी कि देखी वहाँ एक तकरीबन 6-7 साल का एक लड़का जोर -जोर से रो रहा था। मुझसे उस निरीह मासूम बच्चे का रोना देखा न गया। मैंने उसे गोद में उठाया, चुप कराया। वो लगातार माँ माँ बोल रहा था, मै समझ गई शायद ये अपनी माँ से बिछुड़ गया है, मैंने कहा चलो मैं तुम्हे तुम्हारी माँ के पास ले जाऊँगी तुम बताओ तुम्हारी माँ कहाँ है। उसने अपनी आँखें पोछते हुये आगे की ओर इशारा किया। मैं उसकी अंगुली पकड़ कर चलती रही वो एक पत्थर को गेंद बना पैर से मारते खेलते साथ - साथ चलता रहा। मैं चलते-चलते ऐसे मुहल्ले में आ गई जहाँ कुछ महीने पहले साम्प्रदायिक झगड़े हुए थे। मैं पूछना तो नहीं चाहती थी फिर भी पूछ लिया कि बेटा तुम किस जाति से हो, उसने झट से मेरी अंगुली छुड़ाई और बोल पड़ा जाति, कमर पर हाथ रख कर कहा हमलोग गरीब जाति के है ।

मैने कहा धत क्या बोल रहे हो फिर उसने दोबारा बोला हां माँ कहती है हमलोग गरीब जात के हैं। उसकी ऐसी बाते सुन कर मुझे लगा जैसे मेरे दिल में हजारों कांटे चुभ गये हो। मैं इतनी आहत हुई कि स्तब्ध हो वहीं खड़ी हो गई। तभी देखी वो माँ माँ करता भाग गया शायद उसकी माँ दिख गयी थी वो भागते हुये एक औरत का हाथ पकड़ चला जा रहा था। मैं उसकी बातों से आहत अपने घायल दिल को सहलाती अपने घर की ओर चल पड़ी।

## दूर के ढ़ोल


-रंजना वर्मा
उन्मुक्त

राधिका के बेटे का तबादला उसकी दीदी के शहर में हो गया था । राधिका बहुत उत्साहित और खुश थी। राधिका की दीदी एक बड़े ही भरे पूरे परिवार से थीं । उसके जीजा जी उनके लिए एक बड़ी हवेली छोड़ गए थे और वह अपने तीनों बेटों के साथ उसमें बड़े ठाट से रहती थी। वह सोशल मीडिया पर अपने बेटे- बहुओं के साथ वाली तस्वीरें डालती रहतीं थीं। उनकी बहुत सारी तस्वीरें उनकी चुलबुली, खूबसूरत पोती और पोतों के साथ रहतीं थीं। जिसे देखकर न चाहते हुए भी राधिका का मन इर्ष्या से भर उठता था। वह कहती, दीदी के तो बड़े ही मजे हैं। कभी किसी बेटे के साथ तो कभी किसी बेटे के साथ घूमती रहती है। मेरे तो इकलौते बेटे- बहू दिन रात दफ्तर के कामों में व्यस्त रहते हैं।₹ नन्हा सा पोता जरूर उसके इर्द-गिर्द घूमता रहता था। लेकिन जो मजा पोते- पोतियों के साथ घूमने और सेल्फी लेने में है वह भला इसमें कहाँ ? घर पहुँचने में रात हो गई थी और बारिश भी हो रही थी। मौसी से कल मिलते हैं। अभी रात हो गई है।।।।बेटा बोला।

लेकिन राधिका बोली कि उसे थोड़ी देर के लिए ही दीदी से मिलना है। राधिका जब अपनी दीदी की हवेली पहुंची और कॉलबेल बजाया तो दरवाजा नौकरानी ने खोला। मुझे घर की मालकिन से मिलना है ।।।।राधिका ने चहक कर मुस्कुराते हुए कहा । नौकरानी ने उसे हवेली की सीढ़िओ के पास आँगन में ले गई ।वहाँ उसके जीजा जी ने एक स्टोर रूम बनाया था। जिसमें हवेली के बेकार सामानों को रखा जाता था।राधिका यह देखकर दंग थी।।। वहीं दीदी एक चौकी पर बैठी हुई थी। चौकी के कोने में उनका सामान पैक करके रखा हुआ था। बारिश की वजह से आँगन में पानी भर गया था। चौकी के चारों पांव पानी में थें।

यह सब क्या है दीदी, तुम इस हालत में?

मेरे तीनों बेटे हवेली के तीनों मंजिल पर रहते हैं। मैं बारी-बारी से तीनों बेटों के यहाँ हर महीने रहने जाती हूँ। आज मुझे अपने सबसे छोटे बेटे के पास जाना है। लेकिन मेरी पोती का अभी पार्टी चल रहा है। पार्टी के बाद मैं उनके पास ऊपर चली जाऊँगी। हवेली की मालकिन ऐसी दशा देखकर राधिका को चक्कर सा आ गया।

## दायित्व धारी


-अरुणा झा

**विनोद** को इस गैर सरकारी विद्यालय में शिक्षण का कार्य करते हुए सिर्फ बीस -बाईस दिन ही हुए थे कि एकाएक नोटिस बोर्ड पर एक पर्चा लगा देखा कि विद्यालय के वार्षिकोत्सव मंउ जो विभिन्न तरह के कार्यक्रम होने वाले थे, उसमें इंचार्ज के रूप में उसका भी नाम है साथ ही अन्य छः शिक्षकों का भी नाम था। विनोद प्रसन्न हो उठा। यह सोचकर कि ह्यचलो कुछ करने का मौका मिला। विनोद ने उसमें खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। छात्रों को बुलाकर रिहर्सल करवाना, संवाद रटवाना,उनके पोषाक आदि का चयन करना। कई -कई दिन तो उसे स्कूल की छुट्टी के बाद भी रुकना पड़ा था। अत्यधिक उत्साहित वह अपने कार्य में पूर्ण रूपेण रुचि ले रहा था। किंतु उसे आश्चर्य हो रहा था कि बाकी दायित्व धारी उतने मनोयोग से कार्य नहीं कर रहे थे,बस ड्यूटी निभा रहे थे वह सोच रहा था कि कैसे शिक्षक गण है यह कार्य नहीं करना चाहते?

कार्यक्रम के दिन उसने देखा कि छहों शिक्षक अपनी अपनी ड्यूटी मुस्तैदी से निभा रहे थे। बच्चों को हिदायतें दे रहे थे।वहाँ उपस्थित प्रिंसिपल, विद्यालय के ट्रस्टी आदि के समक्ष बार-बार अपनी व्यस्तता दिखा रहे थे, जबकि वह मंच के पीछे की व्यवस्था देख रहा था। कार्यक्रम समाप्त होने पर जब प्रिंसिपल कार्यक्रम की सफलता की बधाई दे रहे थे तो उसे पूरी उम्मीद थी कि उसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की जाएगी। किंतु ऐसा कुछ नहीं हुआ। बधाई के क्रम में उसका नाम लिया गया कि ह्यउन्होंने भी बच्चों की सहायता की । खैर।। ! अब हुआ यह कि उसकी काबिलियत देखकर उस पर ढेर सारा कार्य लादा जाने लगा।वह उत्साह पूर्वक करता रहा। इस प्रकार आज उसे विद्यालय में आए पूरे नौ वर्ष हो गए हैं।धीरे-धीरे उसकी समझ में आ गया कि ह्रप्रशंसा कार्य करने से नहींङ्खबास की नजरों में चढ़ने से मिलता है और धीरे-धीरे उसका उत्साह निरुत्साह में बदलता चला गया। आज फिर नोटिस बोर्ड पर उसका नाम नए कार्यक्रम के लिए संलग्न था। लेकिन आज उसका उत्साह ठंडा था। वह जान गया था कि उसे क्या करना है।


सारिका भूषण

## गृहस्थी के वृंदावन में

सदियों से
जमी हुई बर्फ.हो या
जीवन में
फिसलते हुए रेत
वक़्त के कुछ निशान
उसके जीवट शरीर पर
उभर ही आते हैं
वेदनाओं से लड़ती हुई वह
पुनः ऊर्जावान होती है
फिर पिघलने लगती है वह
परत-दर-परत
और
रिसने लगते हैं
उसकी जकड़ी भावनाएँ
मंडराने लगते हैं
कई अनुत्तरित प्रश्न
मुखरित हो उठती हैं
जंग लगी अनुभूतियाँ
फिर सहसा
उसके उभरे हुए निशान
गहरे हो उठते हैं
और वह स्त्री अपने
सोलह श्रिंगारों के साथ
नृत्य करने लगती है
अपनी गृहस्थी के वृंदावन में।

# सिलकुटवा काका


मीरा सिंह

आज से लगभग पच्चीस साल पहले की बात है । बच्चों को स्कूल भेजकर पतिदेव का नाश्ता तैयार कर रही थी तभी कानों में आवाज सुनाई दी ... कुटवा लो सिल कुटवा लो।

अरे ओ सिलकुटवा काका रुको ना! अंदर से मैं चिल्लाई।

आज ही कामवाली कह रही थी, दीदी सिल कुटवा लेना ,बहुत मेहनत लगता है मसाला पीसने में। मेरी आवाज का ही इंतजार था शायद उसे ,पलक झपकते ही मेरे गेट पर था । मैंने इशारे से उसे अंदर बुलाया । घुटनों तक मटमैली घिसी हुई पुरानी धोती और उसपर जगह जगह से सिलाई की हुई कमीज । माथे पर अंगोछा और कांधे पर एक झोला ,जिसमें शायद उसके औजार होंगे सिल कूटने वाले।

कितना लोगे काका, मैंने पूछा!
दस रुपया लेबऊ। उसने कहा।
ठीक है, लाती हूँ सिललोढ़ा।

उसे मैंने घर के ओसारे में बैठाया और अंदर आ गई ।अंदर से समान लाकर दिया। तभी उसने पानी माँगा ,मैंने पतिदेव की तरफ इशारा किया और उन्हें वहाँ बैठने के लिए बोला । पानी के साथ बिस्किट भी प्लेट में रखा और उसे लाकर दिया ।अपनी माँ से मैंने सीखा था किसी को भी छूछे पानी नहीं देना चाहिए फिर यूं ही चाय के लिए पूछा। उसने तुरंत हामी भरी। चाय चढ़ाकर वापस आई तो देखा वो अपने काम में मगन था। मैंने बात करने की गरज से पूछा , कहाँ से आए हैं! खूंटी, उसने तुरंत कहा।

पौ फटते ही निकल गया था बाबू, पहला गाहंकी आप ही हो।
कैसे आए हो ? मैंने फिर पूछा।
पैदल!
क्या !! मेरे मुँह से तुरंत निकला। अपनी राँची से खूंटी पैंतीस किलोमीटर है। आप पैदल चले आए ।
कुछ खाया है या भूखे हैं? मैंने पूछा।
रात के बासी माड़ पिले हऊ । घर में एक छटांक चाउर ना हऊ । आज कमाई होतवू त राते सभन भर पेट खाना खईबो।



मेरा पूरा शरीर सिहर गया। वो बासी माड़ पीकर भी संतुष्ट था। मैं सोचने लगी ,भात पसाने में हम जिसे फालतू समझ फेंक देते हैं उससे किसी भूखे की पेट की जठाराग्नि बूझ जाती है । मैं तुरंत रसोई में गयी और एक प्लेट नाश्ते का लगाया । चाय के साथ नाश्ता भी लेकर आई। लो काका इसे खालो फिर काम करना। मैंने कहा।

उसने संशय निगाहों से मुझे देखा और बोला, पैसा देबहीं न। हाँ-हाँ उसकी चिंता ना करो। मैने कहा।

दस रुपया में एको रुपया कम ना करबऊ।

मैंने उसकी आँखों में संशय के बादल देखे थे । मैंने तुरंत उसके पैसे उसके हाथ में रख दिए और हाथ धुलवाकर नाश्ता कराया। रोटी सब्जी उसने बड़े चाव से खाया। वर्षों के बाद आज नसीब से रोटी मिली ऐसा उन्होने कहा।

सब प्रभु की लीला है काका हम कौन होते हैं खिलाने वाले पीछे से पतिदेव ने कहा । भरपेट खाना खिला कर ही भेजना काका को ऐसा बोलकर पतिदेव काम पर निकल गये। तभी काम वाली भी आ गई। घर में दू गो छवुआ है ,जे भूखले है ओकरे ला आज निकलल हऊ। सर्पदंश से बेटा बहू ना बचलऊ। अब हमीन बूढ़ा बूढ़ी हऊ और दुई गो पोता ।

ये सब बोलते उसकी आँखें छलक उठीं । मैने उसकी मदद करनी चाही और पचास रुपये का नोट बढ़ाया साथ ही कहा कि, आप घर जाते समय बस में जाना।

उसने पैसे लेने से इंकार कर दिया और बोला , ना बेटा एकरा ना लेबऊ , इ ना पचतऊ , खाली आपन मेहनत के लेबऊ।

मेरी मेड ने भी समझाया पर उसकी एक ही रट थी, ना हम ना लेबऊ।

तब मैंने कुछ सोचा और अपने आसपास के पड़ोसियों को भी सिल कुटवाने के लिए राजी कर लिया।आज चालीस रुपये की कमाई हुई थी उसकी । जाने से पहले वो मुझसे मिलने आया था और मेरे सर पर हाथ रखकर आशीष भी दिया। साथ ही बोला , बेटी आज तोर प्रयास से ही हमार कमाई भइले ।महादेव तोर सभ दिन रक्षा करें ।तोरा कभी कौनो चीज के कमी ना रहे। मेरी आँखों मे भी आँसू छलक गये। उसे जाते मैं देखती रही और सोचने लगी इनका पूरा परिवार भूखा है फिर भी वो ईमानदार हैं। हाँ वो सिलकुटवा काका बरसो तक मेरे यहाँ आते रहे। पोते अब बड़े हो गये हैं और दादा को काम नहीं करने देते । पर मुझसे मिलने का मोह वो छोड़ नहीं पाते। कोरोना के बाद से मेरे घर पर वो कभी नहीं आए पर मेरी आँखें आज भी उन्हें खोजती हैं।

# जीवन-मृत्यु


-पद्मा मिश्रा

त्योहारों के दिन थे. दुर्गा पूजा का पांचवां दिन ..जम्शेदपुरके कोने कोने में पूजा के पंडाल सज गए थे. रोशनी, मेले, धार्मिक पूजा अनुष्ठान की तैयारियां जोरों पर थीं. मेरे घर से थोड़ी ही दूरी पर एक मैथिल ब्राह्मण परिवार था, पूरी तरह ..कर्मकांडी. ...नेम टेम ..जोग से पूजा के उपासक .उनकी पारम्परिक पूजा का निर्वाह भी तंत्र मन्त्र ओर बलि पूजा के बिना नहीं हो पता था..उस परिवार की छोटी सी लाडली पोती गुड्डू अक्सर मेरे घर चली आती,ओर ढेर सारी कवितायेँ अपनी तोतली आवाज में सुनाया करती थी. ..... वह भी चौकड़ी भरता ..कभी इधर ..कभी उधर.. भाग रहा था. पैरों में घुंघरू बंधे थे,..ओर गले में मोतियों की माला. बहुत सुन्दर था वह बकरी का बच्चा. ..जिसे देख कर ही बरबस "वाह' निकल जाये. बिट्टू को सुबह सुबह स्नान कराये जाते देख कर मै मुस्कराई -गुड्डू उछल उछल कर पाइप की धार से उसे नहला रही थी. ...फिर मै व्यस्त हो गयी. थोड़ी देर बादपंडित जी का परिवार उसे लेकर कहीं जा रहा था. मैंने जानना चाहा तो पता लगा कि कुल देवी के मंदिर जा रहे हैं. दर्शन करने. यह एक सामान्य सी बात थी अत; मै भूल गयी. फिर तो माँ की पूजा के तीन दिन भोग आरती कन्या पूजन की व्यस्तताओं में मुझे -गुड्डू..बिट्टू दोनों की याद नही रही. लगभग चार दिनों बाद सामने वाली मेरी पड़ोसन अपनी बेटी के साथ दोने में प्रसाद लेकर आईं ..कुछ उदास थीं. वह मायूस होकर बोलीं- "उस दिन देवी के मंदिर पहुँच कर बिट्टू बीमार हो गया ,उसे ठण्ड लग गयी थी. ..रात में उसे लेकर मंदिर भी जाना था. पर वह तो ऐसा बेहोश हुआ कि डाक्टर बुलाना पड़ा. उसने बुखार कम करने की दवा दी. ..उधर पूजा की सारी तैयारियां हो चुकी थीं, पंडितजी कई बार आवाज लगा चुके थे., ..पर बिट्टू तो बुखार में बेहोश पड़ा था...रात दो बजे के करीब उसकी देह ठंडी हो गयी."..

मैं चौंकी -..अब बात कुछ कुछ मेरी समझ में आरही थी. बिट्टू..पूजा..मंदिर..मैंने आगे जानना चाहा-मै तो स्तब्ध थी----उन्होंने बताया कि फिर तो पूरे घर में मातम सा छा गया था ,पूजा के लिए लाया गया "नैवेद्य "नहीं रहा ...जरुर..कोई अपशकुन या अनिष्ट होगा. परिवार में किसी होनी की आशंका से सभी दुखी थे. पैसे भी खर्च हुए थे वह भी व्यर्थ हो गए, पूजा भी नहीं हुई, "

भोर होते ही नौकरों ने जब उसे उठाकर बाहर ले जाना चाहा तो एक धीमी सी कराह सुनाई दी,--"अरे, यह तो जिन्दा है, ..जिन्दा है.." चिल्लाते हुए वे सभी दौड़े, पूरा घर इकठ्ठा हो गया --" माँ की कृपा हुई है...अनिष्ट तल गया है, ..पूजा में कोई विघ्न नहीं आएगा,मंगल होगा "पंडित जी सहित पूरा परिवार खुश था. मेरी सासू माँ बोली--" अभी भोर के चार ही तो बजे हैं,.पूजा का समय निकला नहीं,"...फिर तो, डाक्टर की मदद से बुखार से पीड़ित मृतप्राय बिट्टू के ठीक होते ही ..नहला धुला कर ..गेंदे की माला पहना ..लाल टीका लगा कर मंदिर में बलि हेतु प्रस्तुत कर दियागया. .......'पूजा संपन्न हो गयी"...

.मैं ---"तो क्या इस दोने में रखा प्रसाद -" बिट्टू" है?...मेरी आँखों से झर झर बहते आंसुवों के बीच प्रसाद मेरे हाथों से नीचे गिर गया था. आंखें आंसुवो से तर थीं.---------भपरम न हि माता समुपेक्षते सुतं" ...अपने ही संतान की मृत्यु तुम कैसे स्वीकारती हो ?..उस निरीह को म्रत्यु देकर फिर जीवन -दान क्यों दिया? जब उसे छीनना

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### बैंक ऑफ इंडिया का मना 119 वां स्थापना दिवस

**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के बैंक ऑफ इंडिया के शाखा में शनिवार को बैंक का 119वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर केक काटकर एक दूसरे को खिलाया कर बधाई दी गई। शाखा प्रबंधक मनोज कुमार कुजूर ने बताया कि बैंक ऑफ इंडिया की स्थापना 7 सितंबर 1906 में मुंबई से शुरू हुआ था। आज पूरे भारतवर्ष में 5000 से अधिक शाखाएं कार्यरत हैं। बैंक आफ इंडिया भारत का एक अग्रणी बैंक है। जो देश के विकास में अपनी भूमिका बखूबी से निभा रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों व उपभोक्ताओं को बैंक से मिलने वाली विश्वास सुविधा की विस्तृत जानकारी भी दिया गया।मौके पर अभिनव कुमार सिंह,सुमित कुमार,कौशल कुमार,पुरनचंद मुंडा, राहुल कुमार, यसवंत कुमार,संटू कुमार सहित अन्य बैंक कर्मी थे।

### 14 वर्ष बाद मृतक के आश्रित को मिला नियुक्ति पत्र

**मयूरहंट (चतरा)।** नक्सली घटना में मारे गए महुगांई निवासी स्व. विनोद सिंह के पुत्र विभूति कुमार सिंह को 14 वर्षों के संघर्ष के बाद शनिवार को श्रम नियोजन व कौशल विकास मंत्री सत्यानंद भोक्ता द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया। ज्ञात हो कि विनोद कुमार सिंह की हत्या एसपीएम नक्सली संगठन के द्वारा 23 जून 2010 को इटखोरी चतरा रोड निर्माण कार्य में मुंशी के रूप में कार्यरत थे उस दौरान कर दी गई थी।

### लोहसिंगना डैम से निकाला गया वृद्ध का शव

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीरा पंचायत के लोहसिंगना डैम में हरदयाल यादव (50) के डूबने से मौत हो गई। स्थानीय गोताखोरों के कड़ी मशक्कत के बाद करीब 20 घंटे बाद प्रशासन की मौजूदगी में शव निकाला गया। इधर व्यक्ति के डूबने की सूचना के बाद चंदवा अंचलाधिकारी जयशंकर पाठक व चंदवा पुलिस टीम की मौके पर पहुंचे। पूरे मामले की जानकारी ली साथ ही घन्टो खुद ही निगरानी में स्थानीय गोताखोरों की सहायता से शव को बाहर निकालने का प्रयास किया। लेकिन डैम गहरा होने के कारण कुछ पता नहीं चला पा रहा था। इस संबंध में ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की देर शाम हरदयाल यादव डैम में नहाने के लिए उतरा था। जिसके बाद वह तैरते तैरते काफी गहराई में चला गया व डूबने लगा। डैम के पास ही खेल रहे कुछ बच्चो की नजर उस पर पड़ी लेकिन डैम काफी गहरा होने के कारण बच्चे कुछ नही पाए। घर पहुंचने पर बच्चो ने इसकी जानकारी ग्रामीणों व परिजनों को दी। इधर घटना की जानकारी के बाद चतरा सांसद कालीचरण सिंह ने भाजपा मंडल अध्यक्ष व प्रखंड प्रशासन से पूरे मामले की जानकारी ली। वहीं शिक्षा मंत्री वैद्यनाथ राम के प्रतिनिधि प्रभात कुमार भी घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंचे व परिजनों से मुलाकात कर ढांढस बंधाया। साथ ही चल रहे रेस्क्यू का कभी जायजा लिया। मौके पर पंचायत की मुखिया दुर्गावती देवी, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सीतमोहन मुंडा,बीस सुत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी,चंदवा पूर्वी मुखिया रंजीत उरांव,भाजपा नेता आशीष सिंह, मो. सरफराज, पूर्व मुखिया बैजू मुंडा, झामुमो युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति समेत काफी संख्या मे ग्रामीण मौजूद थे।

# गांवों में छिपी प्रतिभा को निखारना खेल का उद्देश्य : बैद्यनाथ राम

नवीन मेल संवाददाता

**बालूमाथ।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू हाई स्कूल में आयोजित झामुमो प्रखंड फुटबॉल टूर्नामेंट का समापन समारोह में राज्य के मंत्री सह क्षेत्रीय विधायक बैद्यनाथ राम उपस्थित हुए। फाइनल मैच की शुरूआत मंत्री ने विधिवत बॉल को कीक मारकर की। मौके पर बालिका टीम के शो मैच के बाद 32 टीमों से खेलने के बाद दो टीम झबर व आरा-चमातू के बीच फाइनल खेला गया। दोनों टीम की फाइनल मैच इतनी जबरदस्त प्रदर्शन रही की पेनल्टी शूटआउट पर निर्णय हुआ। आरा चमातू की टीम ने झाबर को मात देते हुए दो गोल से विजय रही। मुख्य अतिथि मंत्री बैद्यनाथ राम ने उपहार स्वरूप शील्ड, मेडल, जर्सी और 25000 का चेक दिया। रनर टीम को 15000 का चेक व शील्ड, मेडल, जर्सी व तीसरे स्थान पर रही टीम को 5000 का चेक, शील्ड, जर्सी




मेडल व चौथे स्थान पर रही टीम को और मैन ऑफ द मैच को भी पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। वहीं रेफरी किसोर पासवान को मोमेंटो देखकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर मंत्री ने कहा कि गांव-गांव में छुपे हुए प्रतिभा को निखारना इस आयोजन का उद्देश्य रहा है। प्रतियोगिता से समाज में शांति सौहार्द बनी रहती है। खेल प्रेम भाव का प्रतीक है। कार्यक्रम से पूर्व आयोजन समिति मंत्री व मंचासीन अतिथियों का स्वागत करने के साथ बुके देकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर सम्मानित किया। मौके पर मंत्री के अलावे झामुमो जिला सचिव मो समसूल होदा ,जीप सदस्य विनोद उरांव विधायक प्रतिनिधि प्रभात कुमार, राजद नेता श्याम सुंदर यादव, समाजसेवी मो. मुजम्मिल हुसैन, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बारियातू राजेंद्र गंझु,राजेश यादव,प्रदीप गंझू,आमिर हयात,कपिल देव उराँव,अमित उराँव, समाजसेवी रवि रजक, मोहम्मद जरूर, दीपक कुमार सहित हजारों दर्शक मौजूद थे।

# जैविक खेती को लेकर किसानों को दिया गया प्रशिक्षण

नवीन मेल संवाददाता



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड के द्वारी गांव में शनिवार को परंपरागत कृषि विकास योजना के तहत ऑर्गेनिक फार्मिंग अथॉरिटी ऑफ झारखंड के बैनर तले वैदिक ऑर्गेनिक सर्टिफिकेशन एजेंसी रांची के द्वारा किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक अनुज कुमार ने प्रशिक्षण दिया। इसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम के माध्यम से बताया गया कि किसान जैविक खेती करके अपनी भूमि को लंबे समय तक उपजाऊ बनाकर टिकाऊ खेती कर सकते हैं। कम लागत में अधिक उत्पादन कर मुनाफा कमा सकते हैं।उन्होंने कहा के जैविक उत्पाद का प्रयोग अपने भोजन के रूप में करके हम सभी स्वस्थ रह सकते हैं। जैविक खेती करने के बारे में विस्तृत जानकारी भी दिया गया। इस अवसर पर किसानों को प्रशिक्षण देते हुए मुख्य प्रशिक्षक ने कहा कि जैविक खेती एक शून्य बजट की खेती है इससे हम अपने गांव में उपलब्ध प्राकृतिक संसाधनों से कई प्रकार के खाद सहित कीटनाशक टॉनिक का निर्माण कर अपने खेतों में प्रयोग कर सकते हैं। साथ ही साथ कार्यक्रम में किसानों को जीवाकृत व निजाकृत केंचुआ खाद्य सहित कई प्राकृतिक कीटनाशक एवं अन्य दवाओं को बनाने की विधि को विस्तार पूर्वक बताया गया। मौके पर प्रोजेक्ट मैनेजर अभिनव कुमार, क्षेत्र पदाधिकारी निसार अंसारी, मोहम्मद यासीन अंसारी, मुमताज अंसारी, खुशबास अंसारी, टीपू यादव सहित दर्जनों महिला व पुरुष किसान उपस्थित थे।

# जिले में गणेश उत्सव धूमधाम के साथ शुरू

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिले में गणेश पूजा धूमधाम से मनाया जा रहा है। गणेश चतुर्दशी के मौके पर विभिन्न संघों के द्वारा प्रतिमा स्थापित कर विघ्नहर्ता मंगलकर्ता भगवान गणेश की पूजा अर्चना की गयी। शहर के बीचो बीच अवस्थित ठाकुरबाड़ी राधाकृष्ण मंदिर परिसर में ग्रीन नेचुरल क्लब में प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गयी। यहां आकर्षक सजावट की गयी है। राधा कृष्ण मंदिर में पूजन में बतौर मुख्य यजमान अध्यक्ष रविनाथ प्रसाद गुप्ता, अशोक प्रसाद व सत्येंद्र प्रसाद उपस्थित थे, जबकि वैदिक मंत्रोच्चारण संतोष मिश्रा ने किया। यहां गणेश पूजा के मौके पर भंडारा का आयोजन किया गया। मौके पर निर्मल महल्का, पवन कुमार, राजेश अग्रवाल, ब्रजेश अग्रवाल, विनोद प्रसाद, आनंद कुमार, संतोष प्रसाद, राहुल अग्रवाल, नितेश यादव, राजू साहू, बजरंगी प्रसाद, सत्येंद्र प्रसाद, मनीष, निखिल, चीकू, चंदन प्रसाद, गौरव अग्रवाल,



विनोद, अरविंद, विष्णु सोनी, कुलदीप कुमार, सौरव कुमार, मुकेश गुप्ता, विकास कुमार, प्रियांशु कुमार, प्रिंस कुमार, मोनू कुमार, राहुल कुमार, अंकित कुमार, धीरज कुमार व भरत कुमार आदि मौजूद थे। इसके अलावा पहाड़पुरी में भी भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गयी और प्रसाद का वितरण किया गया। शहर के रेलवे स्टेशन के सोमेश्वर शिव मंदिर में श्री गणपति पूजन समिति के तत्वावधान में पूजा अर्चना की गयी। इस मौके पर भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारे में लातेहार एवं आसपास के क्षेत्रों के कई श्रद्धालुओं ने भगवान गणेश का प्रसाद ग्रहण किया और अपने परिवार के सुख शांति की कामना की। मौके पर समिति के अध्यक्ष सरयु प्रसाद सिंह, लाल श्याम किशोर नाथ शाहदेव, राजेंद्र प्रसाद सिंह, असीम कुमार बाग, ललित कुमार पांडेय, संजय कुमार सिन्हा, आशीष कुमार बाग, प्रवीण अग्रवाल, मनोज प्रसाद गुप्ता, संतोष सिंह, नीरज सिंह, पप्पू सरकार, चंदन सिंह, कुंदन सिंह, नंदन सिंह समेंत समिति के कई लोग शामिल थे।

### गणेश महोत्सव की धूम

**महुआडांड।** गणेश चतुर्थी का त्योहार महुआडांड़ प्रखंड में पूरे धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मां महाकाली संघ एवं आर्यन संघ (शिव मंदिर) के नवयुवकों द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। पुरोहित सर्वेश पाठक ने विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना की जा रही है। इस दौरान पूरा क्षेत्र भक्तिमय गानो से गुंजायमान हो उठा। मां महा काली के सुभम गुप्ता उर्फ राजा ने बताया कि पांच दिवसीय गणेश महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने मे मां महा काली संघ के गौरव धनुष, विकाश उर्फ छोटू, भोला बराइक, आयुष जायसवाल, रिंकू, पप्पू, शक्ति, राहुल, अंकित, सूरज सोनी, राजा राम सहित नवयुवक भूमिका निभा रहे हैं। वहीं आर्यन संघ (शिव मंदिर) के द्वारा भी इस वर्ष धूम-धाम से गणेश पूजा मनाया जा रहा है। मौके पर मौजूद भोला उर्फ विकास ने बताया कि आर्यन संघ के द्वारा पिछले आठ सालों से गणेश पूजा मनाते आ रहे हैं 7 से 11 सितंबर 5 दिवसीय भव्य पूजा गणेश महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। 9 सितंबर दिन सोमवार को भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। 11 सितंबर दिन बुधवार को मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से प्रिंस कुमार, अभिषेक कुमार, पंकज दास बाबु, विकास कुमार (भोला) सत्यम कुमार, निकेश कुमार, शतीस कुमार, अमित पांडेय, करण कुमार, विवेक शर्मा, सूरज कुमार, अंशु कुमार, प्रियांशु बजरंगी, हंस कुमार, विशेष जायसवाल, अंकित कुमार का अहम योगदान रहा।

# जमीरा में प्रतिभा खोज फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** प्रखंड के जमीरा पंचायत अंतर्गत रक्सी ग्राम स्थित सरना खेल मैदान में आयोजित प्रतिभा खोज फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन शनिवार को किया गया। बतौर मुख्य अतिथि पंचायत समिति सदस्य अनुरोध कुजूर, कुशेश्वर यादव,आयोजन समिति के अध्यक्ष कुश यादव समेत अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। उद्घाटन के उपरांत पहला मुकाबला सेंट ब्रदर निंद्रा बनाम भोगता ब्रदर्स मरमर के बीच खेला गया। जिसमें निंद्रा की टीम 1-0 से जीत दर्ज कर दूसरे चक्र में स्थान पक्का किया। इसके पूर्व उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष कुश यादव ने कहा कि क्षेत्र के युवाओं की प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिले इस उद्देश्य से लगातार 18 वर्षों से प्रतिभा खोज फुटबॉल टूर्नामेंट आयोजित की जा रही है। जिसमें बालक के साथ-साथ बालिका वर्ग के लिए भी प्रतियोगिता आयोजित की जाती है, ताकि बालिकाएं भी खेल के क्षेत्र में पीछे ना रहे। वहीं अतिथियों ने भी खिलाड़ियों से अनुशासन व खेल भावना का परिचय देते हुए खेल को खेलने की बात कही। उद्घाटन के मौके पर आयोजन समिति के शिव शंकर प्रजापति, मुकेश यादव, कलेन्द्र यादव, रोहित शाहदेव, मनोज यादव समेत सैकड़ो की संख्या में खेल प्रेमी मौजूद थे।

# करोड़ों रुपये की जालसाजी कर गांव का सॉफ्टवेयर इंजीनियर फरार

नवीन मेल संवाददाता

**मयूरहंड (चतरा)।** जिले के मयूरहंड थाना अंतर्गत ढेबादेरी गांव का एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर युवक सत्येंद्र कुमार मेहता अपने ही लोगों को रातो रात करोड़पति बनाने का सपना दिखाया और गांव में अपने ही घर में ऑफिस खोलकर भोले भाले लोगों का करोड़ो रुपये लेकर चंपत हो गया। भुक्तभोगियों ने बताया कि गांव का लड़का होने व पढ़ालिखा समझ कर हम सभी ग्रामीण विश्वास कर उसके द्वारा बिछाए गए जाल में फंस गए। सॉफ्टवेयर युवक द्वारा एएससी एप्लिकेशन लॉच कर दो महिने में दो गुणा पैसा वापस करने का लालच दिया और लोगों का पैसा एएससी एप्लिकेशन में डलवाना शुरू किया। जिसके बाद सातिराना दिमाग लगाकर अपने करीबी व संबंधी लोगों के खाते में तय समय पर चार गुणा पैसा वापस कर दिया।




इसके बाद ढेबादेरी, चेरी, अलकडीहा, सोकी समेत अन्य गांवों के महिला व पुरुष कर्ज कर व क्षमता अनुसार लाख दो लाख रुपये युवक द्वारा बनाया गया एप्लिकेशन के माध्यम से पैसा डालना शुरू किया। जब करोडों रुपये एएससी एप्लिकेशन के माध्यम से लोगों ने डाल दिया तो रातो रात फोन ऑफ कर व गांव का नटवर लाल बने सॉफ्टवेयर युवक फरार हो गया। इसके कारण उक्त गांवों के सैकड़ों लोग ठगी के शिकार हुए। भुक्तभोगी दर्जनों लोगों ने शनिवार को स्थानीय थाना में ठगी कर भागने का आरोप उक्त युवक पर लगाया है। थाना में आवेदन देकर प्रशासन से न्याय की गुहार लगाई है। भुक्तभोगी में सुबास महतो 33 हजार, संतोष कुमार मेहता 1 लाख 50 हजार, पप्पू कुमार मेहता 1 लाख 2 हजार, बिक्रम मेहता 2 लाख 90 हजार, बिरजू मेहता 80 हजार 6 सौ, सकलदेव मेहता 1 लाख 53 हजार, रामु मेहता 2 लाख 50 हजार, कांग्रेस मेहता 1 लाख 2 हजार, सचिन कुमार मेहता 1 लाख 14 हजार, अरविंद मेहता 78 हजार ऐसे सैकड़ों लोग शामिल हैं।

# पलामू टाइगर रिजर्व में मारोमार रेस्ट हाउस : शांति और प्रकृति का अनूठा संगम

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** झारखंड के पलामू टाइगर रिजर्व में स्थित मारोमार रेस्ट हाउस, प्रकृति प्रेमियों और शांति की तलाश में रहने वाले लोगों के लिए एक आदर्श स्थल साबित हो रहा है। अंग्रेजों के जमाने में वर्ष 1947 में स्थापित यह ऐतिहासिक रेस्ट हाउस आज भी अपनी पुरानी भव्यता और ऐतिहासिक महत्व के साथ मौजूद है। यह स्थल न केवल अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, बल्कि यहां का शांतिपूर्ण वातावरण भी मन को सुकून पहुंचाता है। मारोमार रेस्ट हाउस पलामू टाइगर रिजर्व के बीचों बीच, हरे-भरे जंगलों और वन्यजीवों के समीप स्थित है। यहां आने वाले पर्यटक शहरी जीवन की भागदौड़ और तनाव से राहत पाने के लिए एक बेहतरीन विकल्प खोज सकते हैं। वन विभाग ने यहां सभी आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था की है, जिससे पर्यटक पूरी तरह से



प्रकृति की गोद में आराम और आनंद ले सकें। इस क्षेत्र में बाघ, हाथी, हिरण, और पक्षियों की कई दुर्लभ प्रजातियां पाई जाती हैं, जो वन्यजीव प्रेमियों के लिए एक प्रमुख आकर्षण हैं। इस वन कर्मियों के ने वन्यजीवों के नजदीक से दर्शन कर सकते हैं। इसके अलावा, सर्दियों के मौसम में रेस्ट हाउस की बुकिंग में खासा इजाफा होता है। जिससे सरकार को भी अच्छा राजस्व प्राप्त होता है।

**प्राकृतिक सौंदर्य के प्रमुख स्थल :** मारोमार रेस्ट हाउस के निकट स्थित सुगाफॉल और मिर्चाइया फॉल जैसे जलप्रपात भी पर्यटकों के लिए प्रमुख आकर्षण हैं। बरसात के दिनों में सुगाफॉल की तेज धार और उसकी सुंदरता पर्यटकों को मंत्रमुग्ध कर देती है। वन विभाग ने सुगाफॉल में सौंदर्यीकरण के काम को आगे बढ़ाया है, जिसमें लकड़ी की सीढ़ियां और गाजीबो शामिल हैं।





### बढ़ती बुकिंग और राजस्व

बारेसाढ़ के रेंजर तरुण कुमार सिंह ने बताया कि नवंबर और दिसंबर में मारोमारा रेस्ट हाउस की बुकिंग सबसे अधिक होती है। इन महीनों में पर्यटकों की बड़ी संख्या यहां आती है, जिससे सरकार को अच्छा राजस्व प्राप्त होता है। पलामू टाइगर रिजर्व का मारोमारा रेस्ट हाउस प्रकृति प्रेमियों और ऐतिहासिक स्थलों के शौकीन लोगों के लिए एक संपूर्ण अनुभव प्रस्तुत करता है, जो शांति, रोमांच, और ऐतिहासिक महत्व का अनूठा संगम है।

## न्यूज बॉक्स

### पूजा अर्चना के साथ पांच दिवसीय गणेश उत्सव शुरू



**गिद्धौर (चतरा)।** प्रखंड मुख्यालय के मुख्य चौक के समीप शनिवार को विधि विधान के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। इसके पश्चात पूजा अर्चना के साथ पांच दिवसीय गणेश उत्सव शुरू हो गया। गणेश पूजा को लेकर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। इस क्रम में श्रद्धालुओं ने गणपति बप्पा मोरया, विध्वंशकारी, विघ्नहर्ता मोरया के जय कारे से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। बताया गया कि पांच दिनों तक प्रत्येक शाम को भक्ति जागरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जबकि 11 सितंबर को भव्य भंडारे व हवन के साथ प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। बताया गया कि गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय में पिछले दो वर्ष से भगवान गणेश की पूजा की जा रही है। इस पूजा में विनय कुमार,जितेंद्र कुमार,आदित्य कुमार, श्रीकांत कुमार, भोला ठाकुर, पंकज कुमार, प्रदीप दांगी, शंकर साव, राकेश कुमार सहित अन्य युवाओं की भूमिका अहम है।

### बिजरा के ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंप कर विद्यालय को पुनः खोलने का किया मांग



**हेरहंज।** प्रखंड की चिरू पंचायत अंतर्गत बिजरा ग्राम के ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त गरिमा सिंह को एक ज्ञापन सौंप कर बिजरा ग्राम स्थित राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय विद्यालय को पुनः खुलवाने की मांग की है। इस संबंध में ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने कहा है कि उक्त विद्यालय का समायोजन दूसरे विद्यालय में गलत तरीके से कुछ वर्ष पूर्व कर दिया गया था। जिस कारण इस क्षेत्र के बच्चों की शिक्षा दीक्षा बाधित हो गई है और उन्हें प्रारंभिक शिक्षा के लिए भी दो से ढाई किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। जिस कारण अधिकांश बच्चे विद्यालय नहीं पहुंच पा रहे हैं। ज्ञापन के माध्यम से ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम क्षेत्र की आबादी करीब 7 से 800 के बीच है। वहां पर पूर्व में विद्यालय का संचालन हो रहा था, लेकिन सैकड़ों बच्चों का नामांकन होने के बावजूद इस विद्यालय का दूसरे विद्यालय में समायोजन कर दिया गया। इसे देखते हुए क्षेत्र के ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त से इस विद्यालय का समायोजन को तोड़ते हुए शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य पुनः राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय बीजरा को पुनः संचालन करने का मांग किया है। मौके पर भोला लोहरा मिस्टर अंसारी ग्राम प्रधान रमाशंकर लोहार समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**चंदवा।** थाना क्षेत्र अंर्तगत सासंग-सेरक पथ पर बारी गांव के समीप शनिवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों द्वारा एंबुलेंस कि मदद से दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदवा लाया गया। वहां डॉ. नीलिमा कुमारी ने अभिषेक उरांव को मृत घोषित कर दिया गया। प्रियरंजन उरांव को प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया। मृतक बनहरदी गांव निवासी रमेश उरांव का पुत्र था। जानकारी के अनुसार उक्त दोनों युवक बाइक से सासंग गांव से ट्यूशन पढ़कर घर लौट रहे थे। इस क्रम में भेड़ाटोंगरी के समीप तीखे ढलान पर बाइक अनियंत्रित हो गई व तेज गति से लोहे के बिजली पोल को टक्कर मारते सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। घटना में अभिषेक के चेहरे व सर में गंभीर चोट लगी थी। मृतक अपने घर का एकलौता पुत्र था। उसके माता-पिता दोनों दिव्यांग है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। सूचना के बाद पुलिस ने बाइक जब्त कर अग्रतर कार्रवाई में जुट गई थी।

### चंदवा में धूमधाम से शुरू हुई भगवान गणेश की पूजा

**चंदवा।** शहर के मेन रोड पर लक्ष्मी निवास पतंजलि आरोग्य केंद्र थाना टोली एवं अन्य स्थानों पर गणेश चतुर्थी उत्सव के अवसर पर शनिवार को विघ्नहर्ता भगवान गणेश की पूजा धूमधाम से की गई। प्रथम पूज्य गणेश महाराज की प्रतिमा स्थापित कर लोगो ने पूजन कर आरोग्य सुख की कामना की। पुरोहित पंडित योगेश उपाध्याय ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच यजमान प्रियम दुबे को वैदिक मंत्रोचार के बीच भगवान गणेश की पूजा अर्चना कराई। पूजन में हरिनंदन दुबे, प्रमोद दुबे, बबलू दुबे, गौतम दुबे, पंकज दुबे, प्रीतम दुबे सपरिवार पूजन कार्यक्रम में शामिल रहे। पूजन के पश्चात काफी संख्या में श्रद्धालुओ ने दर्शन कर आशिर्वाद तथा प्रसाद ग्रहण किया। संध्या में आयोजित भजन संध्या में शशिकांत मिश्र के नेतृत्व में श्रद्धालुओं ने जमकर जयकारा लगाया। मौके पर शशिकांत मिश्र, मनोज दुबे, रिंकू उपाध्याय, संजीव आजाद, अनिकेत मिश्रा, वीरा दुबे समेत दर्जनों श्रद्धालु मौजूद थे।

### नपं क्षेत्र के आश्रम विद्यालय में किया गया सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

**लातेहार।** नगर पंचायत लातेहार अंतर्गत आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का शनिवार को नगर पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत वार्ड नंबर 3 स्थित आश्रम स्कूल में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों का स्टॉल लगाया गया। साथ ही भारत सरकार एवं राज्य सरकार विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम में बिजली विभाग, पशुपालन विभाग, अंचल कार्यालय, नगर पंचायत नगर पंचायत लातेहार से संबंधित कार्य, सावित्रीबाई फुले इत्यादि योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाया गया तथा उससे लाभुकों को लाभ दिया गया। कार्यक्रम में कई समस्याओं का ऑन स्पॉट निपटारा भी किया गया। परिसंपत्ति का वितरण किया गया। अब 9 सितंबर को सामुदायिक भवन अंबाकोठी में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से मनरेग प्रशासक राजीव रंजन मौजूद थे।

### तीन दिवसीय गणेश महोत्सव शुरू

**मयूरहंट।** मयूरहंट व ढोढ़ी-मंधनियां में शनिवार को तीन दिवसीय गणेश महोत्सव शुरू हुआ। मौके पर उत्साह के साथ पूजा-अर्चना की गयी। पूजा पंडाल को आकर्षक ढंग व बिजली की आकर्षक रंग-बिरंगे लाइटों से सजाया गया है। मयूरहंड़ में लंदन के ब्रीज बना कर प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना की गयी। सोशल मीडिया व्हाट्सएप पर पूजा का लाइव प्रसारण कर प्रखंड वासियों को दिखाया जा रहा है। पूजा को लेकर गांव में उत्साह का माहौल है। पूजा को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष राजू राम, सचिव राजेश साव, कोषाध्यक्ष रंजन साव, हरि प्रजापति, बबलू, सिंटू, अभिषेक, पप्पू, सिकेन्द्र मेहता समेत अन्य ग्रामीण अहम भूमिका निभा रहें हैं। मयूरहंड़ में पूजा का समापन 9 सितंबर को किया जाएगा। वहीं 8 सितंबर की रात सांस्कृतिक कार्यक्रम भक्ति जागरण का आयोजन किया गया है।

# एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी की चुनौती के लिए तैयार डिफेंडिंग चैंपियन भारत

**भारत और पाकिस्तान की टक्कर 14 सितंबर को**



*हमारी टीम में कुछ युवा खिलाड़ी भी हैं जो अपना प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे।*

**हरमनप्रीत सिंह**

**एजेंसी। मोकी**

हॉकी पुरुष एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी के लिए मंच तैयार है, जो रविवार को मोकी हॉकी ट्रेनिंग बेस पर शुरू होगी। ये वेन्यू चीन के इनर मंगोलिया के हुलुनबुइर में नीरजी बांध के ऊपर स्थित है। मौजूदा ओलंपिक कांस्य पदक विजेता भारत खिताब बचाने के लिए प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगा जबकि मेजबान चीन, जापान, पाकिस्तान, कोरिया और मलेशिया इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन की उम्मीद के साथ विरोधियों को कड़ी टक्कर देने के लिए बेताब हैं। पिछले साल भारत ने घरेलू मैदान पर खिताब जीता था, जिससे वह टूनार्मेंट के इतिहास में चार खिताब जीतने वाली एकमात्र टीम बन गई।

टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह इस साल भी महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारत के दबदबे को जारी रखने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, पिछले साल एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी ने हमें एशियाई खेलों में जाने के लिए सही गति दी और इसके बाद ओलंपिक खेलों में भी हमें इससे काफी मदद मिली।

इस बार भी हम इस टूर्नामेंट को जीतकर नए ओलंपिक चक्र की शानदार शुरूआत करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, इस टूर्नामेंट में ओलंपिक टीम के 10 सदस्य खेल रहे हैं, लेकिन हमारी टीम में कुछ युवा खिलाड़ी भी हैं जो अपना प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे। खेल के दृष्टिकोण से, हमारा आक्रमण और पेनल्टी कॉर्नर हमारी ताकत है, लेकिन हम डिफेंस को भी मजबूत करना चाहेंगे। खासकर जापान, मलेशिया और पाकिस्तान जैसी टीमों के खिलाफ हमें अपनी रणनीतियों को मजबूत करना होगा। विश्व रैंकिंग अंकों के लिहाज से यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण टूनार्मेंट है और हम चुनौती के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

## डेक्कन चार्जर्स के दिनों में ही मुझे एहसास हो गया था कि रोहित शर्मा स्पेशल हैं: स्टायरिस



**एजेंसी। नई दिल्ली**


हिटमैन रोहित शर्मा की 'बेखौफ' बल्लेबाजी के कायल न केवल क्रिकेट फैंस बल्कि कई दिग्गज क्रिकेटर भी हैं। जो अंदाज युवा रोहित का था, आज इतने वर्षों बाद भी उनमें वही हुनर नजर आता है बल्कि बढ़ती उम्र और अनुभव ने उन्हें और दमदार बल्लेबाज बना दिया।

इस बीच न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर स्कॉट स्टायरिस ने कहा कि बहुत वर्षों पहले ही उन्होंने रोहित में कुछ अलग देखा था। स्कॉट स्टायरिस और रोहित 2008 और 2009 के आईपीएल में डेक्कन चार्जर्स कैंप में एक साथ थे, जहां टीम ने दक्षिण अफ्रीका में खिताब जीता था।

इसके बाद, रोहित मुंबई इंडियंस में शामिल हो गए और उन्होंने पांच आईपीएल खिताब जीते। वहीं, बतौर टीम इंडिया के टी20 कप्तान उनके नाम टी20 विश्व कप का खिताब भी है, जो उन्होंने जून में बारबाडोस में जीता था।

० पूर्व कीवी क्रिकेटर ने क्रिकेटडॉटकॉम से कहा, आईपीएल 2008 में मुझे रोहित शर्मा को देखने और उनके साथ खेलने का पहला मौका मिला। वह डेक्कन चार्जर्स में हमारे साथ थे। उस समय उनकी उम्र 19 या 20 साल थी। मैं तभी समझ गया था कि यह बच्चा कुछ खास है। मैं अभी श्रीलंका से वापस आया हूं, जहां मैंने भारत बनाम श्रीलंका मैच में कमेंट्री की थी। वहां उनसे मिला और वह अभी भी वही खिलाड़ी हैं जो 16 साल पहले थे।

## शुभमन गिल का 25वां जन्मदिन मनाएगा गुजरात टाइटन्स




**अहमदाबाद।** आईपीएल टीम गुजरात टाइटन्स अपने कप्तान शुभमन गिल के 25वें जन्मदिन का जश्न मनाने के लिए बॉक्सपार्क, गोटा, अहमदाबाद में उनके पहले कभी न देखे गए आर्ट इंस्टालेशन का अनावरण करेंगे। यह आयोजन 8 सितंबर को सुबह 10 बजे से शुरू होगा। प्रशंसक बॉक्सपार्क पर जाकर अपनी आंखों के सामने अनावरण होते देख सकते हैं। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रशंसकों को प्रतियोगिताओं में भाग लेने और जीटी हैम्पर्स जीतने का भी अवसर मिलेगा। इसके अतिरिक्त, प्रशंसकों के लिए शुभमन को अपने संदेश और शुभकामनाएं लिखने के लिए एक समर्पित दीवार स्थापित की जाएगी। यह इंस्टॉलेशन एक सप्ताह तक प्रदर्शित रहेगा, जिससे प्रशंसकों को शुभमन के जन्मदिन समारोह का हिस्सा बनने का अवसर मिलेगा।

## टखने में गंभीर चोट के कारण स्पेन की टीम से बाहर हुए ओयारजाबल

**मैड्रिड।** स्पेन की राष्ट्रीय टीम के कोच लुइस डे ला फुएंते रविवार को स्विट्जरलैंड के खिलाफ होने वाले यूईएफए नेशंस लीग मुकाबले में रियल सोसिएदाद के फारवर्ड मिकेल ओयारजाबल के बिना खेलेंगे, क्योंकि स्पेनिश फुटबॉल फेडरेशन (आरएफईएफ) ने पुष्टि की है कि गुरुवार को सर्बिया के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ के दौरान उनका बायां टखना चोटिल हो गया है। ओयारजाबल खेल में अंतिम समय में स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप में आए और खेल के अंतिम चरण में उन्हें चोट लग गई। शुक्रवार की सुबह स्पेन में वापस परीक्षण के बाद, चोट की गंभीरता की पुष्टि हुई और ओयारजाबल बैसाखी के सहारे आरएफईएफ मुख्यालय छोड़कर सैन सेबेस्टियन लौट गए।

## यूएस ओपन: टेलर फ्रिट्ज फाइनल में जननिक सिनर से होगा सामना

**न्यूयॉर्क।** टेलर फ्रिट्ज ने शुक्रवार को यूएस ओपन 2024 के सेमीफाइनल में हमवतन फ्रांसेस टियाफो को हराकर खिताबी मुकाबले में जगह बनाई जहां रविवार को उनका सामना इटली के शीर्ष वरीयता प्राप्त जननिक सिनर से होगा। इस जीत के साथ ही फ्रिट्ज 15 वर्षों में ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचने वाले पहले अमेरिकी खिलाड़ी भी बन गए। विश्व के 12वें नंबर के खिलाड़ी फ्रिट्ज ने 4-6, 7-5, 4-6, 6-4, 6-1 से जीत हासिल की और फाइनल में जगह बनाई। 26 वर्षीय फ्रिट्ज ने जीत हासिल करने के बाद कहा, ₹शुरूआत में उन्होंने मुझे बहुत परेशान किया और मैं थोड़ा घबरा गया था। मैंने खुद से कहा कि मैं इसमें बना रहूँ, सर्विस को बनाए रखूँ और स्कोरबोर्ड पर दबाव बनाऊँ।

# पेरिस पैरालंपिक : होकाटो होतोजे ने जीता मेडल, पीएम मोदी ने दी बधाई




**14.65** मीटर की थ्रो के साथ भारत के लिए कांस्य पदक हासिल किया

**27** पदक भारत के पास है जिसमें 6 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक और 12 कांस्य पदक शामिल हैं।

**2020** पैरालंपिक में जीते गए पांच स्वर्ण पदकों को पीछे छोड़ दिया है।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेरिस पैरालंपिक 2024 में भारतीय खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। जिस पर देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कांस्य पदक जीतने पर होकाटो होतोजे सेमा को बधाई दी और खेल के प्रति उनके दृढ़ संकल्प की सराहना की।

होकाटो ने शनिवार को पुरुषों की शॉटपुट एफ57 स्पर्धा के फाइनल में 14.65 मीटर की थ्रो के साथ भारत के लिए कांस्य पदक हासिल किया, जो उनका व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था।

प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' अकाउंट पर पैरालंपियन की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए इसे देश के लिए 'गर्व का क्षण' बताया।

**पीएम मोदी ने पोस्ट में लिखा,** हमारे देश के लिए यह गर्व का क्षण है। होकाटो ने पुरुषों की शॉटपुट एफ57 में कांस्य पदक जीता है! उनकी अविश्वसनीय ताकत और दृढ़ संकल्प असाधारण है। उन्हें बधाई। आगे के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं। **गृह मंत्री अमित शाह** ने भी पैरालंपियन की उपलब्धि की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी।

गृह मंत्री ने अपने 'एक्स' अकाउंट पर लिखा, होकाटो सेमा ने पैरालंपिक 2024 में पुरुषों की शॉट पुट एफ57 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। आपके अटूट प्रयास और शानदार प्रदर्शन ने देश को गौरवान्वित किया है।

इस इवेंट में ईरान के याशिन खोसरावी ने 15.96 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि ब्राजील के थियागो पॉलिनो डॉस सैंटोस ने 15.06 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता। भारत की कुल पदक तालिका अब 27 हो गई है, जिसमें 6 स्वर्ण पदक, 9 रजत पदक और 12 कांस्य पदक शामिल हैं। यह उपलब्धि पैरालंपिक में भारत के अब तक के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन को दर्शाती है, जिसने टोक्यो 2020 पैरालंपिक में जीते गए पांच स्वर्ण पदकों को पीछे छोड़ दिया है।

### पीएम मोदी ने पैरालंपिक पदक विजेताओं से की बात, बोले-

## 'पदक जीतना देश के लिए सबसे बड़ा तोहफा'



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पैरालंपिक खेल के पदक विजेताओं हरविंदर सिंह, कपिल परमार, प्रणव सूरमा, सचिन सरजेराव खिलारी और धरमबीर से टेलीफोन पर बातचीत की और उन्हें जीत की बधाई दी। पदक विजेताओं से बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि खिलाड़ियों का पदक जीतना देश के लिए सबसे बड़ा तोहफा है। उनके प्रदर्शन से देश के युवाओं को प्रेरणा मिली है। उन्होंने खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन के पीछे कोचों के प्रयासों की भी सराहना की। कपिल परमार गुरुवार को पुरुषों के 60 किग्रा (जे1) वर्ग में कांस्य पदक जीतकर जूडो में भारत के पहले पैरालंपिक पदक विजेता बन गए। वहीं हरविंदर सिंह बुधवार को पोलैंड के लुकास सिसजेक को एकतरफा फाइनल में हराकर तीरंदाजी में भारत के पहले पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता बन गए। वहीं धरमबीर ने पैरालिंपिक 2024 में पुरुषों की क्लब थ्रो एफ 51 स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। शुक्रवार, 6 सितंबर तक भारत की पदक संख्या 26 हो गई।

## घरेलू क्रिकेट में डीआरएस से बल्लेबाजों की तकनीक में सुधार होगा : अश्विन




**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि इस घरेलू क्रिकेट सत्र में डीआरएस लाने के फैसले से बल्लेबाजों को अपनी तकनीक में सुधार करने में मदद मिलेगी।

दलीप ट्रॉफी 2024 के पहले दौर में बेंगलुरु (भारत ए बनाम भारत बी) और अनंतपुर (भारत सी बनाम भारत डी) में चल रहे मैचों के लिए डीआरएस उपलब्ध है। अश्विन ने भारत डी के बल्लेबाज रिकी भुई की बल्लेबाजी तकनीक के बारे में बात करके अपनी बात को स्पष्ट किया, जिसमें उन्होंने पैड के पीछे बल्ला रखने की बात कही थी, जिसने अनंतपुर में उनके आउट होने में अहम भूमिका निभाई। दूसरे दिन के खेल में, भुई को इंडिया सी के बाएं हाथ के स्पिनर मानव सुथार ने एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। प्रारंभ में, ऑन-फील्ड अंपायर ने इसे आउट नहीं दिया, लेकिन भारत सी के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने डीआरएस का विकल्प चुना और निर्णय को आउट में बदल दिया गया।

## लिवरपूल के दिग्गज रॉन येट्स का 86 साल की उम्र में निधन



**नई दिल्ली।** लिवरपूल के क्लब इतिहास के एक महान खिलाड़ी रॉन येट्स का शुक्रवार रात 86 साल की उम्र में निधन हो गया। वे हाल के वर्षों में अल्जाइमर से पीड़ित थे। वे एफए कप जीतने वाले लिवरपूल के पहले कप्तान थे। लिवरपूल ने शनिवार को एक बयान में कहा, लिवरपूल एफसी दिग्गज पूर्व कप्तान रॉन येट्स के निधन पर शोक व्यक्त कर रहा है। इस बेहद दुखद समय में एलएफसी में सभी की संवेदनाएं रॉन की पत्नी एन, उनके परिवार और उनके दोस्तों के साथ हैं। जुलाई 1961 में डुंडी यूनाइटेड से साइन किए गए डिफेंडर येट्स रेड्स में शैंक्ली की नवोदित क्रांति के परिवर्तनकारी खिलाड़ियों में से एक थे, जिन्होंने क्लब को सेकंड डिवीजन में लंबे समय तक फंसे रहने के बाद निराशा से बाहर निकालने में मदद की।

## 53वीं राष्ट्रीय बालिका अंडर-14 कब्बड्डी प्रतिस्पर्धा का हुआ समापन

**जम्मू।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 2 जम्मू कैंट की मेजबानी में शनिवार को 53वीं राष्ट्रीय खेलकूद प्रतियोगिता (अंडर 14 बालिका) कबड्डी प्रतियोगिता का समापन समारोह एम.ए.एम स्टेडियम जम्मू में नगेंद्र गोयल उपायुक्त जम्मू संभाग की अध्यक्षता में किया गया। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 3-9-2024 से 7-9-2024 तक किया गया। ध्यातव्य है कि इस अवसर पर 22 संभाग से कुल 232 खिलाड़ी व 47 अनुरक्षक भी उपस्थित रहे। अंडर 14 कबड्डी के सभी मैच एम.ए.एम. स्टेडियम में खेले गए।

# व्यापार/लाइफ व साइंस

## गणेश चतुर्थी के दिन चमका सोना

### सोना 500 रुपये प्रति 10 ग्राम से भी अधिक महंगा होकर 73 हजार रुपये के पार पहुंचा



**एजेंसी। नई दिल्ली**

गणेश चतुर्थी के दिन शनिवार को घरेलू सराफा बाजार में तेजी का रुख बना हुआ है। तेजी के कारण सोना 500 रुपये प्रति 10 ग्राम से भी अधिक महंगा होकर 73 हजार रुपये के स्तर को पार कर गया है। इसी तरह चांदी ने भी आज 2 हजार रुपये से अधिक की छलांग लगाई है। कीमत में हुई बढ़ोतरी के कारण आज देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 73,470 रुपये से लेकर 73,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार करता रहा। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 67,360 रुपये से लेकर 67,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। सोने की तरह ही चांदी भी आज महंगी हुई है। कीमत में आई इस तेजी के कारण दिल्ली सराफा बाजार में आज चांदी की कीमत 87,100 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर पहुंच गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,470 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,360 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,320 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,370 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 73,320 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,210 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 73,320 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सराफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 67,210 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

### नकदी संकट से निपटने की कोशिश में जुटी स्पाइसजेट

## 3,200 करोड़ रुपये जुटाने की बनाई योजना

**एजेंसी। नई दिल्ली**

लिक्विडिटी क्रंच का सामना कर रही डोमेस्टिक एयरलाइन कंपनी स्पाइसजेट ने पूंजी के संकट से मुक्त होने के लिए 3,200 करोड़ रुपये जुटाने की योजना बनाई है। ये राशि इक्विटी, डेट और कैपिटल इन्फ्यूजन के जरिए जुटाई जाएगी। इस संबंध में मिल रही जानकारी के मुताबिक स्पाइसजेट 3,200 करोड़ रुपये की इस राशि का इस्तेमाल अपने बेड़े में विमानों की संख्या बढ़ाने, देनदारी का निस्तारण करने और कंपनी के दूसरे कामकाज में करेगी। बताया जा रहा है कि स्पाइसजेट क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) के जरिए 2,500 करोड़ रुपये जुटाएगी। इसके साथ ही वारंट और प्रमोटर्स की ओर से कैपिटल इन्फ्यूजन के माध्यम से 736 करोड़ रुपये जुटाए जाएंगे। हालांकि स्पाइसजेट ने अभी तक 3,200 करोड़ रुपये जुटाने की इस प्रस्तावित योजना के लिए शेयरधारकों से मंजूरी नहीं ली है लेकिन माना जा रहा है कि नकदी के संकट से उबरने के लिए कंपनी को शेयर धारकों की ओर से इस प्रस्तावित योजना के लिए मंजूरी मिल जाएगी। स्पाइसजेट फिलहाल नकदी के संकट से जूझ रही है। दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड इस एविएशन कंपनी को बकाए का भुगतान करने के लिए नोटिस दे चुकी है। इसी तरह कुछ दिन पहले दुबई में एयरपोर्ट के बकाए का भुगतान नहीं करने के कारण स्पाइसजेट के यात्रियों को विमान में बोर्ड होने से रोक दिया गया था। दुबई एयरपोर्ट की ओर से भी स्पाइसजेट को बकाए का जल्द से जल्द भुगतान करने का नोटिस दिया जा चुका है। कुछ दिन पहले ये खबर भी आई थी कि स्पाइसजेट लंबे समय से अपने कर्मचारियों के पीएफ का भुगतान भी नहीं कर पा रही है।

## एयर इंडिया ने अंतरराष्ट्रीय उड़ान के लिए चेक-इन की समय-सीमा बढ़ाई



**एजेंसी। नई दिल्ली**

टाटा की अगुवाई वाली एयर इंडिया एयरलाइंस ने शनिवार को अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ान के लिए चेक-इन की समय-सीमा को बढ़ाने की घोषणा की है। एयरलाइंस ने कहा है कि अब चेक-इन काउंटर अपने निर्धारित प्रस्थान समय से 75 मिनट पहले बंद हो जाएगा। ये नियम राजधानी नई दिल्ली से सभी अंतरराष्ट्रीय प्रस्थानों पर लागू होगा। ये नियम 10 सितंबर, 2024 से प्रभावी होगा। कंपनी ने एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि नई दिल्ली से अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान के लिए चेक-इन काउंटर अब आपके निर्धारित प्रस्थान समय से 75 मिनट पहले बंद हो जाएगा। एयर इंडिया ने बताया कि पिछले 60 मिनट के बंद होने से यह समायोजन सभी के लिए एक सहज और आरामदायक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करता है, जिससे व्यस्त अवधि के दौरान भी चेक-इन प्रक्रियाओं और सुरक्षा मंजूरी के लिए पर्याप्त समय मिलता है। हम इस नए बंद समय से पहले हवाई अड्डे पर पहुंचने में आपके सहयोग की सराहना करते हैं। इससे पहले अगस्त में एयर इंडिया ने कहा था कि 10 सितंबर, 2024 से नई दिल्ली हवाई अड्डे से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए चेक-इन काउंटर उड़ान प्रस्थान से 75 मिनट पहले बंद हो जाएंगे। एयरलाइन ने उस समय यात्रियों से समय पर चेक-इन काउंटर पर रिपोर्ट करने का अनुरोध भी किया था। गौरतलब है कि अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान वह क्षेत्र होता है, जिसका उपयोग यात्री विदेश जाने के लिए करते हैं। इंटरनेशनल टर्मिनल में स्थित पासपोर्ट चेकपॉइंट से गुजरने के बाद यात्री अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान की ओर बढ़ सकते हैं।

### भारत ने चीन को छोड़ा पीछे

## एमएससीआई ईएम आईएम सूचकांक में हासिल किया शीर्ष स्थान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

मॉर्गन स्टेनली ने घोषणा की है कि एमएससीआई उभरते बाजार निवेश योग्य सूचकांक ((इमर्जिंग मार्केट्स इन्वेस्टेबल मार्केट इंडेक्स, एमएससीआई ईएम आईएमआई) में भारत ने अपने भारित मूल्य के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है। भारत में अब इसका भार 22.27 प्रतिशत है, जो चीन के 21.58 प्रतिशत से अधिक है। एमएससीआई आईएमआई में 3,355 स्टॉक शामिल हैं, जिसमें बड़ी, मध्यम और छोटी कैप कंपनियां शामिल की जाती हैं। यह सूचकांक उभरते बाजारों वाले 24 देशों के स्टॉक को कवर करता है और प्रत्येक देश में निवेशकों के लिए उपलब्ध लगभग 85 प्रतिशत (फ्री फ्लोट एडजस्टेड) बाजार पूंजीकरण को कवर करने का लक्ष्य रखता है। मुख्य एमएससीआई ईएम सूचकांक (मानक सूचकांक) में बड़ी और मध्यम कैप कंपनियां शामिल होतीं हैं, वहीं आईएमआई को बड़ी, मध्यम और छोटी कैप स्टॉक के साथ अधिक व्यापक बनाया गया है। एमएससीआई आईएमआई में चीन के मुकाबले भारत का अधिक भार, छोटी-कैप की अधिक भारित क्षमता के कारण है। विश्लेषकों के अनुमान के अनुसार, एमएससीआई ईएम आईएमआई में हुए इस बदलाव के बाद भारतीय इक्विटी में लगभग 4 से 4.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रवाह दिखाई दे सकता है।

## एक साल में बायजू का दूसरा ऑडिटर हुआ बाहर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

कई मुद्दों से जूझ रही बायजू नए विवाद में फंस गई है, क्योंकि इसके ऑडिटर बीडीओ ने तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने संकटग्रस्त एडटेक फर्म के साथ कई मुद्दों को उजागर किया है, जिसमें वित्तीय रिपोर्टिंग में देरी और अपर्याप्त प्रबंधन समर्थन शामिल है।

पिछले साल बायजू के पूर्व ऑडिटर डेलोइट ने कंपनी में गवर्नेंस संबंधी मुद्दों का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया था। त्यागपत्र में, बीडीओ की सहायक कंपनी एमएसकेए ने कहा, वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए ऑडिट पूरा करने में सक्षम बनाने के लिए हमें हमारे द्वारा मांगी गई खाता बही, सूचना और स्पष्टीकरण और पर्याप्त उचित ऑडिट साक्ष्य प्रदान करने में कंपनी के प्रबंधन से अपर्याप्त समर्थन मिला है। बायजू के प्रवक्ता ने बयान देते हुए ऑडिट फर्म द्वारा किए गए अनैतिक अनुरोधों और उचित प्रक्रियाओं का पालन करने में विफलता के बारे में गंभीर चिंता जताई। एडटेक फर्म ने कहा, कई कॉल रिकॉर्डिंग मौजूद हैं, जिसमें बीडीओ के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट रूप से इन दस्तावेजों को पिछली तारीख में बदलने का सुझाव दिया है, जिसे बायजू ने करने से इनकार कर दिया। बायजू का दृढ़ विश्वास है कि यह उनके इस्तीफे का मुख्य कारण है।





भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शनिवार को मोरहाबादी मैदान में आयोजित सैन्य प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

## बिजली बिल माफी का आदेश निकला नहीं और लिए जा रहे आवेदन : डॉ लंबोदर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने झारखंड सरकार के बिजली बिल माफी करने की घोषणा के बाद दोहरा आचरण करने पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि करीब एक पखवाड़ा पहले राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बिजली बिल माफ करने की घोषणा की है। मगर, अब तक इस घोषणा के अमल संबंधी किसी प्रकार का कोई आदेश नहीं निकला है। इस बीच गरीबी रेखा से नीचे (बीपीएल) रहकर जीवन गुजर बसर करने वाले लोगों के घरों में बिजली बिल बकाया वसूली के नाम पर छापामारी की जा रही है और एफआईआर भी दर्ज किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि आज पेटरवार में दिनेश प्रसाद, धीरज प्रसाद, विजय प्रसाद, सुभाष प्रसाद एवं अखिलेश प्रसाद, जो बीपीएल हैं, उनके घरों में बिजली विभाग द्वारा छापामारी की गई है । यह स्थिति राज्य भर में बनी हुई है। उन्होंने कहा कि यही नहीं बिजली बिल माफी के नाम पर आवेदन पत्र भी लिया जा रहा है। यह आवेदन पत्र आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली बिल माफी की घोषणा स्वागत योग्य है, मगर अब तक इस घोषणा का आदेश नहीं निकलना और गरीब लोगों के घर में बिजली बकाया के नाम पर छापामारी कर एफआईआर दर्ज करना। साथ ही, बिजली बिल माफी को लेकर आवेदन मांगना राज्य सरकार की मंशा पर ही सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि हमारे गोमिया विधानसभा क्षेत्र में बिजली बिल माफी का आवेदन पूर्व विधायक योगेंद्र प्रसाद के नाम पर आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत जमा कराया जा रहा है।

## हाई कोर्ट ने हृदयानंद तिवारी के खिलाफ कुर्की-जब्ती पर लगाई रोक

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से टेंडर घोटाला मामले में आरोपित हृदयानंद तिवारी को राहत मिली है। शनिवार को हाई कोर्ट की एकल पीठ ने हृदयानंद तिवारी के खिलाफ कुर्की जब्ती पर अगले आदेश तक के लिए रोक लगा दी। 29 जुलाई 2024 को ईडी की टीम ने गढ़वा में फरार आरोपित हृदयानंद तिवारी के घर में इश्तेहार चिपकाया। ईडी ने मनी लांड्रिंग के आरोप में जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम से संबंधित मामलों में यह इश्तेहार चिपकाया है। अरोपित हृदयानंद तिवारी के खिलाफ 25 जुलाई को पीएमएलए कोर्ट ने इश्तेहार जारी किया गया था और अगले 30 दिनों के अंदर हाजिर होने के लिए कहा गया था। इसके खिलाफ उन्होंने हाई कोर्ट में क्रिमिनल रिवीजन दाखिल की है। हृदयानंद तिवारी की ओर से हाई कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका भी दाखिल की गई है।

## ब्रजेश कुमार एनवाईएफ के लिए राज्य नोडल पदाधिकारी मनोनीत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय युवा महोत्सव - 2025 के लिए एनएसएस के राज्य पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार को झारखंड राज्य के लिए राज्य नोडल पदाधिकारी मनोनीत किया गया है। डॉ कुमार का मनोनयन झारखंड सरकार के युवाकार्य एवं खेल निदेशालय के निदेशक संदीप कुमार ने किया है। ज्ञात हो कि राष्ट्रीय युवा महोत्सव (एनवाईएफ) का आयोजन 12 से 16 जनवरी 2025 तक होगा।

राज्य नोडल पदाधिकारी डॉ ब्रजेश कुमार राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अंतर्गत झारखंड राज्य से भाग लेने वाले युवा दल को विभिन्न स्तर पर प्रतियोगिता का आयोजन कर राज्य स्तरीय दल के चयन में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। जिला, प्रमंडल एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के माध्यम से झारखंड



राज्य से कुल 115 युवा प्रतिभागियों का चयन कर उन्हें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भेजा जाएगा।

राष्ट्रीय युवा महोत्सव का थीम विज्ञान और प्रौद्योगिकी में नवाचार है। इसके अंतर्गत विज्ञान मेला, लोकनृत्य, लोकगीत, कविता, चित्रकला, भाषण आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश दुबे ने किया सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा

# पिपरवार में 20 मेगावाट का सोलर पावर प्लांट राष्ट्र को किया समर्पित

### भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

देश के कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे ने शनिवार को सीसीएल, रांची का दौरा किया। रांची आगमन पर बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर बड़ी संख्या में लोगों ने उनका स्वागत किया। इस दौरे में मंत्री ने सबसे पहले बिरसा चौक स्थित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने झारखंड एवं देश के महान क्रांतिकारी भगवान बिरसा मुंडा, एक भारतीय आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी एवं मुंडा जनजाति के लोकनायक को नमन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और राज्य के विकास की कामना की।

केंद्रीय मंत्री सतीश दुबे ने सीसीएल के पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। वहां उन्होंने सीसीएल के महत्वाकांक्षी परियोजना 20 मेगावाट क्षमता के एक सोलर पावर प्लांट का उद्घाटन कर राष्ट्र को समर्पित किया। इस सोलर पावर प्लांट के माध्यम से स्थानीय लोगों को बहुत लाभ मिलेगा। ज्ञात हो कि सोलर पावर, यानि सौर ऊर्जा एक अक्षय ऊर्जा स्रोत है। इसका इस्तेमाल बिजली रहित इलाकों में बिजली पहुंचाने और घरेलू कामों में, जैसे- खाना पकाने इत्यादि में किया जा सकता है। इससे क्षेत्र में वायु प्रदुषण भी कम होगा।

ज्ञात हो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिशानिर्देश पर रिन्यूएबल एनर्जी को बढ़ावा देने की दिशा में यह सोलर प्लांट काफी कारगर साबित होगा। इस दौरान केंद्रीय मंत्री वहां के अधिकारियों एवं हितधारकों से मिले। उन्होंने हितधारकों के समुचित विकास के लिए उचित और बहुमूल्य दिशा निर्देश भी दिए।

इससे पहले, केंद्रीय मंत्री ने सीसीएल के कार्यकलापों का जायजा लिया, जिसमें सीसीएल के सीएमडी, निलेंदु कुमार सिंह एवं निदेशकगण उपस्थित थे। उन्होंने सीसीएल के साथ-साथ सीएमपीडीआई के सीएमडी मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारियों के साथ भी समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान उन्हें सीएमपीडीआई के कार्य-कलापों की विस्तृत जानकारी दी गई।




### केंद्र झारखंड के बहुमुखी विकास के लिए सदैव तत्पर

**रांची।** झारखंड प्रवास पर आए कोयला और खान राज्यमंत्री सतीश चंद्र दुबे ने कहा कि झारखंड राज्य अकूत खनिज संपदा वाला राज्य है और केंद्र सरकार इसके बहुमुखी विकास के लिए सदैव तत्पर है। अपने मंत्रालयों की उपलब्धियों की चर्चा करते हुए मंत्रीजी ने बताया कि झारखंड में कोयला एवं खान मंत्रालय का समस्त तंत्र राज्य के चहुंमुखी विकास में लगा हुआ है। कोयला एवं खान राज्य मंत्री ने झारखंड में मंत्रालय के अंतर्गत आने वाले समस्त संगठनों के कार्य निष्पादन पर प्रसन्नता और गर्व व्यक्त किया और झारखंड के विकास में इनके चहुंमुखी प्रयासों की सराहना की। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि झारखंड तांबा, लौह अयस्क, बॉक्साइट, कोयला, यूरेनियम, चूना पत्थर, मैंगनीज और सोना आदि के पर्याप्त भंडार वाला एक खनिज समृद्ध राज्य है। राज्य में खनिज गवेषण और खनन गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए, एनएमईटी ने खनिज गवेषण की 26 परियोजनाओं को वित्त पोषित किया है।

### झारखंड में मजबूत गठबंधन की आवश्यकता : डी राजा

**रांची।** भाकपा के महासचिव डी राजा ने कहा कि झारखंड में मजबूत महागठबंधन की आवश्यकता है। राज्य में भाकपा गठबंधन के साथ मिलजुल करके चुनाव लड़ना चाहती है। राज्य सरकार को चाहिए कि सभी तरह के छोटी-बड़ी पार्टियों को एक सूत्र में बांधकर एक मजबूत गठबंधन बने ताकि भाजपा को सत्ता मे आने से रोका जा सके। राजा शनिवार को रांची के अलबर्ट एक्का चौक स्थित भाकपा पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में भाजपा का ग्राफ गिर रहा है। लोग भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नाकार रहे हैं। 400 पार का नारा भी खोखला साबित हुआ। गुजरात और महाराष्ट्र में भी भारतीय जनता पार्टी हारने जा रही है। लगातार भाजपा विपक्षी दलों पर हमलावर बनी हुई है। महंगाई, बेकारी, भुखमरी उसके एजेंडे में नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड में चुनाव को देखते हुए बांग्लादेशी घुसपैठियों की मामला उठाया जा रहा है, जबकि सबसे ज्यादा शासन करने वाली पार्टी भाजपा है।

## कांग्रेस की बैठक में तीन राजनीतिक प्रस्ताव पारित

### विस्तारित कार्यसमिति की बैठक में विधानसभा चुनाव पर हुआ मंथन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस की विस्तारित कार्यसमिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में शनिवार को लालगुटवा बैंक्वेट हॉल में हुई। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड के सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का और डॉ श्रीबेला प्रसाद, कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव उपस्थित थे।

बैठक में सभी जिला अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी से आगामी विधानसभा चुनाव के संबंध में फीडबैक लिया गया। साथ ही, आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी के लिए एक रूपरेखा जल्द तैयार करने का निर्णय लिया गया। मौके पर झारखंड के सह प्रभारी सप्तगिरि शंकर उल्का ने कहा कि आप की मेहनत ही आपकी ताकत बनेगी। जनता ने लोकसभा के चुनाव में हमें इतना मजबूत कर दिया है कि केंद्र अब तानाशाही नहीं कर सकती। समय कम है, काम ज्यादा है। कमजोर कड़ी को खोजना है और उसे मजबूत करना



है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा कि संगठन की मजबूती की दृष्टिकोण से जो भी विचार यहां रखा गया है, उस पर अमल होगा। कांग्रेस विधायक दल के नेता और राज्य के मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा कि हम जनता की उम्मीदों को पूरा कर रहे हैं। मंईयां सम्मान योजना सबसे सबल योजना के तहत हम 48 लाख बेटियों को लाभान्वित करने का काम किया आज वो आर्थिक रूप से सबल हो रहीं हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बलमुचू ने बैठक को संबोधित किया। बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि कार्यसमिति में तीन प्रस्ताव पारित किए गए। इनमें जाति जनगणना कराने, राज्य सरकार में पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्रालय का गठन करने, रांची जिला एवं रांची महानगर कांग्रेस कमेटी की तर्ज पर राज्य के वैसे जिले जहां नगर निगम कार्यरत हैं, जैसे जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो चास, गिरिडीह, हजारीबाग, डालटनगंज एवं देवघर में महानगर कांग्रेस कमेटी का गठन किया जाना शामिल हैं। बैठक में सांसद कालीचरण मुंडा, धीरज प्रसाद साहु, विधायक प्रदीप यादव, बादल पत्रलेख, सोनाराम सिंकु, शिल्पी नेहा तिर्की, नमन विक्सल कोंगाड़ी, भूषण बाड़ा, केएन त्रिपाठी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री को करमा पूजा में किया आमंत्रित



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में केंद्रीय सरना समिति के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री को प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने 14 सितंबर को रांची के हरमू स्थित अखड़ा में करमा पूजा महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

इस मौके पर केंद्रीय सरना समिति, भारत के अध्यक्ष नारायण उरांव, उपाध्यक्ष हेमंत गाड़ी, संयुक्त सचिव पंकज टोप्पो, हरमू सरना समिति के अध्यक्ष विक्की कच्छप, केंद्रीय सदस्य लक्ष्मण तिर्की एवं समिति के सदस्य आश्रिती कच्छप, निशि कच्छप, रिमीन कच्छप, अर्शिता उरांव, कोमल उरांव, संजय उरांव, अनमोल खलखो, जयश्री उरांव, प्रवीण उरांव आदि उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स



### मुख्यमंत्री से मिलीं फेमिना मिस इंडिया झारखंड की विजेता रिया

**रांची।** मुख्यमंत्री से फेमिना मिस इंडिया झारखंड-2024 की विजेता रिया नंदिनी ने शिष्टाचार मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि वह फेमिना मिस इंडिया-2024 में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेंगी। मुख्यमंत्री ने रिया को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी एवं आगामी प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की बेटियां हर मुकाम पर आगे बढ़ें। इसमें राज्य सरकार पूरा सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में रिया नंदिनी के पिता नवल किशोर प्रसाद, माता संगीता, भाई ऋषि राज, शिक्षक वसीम आलम और सामाजिक कार्यकर्ता आशुतोष द्विवेदी शामिल थे। उल्लेखनीय है कि रांची की रहने वाली रिया नंदनी कोलकाता में आयोजित फेमिना मिस इंडिया झारखंड-2024 चुनी गईं। वे अब मुंबई में फेमिना मिस इंडिया-2024 के डायमंड जुबली एडिशन के ग्रैंड फिनाले में हिस्सा लेंगी।

### जदयू प्रदेश कार्यसमिति की बैठक कल

**रांची।** जदयू प्रदेश कार्यसमिति की एक दिवसीय बैठक नौ सितंबर को होगी। बैठक में जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद खीरू महतो करेंगे। इस संबंध में शनिवार को पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने कहा कि प्रदेश जदयू के प्रभारी और बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य मंत्री डॉ अशोक चौधरी, बिहार सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, प्रदेश जदयू के सह प्रभारी और बिहार विधान परिषद सदस्य विजय कुमार सिंह, सह प्रभारी और बेलहर के विधायक मनोज यादव भी बैठक में शामिल होंगे। जदयू के सभी प्रदेश पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, जिला, नगर अध्यक्ष इस दौरान उपस्थित रहेंगे। विधानसभा चुनाव के मद्देनजर यह बैठक अति महत्वपूर्ण होगी। बैठक में शामिल होने के लिए प्रदेश जदयू प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री डॉ अशोक चौधरी एक दिन पूर्व आठ सितंबर को दिन के 12:40 बजे रांची पहुंचेंगे। वह यहां कार्यकताओं और पार्टी पदाधिकारियों से मुलाकात कर उन्हें दिशा-निर्देश देंगे।

### कनहर बराज प्रोजेक्ट रिपोर्ट को फाइनल कर कब केंद्र सरकार को भेजेंगे : हाई कोर्ट

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक पूछा कि पलामू एवं गढ़वा में किसानों के खेतों को कब तक पानी मिलेगा? प्रस्तावित कनहर बराज प्रोजेक्ट रिपोर्ट को फाइनल कर कब तक केंद्र सरकार को भेजेंगे, ताकि फंडिंग हो सके। हाई कोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार द्वारा कनहर प्रोजेक्ट के लिए और आठ साल मांगे जाने संबंधी शपथ पत्र को खारिज करते हुए कहा कि राज्य सरकार जल्द से जल्द कनहर बराज प्रोजेक्ट के एनवायरमेंटल क्लीयरेंस, फॉरेस्ट क्लीयरेंस, जमीन अधिग्रहण आदि कार्यों को निष्पादित करे, जिससे केंद्र सरकार से फंड मिल सके।

**मजदूर अंदोलन में रचनात्मक संघर्ष का एक नया इतिहास समय की शिला पर उकेरा**

## राणा संग्राम सिंह ने जीवन भर किया श्रमिकों के लिए संघर्ष



फाइल फोटो

**स्मृति शेष**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मजदूर अंदोलन के महान पुरोधा 96 वर्षीय राणा संग्राम सिंह का शनिवार को निधन हो गया। वे हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) के सबसे पुराने मजदूर नेता और इंटक के जाने-माने राष्ट्रीय वरीय सचिव थे। उन्होंने संयुक्त बिहार में श्रमिक आंदोलन में रचनात्मक संघर्ष का एक नया इतिहास समय की शिला पर उकेरा था। अपने नाम के अनुरूप वे जीवन भर श्रमिकों और दबे-कुचलों के लिए संघर्षरत रहे।

हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के संयुक्त महामंत्री लीलाधर सिंह ने राणा संग्राम सिंह के निधन पर शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राणा संग्राम सिंह के निधन के साथ मजदूर आंदोलन के एक युग की समाप्ति हो गई। उन्होंने कहा कि उनकी आखिरी इच्छा थी कि एचईसी का एक बार फिर से पुनरुद्धार करें।

राणा संग्राम सिंह का जन्म कैमूर जिले के मोहनिया के पास बसंतपुर में हुआ था। सिंह ने 1956 में रांची के ठाकुर गांव से ग्रामीण विकास पदाधिकारी के रूप में करियर की शुरूआत की थी। उन्होंने 1960 में एचईसी ज्वॉइन किया था। इसके बाद 1962 में हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन (एचईसी द्वारा मान्यता प्राप्त यूनियन) में उपाध्यक्ष चुने गए थे। वर्ष 1969 में राणा संग्राम सिंह हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के महामंत्री निर्वाचित हुए थे। उन्होंने एचईसी कर्मी के लिए छोटे-बड़े कुल 80 समझौते किए। इनमें एक 1971 का प्रसिद्ध त्रिपक्षीय समझौता भी शामिल है। इस समझौते से सभी वर्ग के कर्मचारी लाभान्वित हुए थे। राणा संग्राम सिंह ने दो बार एचईसी का पुनरुद्धार भी कराया। एक बार बीआईएफआर से और दूसरी बार झारखंड हाईकोर्ट से।

राणा संग्राम सिंह एचईसी के अलावा बासल पतरातु, एसबीएल रांची, एसएनएल रांची, मेरिन डीजल इंजन प्लांट रांची और इंडियन एक्सप्लोसिव कर्मचारी यूनियन गोमिया के भी अध्यक्ष रहे थे। इसके अलावा, वे बिहार प्रदेश कांग्रेस लेबर सेल और झारखंड प्रदेश कांग्रेस लेबर सेल के अध्यक्ष के साथ-साथ झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष भी रहे। उन्होंने इंटक के राष्ट्रीय वरीय सचिव, झारखंड प्रदेश इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष और इंडियन नेशनल मेटल वर्कर्स फेडरेशन के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी काम किया है।

## मांगों पर सहमति के बाद सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन समाप्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी के मोरहाबादी मैदान में सहायक पुलिसकर्मियों का आंदोलन समाप्त हो गया है। सहायक पुलिसकर्मी विभिन्न मांगों को लेकर दो जुलाई से धरने पर बैठे थे। उनका आंदोल शुक्रवार की देर रात समाप्त हुआ। झारखंड सहायक पुलिस प्रदेश संगठन के अध्यक्ष अविनाश द्विवेदी और सचिव विवेकानंद गुप्ता ने शनिवार को बताया कि झारखंड सरकार ने हमारी कई मांगों पर सहमति जताते हुए उसे कैबिनेट से पास कर दिया है। इसके बाद हमलोगों ने अपना आंदोलन 67वें दिन समाप्त करने की घोषणा की है। कैबिनेट के फैसले के अनुसार, अब सहायक पुलिसकर्मियों को 13 हजार रुपये वेतन मिलेगा। सरकार की ओर से वर्दी भत्ते के रूप में उन्हें चार हजार रुपये दिया जाएगा। साथ ही, सहायक पुलिसकर्मी भी अब अवकाश ले सकेंगे। विवेकानंद ने कहा कि मुख्यमंत्री का आभार जताकर हम सभी पुलिसकर्मी अपने-अपने जिले लौट जाएंगे।



**इन पांच मुख्य बिंदुओं पर बनी सहमति**

- मानदेय में 30 फीसदी की बढ़ोतरी।
- एक साल का अवधि विस्तार।
- होमगार्ड और वन आरक्षी की बहाली रिजर्वेशन पर।
- सिपाही की तर्ज पर मिलेगी छुट्टी।
- सिपाही की तरह सालाना 4 हजार रुपये भत्ता मिलेगा।

उल्लेखनीय है कि झारखंड पुलिस में समायोजन की मांग को लेकर मोरहाबादी मैदान में धरना दे रहे सहायक पुलिसकर्मी 19 जुलाई को मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने निकले थे। इस दौरान उनपर झारखंड पुलिस ने लाठीचार्ज किया था। सहायक पुलिसकर्मियों की बहाली दस हजार रुपये के मानदेय पर राज्य के 12 जिले गढ़वा, पलामू, लातेहार, चतरा, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, खूंटी, पूर्वी व पश्चिमी सिंहभूम, दुमका और गिरिडीह में हुआ था।

## पृष्ठ एक के शेष

**देश का पहला राज्य जहां...**

लेकर मुख्यमंत्री आवास जश्न मनाने पहुंच रहें है। राज्य सरकार के पदाधिकारी आमजनों के घरों तक पहुंचकर उनकी समस्याओं का समाधान कर रहें हैं। सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को पंचायत-पंचायत, गांव-गांव, घर-घर पहुंचाया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर एवं विभिन्न जिलों से आए सहायक पुलिस कर्मियों में विवेकानंद प्रसाद गुप्ता, राजकुमार पासवान, अविनाश कुमार, उज्जवल कुमार, सोनाली हेंब्रम, मगडाल बागे, शांति मुंडा, उमेश मुंडारी, राजेंद्र हांसदा, शाहदेव भगत, सावन मुंडा, स्मिता कुमारी, देवकी बालमुचू, पवन लीला किस्कू, रविंद्र साहू सहित अन्य सहायक पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

**18 से 5 हो सकता है स्वास्थ्य...**

लिखकर मध्यम और निम्न आय वर्ग के पॉलिसीधारकों के लिए स्वास्थ्य बीमा पर 18 फीसदी जीएसटी दर में कटौती की मांग की।

**सरकारी खजाने पर 6.5 से 35 अरब का बोझ पड़ने की संभावना :** वित्तीय सेवाओं के विभाग के स्वास्थ्य और जीवन बीमा पर मौजूदा जीएसटी कर की दर घटाने के अनुरोध के बाद जीएसटी परिषद के द्वारा नामित केंद्र और राज्यों के राजस्व अधिकारियों वाली फिटमेंट समिति ने इसका विस्तृत विश्लेषण किया है। फिटमेंट समिति इस बारे में अपनी विस्तृत रिपोर्ट 9 सितंबर को होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक में सौंप सकती है। इससे सरकारी खजाने पर 6.5 अरब रुपये से 35 अरब रुपये तक का बोझ पड़ने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि बजट सत्र के दौरान 7 अगस्त को वित्त विधेयक 2024 में संशोधन पर चर्चा का जवाब देते हुए वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा था कि मैं यहां दो महत्त्वपूर्ण बिंदुओं का उल्लेख करना चाहती हूं। उन्होंने कहा था कि स्वास्थ्य बीमा पर जीएसटी के लागू होने से पहले भी कर लगता था। यह कोई नया मुद्दा नहीं है, सभी राज्यों में यह पहले से ही था।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER

SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi

Contact No. : 9199533383, 7903835453

Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm

Sunday : 9 am to 2 pm

E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## 10 दिन के ऑपरेशन के बाद इजरायली सेना जेनिन से हटी

**रामल्लाह।** फिलिस्तीन और इजरायल के सूत्रों की मानें तो इजरायली सेना 10 दिनों के ऑपरेशन के बाद जेनिन के वेस्ट बैंक शहर से हट गई, जहां ऑपरेशन के दौरान 21 लोगों के मारे जाने का दावा किया गया था। हालांकि, इजरायल के मुताबिक ऑपरेशन अभी खत्म नहीं हुआ है। वो जल्द ही जेनिन और अन्य स्थानों पर वापस लौटेंगे। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि ऑपरेशन के दौरान, इजरायली बलों ने बुनियादी ढांचे और आवासीय भवनों को काफी नुकसान पहुंचाया, जिससे शहर के बड़े इलाकों में बिजली, संचार और इंटरनेट ठप्प हो गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, प्रारंभिक क्षति के आकलन के अनुसार, फिलिस्तीनी नागरिक सुरक्षा ने घोषणा की कि जेनिन शहर और उसके शिविर में 25 किमी से अधिक सड़कें सेना के ऑपरेशन से पूरी तरह नष्ट हो गई।

## सिडनी के पास दर्ज किया गया 4.5 तीव्रता का भूकंप

**सिडनी ।** सिडनी के उत्तर-पश्चिम में शनिवार की सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 4.5 दर्ज की गई, जिससे हजारों लोगों के घरों की बिजली गुल हो गई। सिन्हुआ समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, भूकंप विज्ञान अनुसंधान केंद्र ने सिडनी से लगभग 170 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में, न्यू साउथ वेल्स राज्य के अपर हंटर क्षेत्र में, मुसवेलब्रुक शहर के पास भूकंप दर्ज किया। स्थानीय समयानुसार यह भूकंप सुबह 5:58 बजे आया। जियोसाइंस ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि भूकंप पांच किलोमीटर की गहराई पर आया था और लोगों ने सिडनी में इसे महसूस किया। नाइन एंटरटेनमेंट अखबार के अनुसार, भूकंप के बाद मुसवेलब्रुक और उसके आसपास के 2,748 घरों और अन्य स्थानों में लोगों को बिजली कटौती की समस्या से जूझना पड़ा।

## अफ्रीका सीडीसी ने बढ़ते एमपॉक्स मामलों की चेतावनी दी

**किंशासा/अदीस अबाबा।** अफ्रीका में एमपॉक्स के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अफ्रीका सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (अफ्रीका सीडीसी) ने विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के साथ एक संयुक्त महाद्वीपीय प्रतिक्रिया योजना शुरू करते हुए चेतावनी दी है। सितंबर 2024 से फरवरी 2025 तक चलने वाली छह महीने की योजना का अनुमानित बजट लगभग 600 मिलियन डॉलर है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें से 55 प्रतिशत राशि प्रभावित देशों में एमपॉक्स की रोकथाम प्रयासों के लिए आवंटित की गई है, जबकि शेष 45 प्रतिशत को भागीदार संगठनों के माध्यम से परिचालन और तकनीकी सहायता के लिए निर्देशित किया गया है।

# आईआईटी बॉम्बे को R&D के लिए मिला 700 करोड़ का फंड

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) बॉम्बे ने 2023-24 में अनुसंधान और विकास के लिए वार्षिक अनुदान के रूप में रिकॉर्ड 700 करोड़ रुपये हासिल किए हैं। पिछले तीन वर्षों में प्राप्त यह सबसे अधिक धनराशि है। 2022-23 में संस्थान को 576 करोड़ रुपये और 2021-22 में 502 करोड़ रुपये मिले थे। आरएंडडी फंड सरकारी और गैर-सरकारी एजेंसियों से प्राप्त राशि का संयोजन है। निजी एजेंसियों से प्राप्त धन अनुदान राशि का 35 प्रतिशत होता है, जबकि शेष सरकारी एजेंसियों द्वारा दिया जाता है। संस्थान ने एक बयान में कहा, आईआईटी बॉम्बे ने अपने अनुसंधान एवं विकास को तकनीकी आत्मनिर्भरता हासिल करने के राष्ट्रीय लक्ष्य के साथ जोड़ने के लिए ठोस प्रयास किए हैं। संस्थान ने विभिन्न शैक्षणिक इकाइयों के शोधकतार्ओं को शामिल करते हुए जटिल समस्याओं को समग्र तरीके से हल करने के लिए कई बड़े बहु-विषयक अनुसंधान केंद्र स्थापित किए हैं। इसमें छात्र और संकाय सदस्य विज्ञान, इंजीनियरिंग, डिजाइन, प्रबंधन और मानविकी के सभी क्षेत्रों में अनुसंधान परियोजनाएं संचालित करते हैं।

संस्थान ने बताया, विज्ञान, इंजीनियरिंग, प्रबंधन, डिजाइन और सामाजिक विज्ञान के सभी क्षेत्रों में हर साल नई अनुसंधान एवं विकास परियोजनाएं शुरू की जाती हैं, जिनमें अल्पकालिक परामर्श और दीर्घकालिक प्रायोजित अनुसंधान दोनों शामिल हैं। परियोजनाओं की अवधि आम तौर पर 2-5 साल तक होती है।

### 151.8 करोड़ रुपये से ड्रोन मिशन परियोजना




इस अनुदान का उपयोग तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा महाराष्ट्र ड्रोन मिशन जैसी परियोजनाओं को शुरू करने के लिए करेगा। स्वदेशी प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देने और ड्रोन प्रौद्योगिकी में महाराष्ट्र को वर्ल्ड लीडर के रूप में स्थापित करने के लिए, विभाग ने 151.8 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ एक परियोजना को वित्त पोषित किया। संस्थान वस्त्र मंत्रालय के लिए एक परियोजना वस्त्र-आधारित कंपोजिट का उपयोग करके हाइड्रोजन प्रेशर वेसल निर्माण का विकास करने के लिए भी काम कर रही है। आईआईटी-बॉम्बे क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2025 में दुनिया के शीर्ष 150 विश्वविद्यालयों में शामिल है।

**₹576** करोड़ **संस्थान** को मिले थे 2022-23 में

**₹502** करोड़ मिले थे संस्थान को वित्तीय वर्ष **2021-22** में

**भारत जोड़ो यात्रा** की दूसरी वर्षगांठ

# इसने मुझे मौन की खूबसूरती के बारे में सिखाया : राहुल गांधी

145 दिनों में, और तब से दो सालों तक, मैंने अलग-अलग पृष्ठभूमि के लोगों को सुना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस लीडर और सदन में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर एक्स पर एक वीडियो शेयर करते हुए यात्रा के अपने अनुभव को साझा किया है। राहुल गांधी ने इसको भारत माता का सच्चा प्रतिनिधि भी बताया। राहुल गांधी ने वीडियो के बारे में पोस्ट के जरिए लिखा, भारत जोड़ो यात्रा ने मुझे मौन की खूबसूरती के बारे में सिखाया है। जयकारों और नारों के बीच, मैंने शोर को नजरअंदाज कर बगल में बैठे व्यक्ति पर ध्यान केंद्रित करने की शक्ति पाई। इन 145 दिनों में, और तब से दो सालों तक, मैंने अलग-अलग पृष्ठभूमियों से आए हजारों भारतीयों को सुना। हर आवाज में कोई न कोई ज्ञान था, जिसने मुझे कुछ नया सिखाया, और हर आवाज हमारी प्यारी भारत माता का प्रतिनिधित्व कर रही थी।

यात्रा ने यह साबित किया कि भारतीय लोग स्वभाव से ही प्रेम करने वाले हैं। जब मैंने इस यात्रा की शुरूआत की, तो मैंने कहा था कि प्रेम नफरत पर जीत हासिल करेगा और उम्मीद डर को मात देगी। आज भी हमारा मिशन वही है - यह सुनिश्चित करना कि भारत माता की आवाज, प्रेम की आवाज, हमारे प्यारे देश के हर कोने तक पहुंचे।

### संविधान और लोकतंत्र को संजोए रखने का संघर्ष जारी रखें



इसके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी एक्स पर लिखा कि भारत जोड़ो यात्रा एक ऐतिहासिक जन-आंदोलन है, जो समाज को एकजुट करने का पर्याय बन गया है। राहुल गांधी और हमारे भारत जोड़ो यात्रियों ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल जो दूरी तय की, उससे करोड़ों लोगों के दिलों में प्रेमभाव, आपसी सौहार्द और बंधुत्व की अभूतपूर्व जन-चेतना जागृत हुई। भारत जोड़ो यात्रा की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर मैं देशवासियों से केवल इतनी ही अपील करता हूं कि संविधान और लोकतंत्र को संजोए रखने का संघर्ष जारी रखें।

## सीआरपीएफ- सेवानिवृति के 15 साल बाद पेंशन से छूट की मांग

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स (सीआरपीएफ) में जवानों की संख्या 3 लाख से ज्यादा है।भारत सरकार के सीएपीएफ', 'भारत संघ के सशस्त्र बल' जिसमें रक्षा से जुड़े सभी बल आते हैं की संख्या लगभग 11 लाख है। सीआरपीएफ को मिलिट्री जैसे पेंशन का प्रावधान नहीं है जबकि ड्यूटी लगभग एक जैसी है।

मोदी सरकार की नई यूपीएस 'यूनिफाइड पेंशन स्कीम' में वीआरएस लेने की आयु और पेंशन मिलने की आयु को लेकर जो नियम हैं, उससे केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के जवानों में असंतोष है। उनकी मांग है कि वीआरएस के लिए सेवा अवधि को बीस वर्ष किया जाए, और बीस वर्ष की सेवा के बाद जब वे वीआरएस लें, तभी उनकी फुल पेंशन प्रारंभ हो। इसी तरह से इस नई पेंशन योजना 'यूनिफाइड पेंशनस्कीम' (यूपीएस) पर केंद्र एवं राज्यों के कई कर्मचारी संगठन भी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। अब केंद्रीय अर्द्धसैनिक बलों के जवान भी सामने आ गये हैं। क्योंकि उन्हें तो ओपीएस भी नहीं मिलती है। 'पुरानी पेंशन बहाली' का केस सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है।इनके मामले में दिल्ली हाई कोर्ट ने इन बलों को 'भारत संघ के सशस्त्र बल' मानकर ओपीएस में शामिल करने के लिए कहा था, लेकिन केंद्र सरकार इस फैसले के विरूद्ध सुप्रीम कोर्ट चली गई है। इस बीच सरकार ने नयी पेंशन योजना ला दी। अब यूपीएस के प्रावधानों से इन बलों के जवानों के लिए और भी मुश्किल हालात हो गये हैं। अर्द्धसैनिक बलों में सिपाही 'जीडी' के लिए ज्यादातर नियुक्तियां 18 से 20 वर्ष की आयु में हो जाती हैं। यूपीएस के तहत उन्हें अब 25 साल की सेवा में वीआरएस मिलेगी। यदि वे 45 साल की आयु में वीआरएस लेते हैं तो उनकी मासिक पेंशन 60 वर्ष की आयु में शुरू होगी जिससे ये छूट चाहते हैं ।

## जहर के लिए अपनी जान जोखिम में डाल रहे लोग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के यूनिवर्सिटी रिसर्चर्स की टीम रेगिस्तान की चिलचिलाती गर्मी, सांपों के काटने का खतरा, और काले मोटे बिच्छुओं के झुंड के बीच दुनिया का जहरीला लिक्विड तलाश रही है। रिसर्चर्स का कहना है कि बिच्छू का जहर दुनिया का सबसे बेशकीमती तरल पदार्थ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इसकी कीमत करोड़ों डॉलर में है, क्योंकि ये दुर्लभ जहर बिक्री के लिए नहीं, मेडिकल रिसर्च के लिए है।

**एजुकेशन/करियर**

किसी देश के लिए विदेशी करेंसी पाने के लिए ट्रेवल एंड टूरिज्म का क्षेत्र सबसे बेहतर माना जाता है। इसके अलावा पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा रोजगार भी इसी क्षेत्र में हैं। इस फील्ड की वजह से लाखों लोग ट्रेवल एंड टूरिज्म इंडस्ट्री से जुड़े हुए हैं। विश्व पर्यटन संगठन की नवीनतम रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण एशिया आने वाले कुल पर्यटकों में से लगभग 50 प्रतिशत पर्यटक भारत आते हैं। इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस क्षेत्र में रोजगार की कितनी ज्यादा संभावनाएं हैं। इस इंडस्ट्री में सरकारी पर्यटन विभाग, इमिग्रेशन एंड कस्टम, ट्रेवल एजेंसीज, एयरलाइंस, टूर ऑपरेटर, होटल, एयरलाइन, कैटरिंग, गाइड, दुभाषिए, टूरिज्म प्रमोशन एवं सेल्स जैसी सेवाएं शामिल होती हैं। ट्रेवल एंड टूरिज्म इंडस्ट्री से अंतरराष्ट्रीय स्तर के टूर ऑपरेटर से लेकर निजी ट्रेवल एजेंट तक जुड़े होते हैं।

### यात्रा और पर्यटन के प्रकार

- **आउटबाउंड टूरिज्म:** इसका तात्पर्य अपने देश के बाहर किसी स्थान की यात्रा करना है। उदाहरण के लिए, भारतीय पर्यटन के दृष्टिकोण से, भारत से यूके जाना।
- **इनबाउंड टूरिज्म:** यह तब होता है जब दूसरे देश के लोग आपके देश में आते हैं। उदाहरण के लिए, भारतीय पर्यटन के दृष्टिकोण से, कनाडा से भारत आना।
- **घरेलू पर्यटन:** जैसा कि नाम से पता चलता है, यह स्वदेश के भीतर एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा करने वाले लोगों को संदर्भित करता है। उदाहरण के लिए, भारतीय पर्यटन के दृष्टिकोण से, दिल्ली से मुंबई जाना।

### स्किल्स की लिस्ट

- एक्सीलेंट कम्युनिकेशन स्किल्स
- स्ट्रांग इंटरपर्सनल स्किल्स
- वेल ग्रूम्ड पर्सनालिटी
- डिलिजेंस
- फ्लेक्सिबिलिटी
- एडमिनिस्ट्रेशन एंड मैनेजरियल स्किल्स
- रिसर्च और प्लानिंग स्किल्स
- प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल्स



# ट्रेवल एंड टूरिज्म : पढ़ें, घूमें और बेहतर करियर भी बनाएं

### विदेशी विश्वविद्यालय

- एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी
- मर्डोक यूनिवर्सिटी
- एडिलेड यूनिवर्सिटी
- सेंटेनियल कॉलेज
- ऑकलैंड इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- ड्रेक्सेल यूनिवर्सिटी
- फ्लोरिडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी
- इंडियाना यूनिवर्सिटी
- पर्ड्यू यूनिवर्सिटी
- लंदन मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी
- सॉलेंट यूनिवर्सिटी
- डर्बी यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी कॉलेज बर्मिंघम
- पन्नोनिया यूनिवर्सिटी
- अमेरिकन यूनिवर्सिटी ऑफ रोम

**ट्रेवल** एंड टूरिज्म एक ऐसा फील्ड है जिसमें कई और फील्ड जुड़ जाते हैं और इसे बड़ा करियर विकल्प बना देते हैं। जॉब्स के नजरिए से इस फील्ड में होटल मैनेजमेंट, क्रूस इंडस्ट्री और एविएशन जैसे विकल्प जुड़ते हैं और इसे ज्यादा लाभकारी करियर बना देते हैं। ये एक ऐसी फील्ड है, जो आपके स्किल्स को पॉलिश तो करती ही है, लगातार नए स्किल सिखाने का काम भी इसमें होता रहता है। इन सबके लिए आपको खुद को तैयार भी करना होता है क्योंकि सबके लिए हमेशा नया सीखते रहना आसान बिलकुल नहीं होता है। इस फील्ड की अहमियत ऐसे भी समझी जा सकती है कि वर्ल्ड ट्रेवल एंड टूरिज्म काउंसिल (डब्ल्यूटीटीसी) ने भारत में भी इसके बढ़ते कदमों को माना है। काउंसिल का मानना है कि भारत की आर्थिक स्थिति में टूरिज्म का बड़ा रोल है और समय के साथ ये बढ़ ही रहा है।

**ट्रेवल** एंड टूरिज्म ऐसी इंडस्ट्री भी है, जो नई तकनीक की वजह से और उसके साथ भी लगातार आगे बढ़ रही है। नई तकनीक जिसके साथ टिकट बुकिंग, टूर बजट की प्लानिंग और ट्रेवल से जुड़े दूसरे काम कुछ क्लिक पर ही हो जाते हैं। अब हम आपको ट्रेवल एंड टूरिज्म की फील्ड से जुड़ी बेस्ट जॉब्स के बारे में विस्तृत तरीके से बताएंगे-

**एविएशन :** ट्रेवल एंड टूरिज्म की फील्ड से जुड़ा सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला क्षेत्र है एविएशन। इस क्षेत्र में काम करते हुए आपको काम के साथ घूमने का मौका भी बराबरी से मिलता है। इतना ही नहीं हवाई यातायात लाखों लोगों को सामाजिक व्यापार से जुड़ने का मौका भी देता है

### ट्रेवल एंड टूरिज्म में जॉब्स

और इसकी वजह से टूरिज्म इंडस्ट्री को खूब बढ़ावा मिलता है। इस क्षेत्र में कई सारे मौके मिलते हैं जैसे टिकटिंग एम्प्लॉई से लेकर ग्राउंड क्रू तक। विकल्प और भी हैं, जान लीजिए-

**एयरलाइन ग्राउंड ऑपरेशन्स**

- एयर टिकटिंग
- केबिन क्रू
- एयरपोर्ट मैनेजमेंट
- स्टयूवर्ड/एयर होस्टजेज
- कस्टमर सपोर्ट
- फाइट इस्कोर्ट

**फोरेन एक्स्चेंज या सेल्स एडमिनिस्ट्रेशन पेट्रोन सुपरविजन**

- इन फ्लाइट असिस्टेंट एंड डिफेंस
- इटिनरी एडमिनिस्ट्रेशन
- वोएजर हैंडलिंग
- सुपीरियर ट्रेवल मेंटर
- टूर डेस्क मैनेजर

**ट्रैवल एक्जीक्यूटिव**

**ट्रेवल एजेंट :** इस जॉब में हर शख्स को मैनेजमेंट और बजटिंग का खास ख्याल रखना होता है ताकि यात्रियों की ट्रिप बेहतरीन तरीके से प्लान की जा सके। जैसे ट्रेवल एजेंट बजट और टूर पैकेज ऐसे प्लान करते हैं कि यात्री को कम से कम निवेश में अच्छी से अच्छी ट्रिप मिल सके। ट्रैवल एजेंट रिसॉर्ट और वेकेशन पैकेज कस्टमर के हिसाब से चुनते हैं। एजेंट को डेस्टिनेशन की भी अच्छी जानकारी होनी चाहिए। साथ में टाइम मैनेजमेंट और बजट को बैलेंस करने के स्किल्स भी खूब काम आते हैं।

**एक्जिक्यूटिव शेफ :** खाना बनाना और ट्रेवलिंग, दोनों ही आपकी पसंद हैं तो शेफ का करियर भी आप चुन सकते हैं। आप इसके लिए दुनिया भर के जाने-माने संस्थानों से कलिनेरी आर्ट्स में डिग्री ले सकते हैं। कलिनेरी इंस्टीट्यूट ऑफ अमेरिका, इंस्टीट्यूट ऑफ कालिनेरी एजुकेशन जैसे संस्थान इसमें आपकी मदद करेंगे। एक्जिक्यूटिव शेव किचन सुपरविजन का काम करते हैं और किचन से जुड़े निर्णय भी लेते हैं। अंतरराष्ट्रीय शेफ के तौर पर काम करते हुए आप पूरी दुनिया घूम सकते हैं और हर जगह के कूजीन के बारे में भी जान सकते हैं। ट्रेवल एंड टूरिज्म के सबसे क्रिएटिव और डिमांडिंग जॉब माने जाने वाले एक्जिक्यूटिव शेफ के करियर में आपको खाने के साथ खूब सारे प्रयोग करने होंगे। फिर इन्हें रोचक तरीके से सर्व करने के तरीकों पर भी ध्यान देना होगा।

**होटल मैनेजमेंट :** होटल और हॉस्पिटेलिटी इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है और इसमें मौके भी खूब मिल रहे हैं। होटल मैनेजमेंट के करियर में बहुत कुछ शामिल है जैसे होटल एथिक्स, मैनेजमेंट, ऑपेरेशन्स, फाइनेंशियल मार्केटिंग। इन सबका ध्यान सिर्फ और सिर्फ यात्रियों की सुविधा के लिए रखा जाता है। इस क्षेत्र में आपको कई रोल निभाने होंगे जैसे फ्रंट डेस्क और कान्सीएर्श.सर्विसेज। आपके पास प्रॉब्लम सॉलविंग योग्यता है और कॉम्यूनिकेशन स्किल भी तो ये फील्ड आपके लिए ही है।

**क्रूज शिप डायरेक्टर :** क्रूज शिप डायरेक्टर शिप के एडमिनिस्ट्रेटर की तरह काम करता है। शिप के 'ऑन बोर्ड इवेंट' होने पर आयोजित होने वाले किसी भी तरह के इवेंट की जिम्मेदारी उन्हीं की होती है। क्रूज शिप पर डायरेक्टर होते हुए उम्मीदवार को 136000 डॉलर प्रति वर्ष तक की कमाई हो सकती है। क्रूज डायरेक्टर क्रूज शिप का वो चेहरा होता है, जिसका चेहरा आमतौर पर नजर नहीं आता है। डायरेक्टर शिप पर होने वाले खास मौकों पर ही सामने आते हैं। कुछ जगहों पर इस काम के लिए बैचलर डिग्री की मांग की जाती है। इस काम में पुराना अनुभव भी मांगा जा सकता है। कुछ साल तक होटल में काम करने का अनुभाव भी कई दफा काम आ जाता है।

**पीआर मैनेजर :** पी आर मैनेजर का काम कंपनी की छवि को बेहतर करते जाना होता है। इसके लिए उम्मीदवार को ऐसी रण नीतियां बनानी होती हैं कि कंपनी की छवि और ब्रांड अच्छे से स्थापित होता जाए। इस काम में उम्मीदवार को कंपनी के प्रवक्ता के तौर पर भी काम करना होता है। जिम्मेदारियां निभाते हुए आपको दुनिया घूमने का भी मौका मिलता है ताकि आप ब्रांड को प्रमोट कर सकें। पब्लिक रिलेशन में करियर बनाने के लिए आपको मार्केटिंग, मीडिया रिलेशंस, सोशल मीडिया और ब्रांड मैनेजमेंट जैसे क्षेत्रों की अच्छी जानकारी होनी चाहिए।

### कोर्स

- बैचलर ऑफ टूरिज्म एडमिनिस्ट्रेशन
- बैचलर ऑफ टूरिज्म स्टडीज
- बैचलर डिग्री इन ट्रैवल एन्ड टूरिज्म (बीए/बीएससी आदि)
- सर्टिफिकेट इन ट्रेवल मैनेजमेंट
- सर्टिफिकेट कोर्स इन टूरिस्ट गाइड
- मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन इन टूरिज्म एंड हॉस्पिटलिटी मैनेजमेंट
- एमए इन टूरिज्म मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन ट्रैवल मैनेजमेंट एंड एयरपोर्ट मैनेजमेंट
- एमबीए इन ट्रैवल एंड टूरिज्म मैनेजमेंट

### भारतीय संस्थान

- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पिटैलिटी एंड मैनेजमेंट - ठाणे
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज़्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट- ग्वालियर
- क्राइस्ट यूनिवर्सिटी - बैंगलोर
- जामिया मिलिया इस्लामिया, नई दिल्ली
- टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, मुंबई
- एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रैवल एंड टूरिज्म - नोएडा
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज़्म एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट - हैदराबाद
- केरल इंस्टीट्यूट ऑफ ट्रेवल एंड टूरिज़्म मैनेजमेंट
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज़्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट-भुवनेश्वर
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज़्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट- नोएडा
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज़्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट- गोवा
- इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टूरिज़्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट - नेल्लोर